भोपाल

गुरुवार, 24 जुलाई 2025

श्रावण मास कृष्ण पक्ष–अमावस

वर्ष : 12, अंक : 114

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **


मौसम

अधि. 27

न्यून. 23


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### तत्काल टिकट और चार्ट टाइमिंग के बाद रेलवे ने बदला वीआईपी कोटा नियम

# ट्रेन के प्रस्थान से 'एक दिन पहले' ही वीआईपी कोटे का करना होगा आवेदन

**रविवार या उसके बाद छुट्टियों वाले दिन के वीआईपी कोटा भी पिछले कार्य दिवस के कार्यालय समय के दौरान ही मान्य किए जाएंगे**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

काम की खबर

रेलवे मंत्रालय ने चार्ट तैयार करने और तत्काल टिकट बुकिंग प्रक्रिया में बदलाव करने के बाद अब आपातकालीन कोटे के समय में भी बदलाव कर दिया गया है। रेल मंत्रालय कहना है कि यात्रियों को ट्रेन के प्रस्थान से कम से कम एक दिन पहले आपातकालीन कोटे के आवेदन करना होगा। रेल मंत्रालय की ओर से इमरजेंसी कोटा के नियमों में बदलाव से संबंधित एक परिपत्र को जारी किया गया है। इस परिपत्र में कहा गया है कि रात 12 बजे के बाद दिन के 1 बजे के बीच रवाना होने वाली सभी ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटा अनुरोध यात्रा के एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक ईक्यू सेल तक पहुंच जाना चाहिए, जबकि दोपहर 2 बजे से रात 12 बजे के बीच रवाना होने वाली शेष सभी ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटा अनुरोध यात्रा के एक दिन पहले 4 बजे तक ईक्यू सेल तक पहुंच जाना चाहिए। ट्रेन के प्रस्थान के दिन प्राप्त होने वाले अनुरोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## ट्रेन रवाना होने से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट बनेगा




रेलवे की ओर से इमरजेंसी कोटा टिकट के नियमों में ये बदलाव हाल ही में लिए गए उस फैसले के मद्देनजर लिया गया है, जिसमें ट्रेन रवाना होने से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का फैसला किया गया है। नए नियम के अनुसार सुबह पांच बजे से दोपहर दो बजे के बीच रवाना वाली ट्रेन का पहला चार्ट एक दिन पहले रात को 9 बजे तक तैयार हो जाएगा। इसी तरह से दोपहर दो बजे से रात 11:59 बजे तथा रात 12 बजे से सुबह पांच बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए, पहला आरक्षण चार्ट आठ 8 घंटे पहले तैयार किया जाएगा।

### अहमदाबाद में हादसा होते-होते बचा




## इंडिगो विमान के इंजन में अचानक लग गई आग

**पायलट ने दी 'मेडे' कॉल** » **विमान में 60 यात्री थे**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अहमदाबाद में इंडिगो की दीव जाने वाली फ्लाइट के इंजन में टेकऑफ के दौरान आग लग गई। विमान में 60 यात्री थे। पायलट ने तुरंत एटीसी को मेडे कॉल किया और टेकऑफ रोक दिया। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया और फ्लाइट रद्द कर दी गई। इंडिगो के प्रवक्ता ने तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट रद्द करने की बात कही। यह फ्लाइट एटीआर 76 थी, जिसे सुबह 11 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट ⏩ शेष पेज 6 पर

**कंपनी ने असुविधा के लिए जताया खेद**

एयरलाइन ने ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए खेद जताया है और उन्हें रिफ्रेशमेंट उपलब्ध कराकर दूसरी फ्लाइट से रवाना करने या फुल रिफंड की पेशकश की है। इसके पहले सोमवार को गोवा से इंदौर जा रही इंडिगो की फ्लाइट में भी लैंडिंग से पहले तकनीकी दिक्कत आई थी। हालांकि विमान सुरक्षित रूप से लैंड कर गया था।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मां की हत्या करने वाले बेटे को फांसी



**श्योपुर।** मां की हत्या करने के बाद उसके शव को घर के बाथरूम में दफन करने वाले गोद लिए बेटे दीपक पचौरी को अपर सत्र न्यायाधीश श्योपुर एलडी सोलंकी की अदालत ने बुधवार को फांसी की सजा सुना दी है। आरोपी दीपक पचौरी पुत्र भुवनेश पचौरी ने एक साल पूर्व अपनी बुजुर्ग मां उषा देवी की पैसे की लालच में हत्या कर दी थी।

### दो बहनों को डंपर ने कुचला एक की मौत, दूसरी गंभीर



**गुना।** जिले में दो सगी बहनों को को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। दोनों बहनें 9वीं कक्षा की छात्राएं थीं और स्कूटी से स्कूल जा रही थीं। हादसे में एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों सगी बहनें सीएम राइज स्कूल में पढ़ती थीं।

### मंत्री शाह के खिलाफ एक और याचिका



**भोपाल।** कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर बयान देकर विवादों में घिरे मंत्री विजय शाह की फिर मुश्किल बढ़ने वाली है। उनके खिलाफ कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दायर की है। इसमें मंत्री शाह को पद से हटाने की मांग की है। कहा गया है कि उनका बयान संविधान के अनुच्छेद 164 (3) के तहत ली गई शपथ का उल्लंघन है।

### इस्तीफे के बाद पैक करना शुरू किया सामान, सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं से बनाई दूरी

# धनखड़ 'खाली' करेंगे उपराष्ट्रपति भवन चुनाव आयोग ने शुरू की चुनाव की तैयारी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत के साथ ही सोमवार को जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक भावुक चिट्ठी लिखते हुए स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर अपने इस्तीफे का ऐलान किया है। धनखड़ जल्द ही उपराष्ट्रपति भवन खाली करेंगे और उन्होंने इस्तीफे के तुरंत बाद सामान पैक करना शुरू भी कर दिया था।

विपक्ष का आरोप है कि सरकार के दबाव में आकर उन्हें उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देना पड़ा। शिवसेना के सांसद संजय राउत और एनसीपी के शरद पवार ने भी जगदीप धनखड़ से मंगलवार को मिलने के लिए समय मांगा था लेकिन समय नहीं मिला। इधर, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद चुनाव आयोग ⏩ शेष पेज 6 पर

चुनाव आयोग को अनुच्छेद 324 के तहत भारत के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कराने का अधिकार प्राप्त है। यह चुनाव राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम 1952 और इसके तहत बने नियमों (राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम 1974) द्वारा कराया जाता है।

एनडीए के किसी प्रमुख घटक दल खासकर टीडीपी या जेडीयू से किसी सदस्य के चुने जाने की संभावना

चर्चा इस बात पर भी केंद्रित है कि यह नेता एनडीए के लंबे समय से सदस्य रहे हों

**चुनाव आयोग बोला-** जल्द घोषित होगा कार्यक्रम



उपराष्ट्रपति भवन

### अब सरकारी बंगला मिलना मुश्किल

प्रोटोकॉल के मुताबिक कार्यकाल पूरा होने के बाद उपराष्ट्रपति को टाइप-8 कैटेगरी का सरकारी बंगला अलॉट किया जाता है। लेकिन धनखड़ का कार्यकाल 2027 में पूरा होना था और उन्होंने इससे पहले ही खुद इस्तीफा दे दिया है। सरकार की तरफ से उन्हें सरकारी बंगला मिलता है या फिर वह किसी प्राइवेट बंगले में शिफ्ट होंगे। यह स्पष्ट नहीं हुआ।

**लेकिन, ये सुविधाएं मिलेंगी**

धनखड़ को भी पेंशन, आवास और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्हें पद छोड़ने के बाद स्टाफ दिया जाता है, जिसमें दो सहायक और दो चपरासी होते हैं। रुटीन चेकअप के लिए एक डॉक्टर की भी ड्यूटी लगाई जाती है। इसके अलावा ऑफिस खर्च के लिए 60 हजार रुपए अलग से दिए जाते हैं, जबकि उनके स्टाफ का वेतन सरकार देती है। उनके सरकारी आवास का बिजली-पानी का बिल मुफ्त होता है। पूर्व उपराष्ट्रपति को अपने पार्टनर या किसी एक रिश्तेदार के साथ देश में कहीं भी हवाई या रेल यात्रा की मुफ्त सुविधा मिलेगी।

### पीएम के विदेश दौरे के बाद हो सकती है भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक

*अब उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार का फैसला भाजपा संसदीय बोर्ड द्वारा किया जाएगा। बोर्ड के अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं और वह बुधवार से चार दिवसीय विदेश दौरे पर हैं। माना जा रहा है कि भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक उनके लौटने पर ही होगी। भाजपा के शीर्ष सूत्रों ने कहा कि सरकार का उम्मीदवार (जिसके लोकसभा और राज्यसभा में भाजपा-नेतृत्व वाले एनडीए के सदस्यों की संख्या को देखते हुए चुने जाने की उम्मीद है) पूरी निष्ठा वाला व्यक्ति होगा। चर्चा इस बात पर भी केंद्रित है कि नेता एनडीए के लंबे समय से सदस्य रहे* ⏩ शेष पेज 6 पर

### शाह ने की थी पीएम से मुलाकात

*गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन में उनके कार्यालय में मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय पर हुई है, जब सोमवार को उपराष्ट्रपति धनखड़ ने अचानक पद से इस्तीफा दे दिया था।*

### लग्जरी गाड़ियां, विदेशी मुहरें और कैश बरामद

# गाजियाबाद की आलीशान कोठी में अवैध दूतावास फर्जी राजदूत पकड़ा गया



**आरोपी हर्षवर्धन खुद को ऐसे देशों का एंबेसडर बताता था, जो असल में दुनिया के नक्शे पर अस्तित्व ही नहीं रखते**

एजेंसी ⏭ गाजियाबाद



गाजियाबाद से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) नोएडा की टीम ने कविनगर में चल रहे अवैध दूतावास का भंडाभोड़ किया है। टीम ने अवैध दूतावास का संचालन करने वाले आरोपी हर्षवर्धन निवासी कविनगर को गिरफ्तार किया है।

**आरोपी के पास से ये हुआ बरामद**

- डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट लगी चार गाड़ियां
- माइक्रोनेशन देशों के 12 डिप्लोमेटिक पासपोर्ट
- विदेश मंत्रालय की नकली मुहरें
- कूटरचित दो पैनकार्ड
- विभिन्न देशों और कंपनियों की 34 मुहरें
- फर्जी प्रेस कार्ड
- करीब 44.7 लाख रु. कैश
- कई देशों की विदेशी मुद्रा
- 18 डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट

### वाहनों में विदेशी राजनयिकों वाली नंबर प्लेट

हर्षवर्धन जैन खुद को वेस्ट आर्कटिका, सबोरगा, पॉल्विया और लॉडोनिया देशों का कौंसिल एंबेसेडर बताता था, जबकि ऐसे नाम कोई देश नहीं हैं। आरोपी से विदेशी राजनयिकों के लिए प्रयोग होने वाली वाहनों की कई नंबर प्लेट भी बरामद हुई हैं। टीम के अनुसार हर्षवर्धन जैन का पूर्व में चंद्रास्वामी और इंटरनेशनल आर्म्स डीलर अदनान खगोशी से संपर्क उजागर हुआ है। आरोपी के पास से चार डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट लगी लग्जरी गाड़ियां, माइक्रोनेशन देशों के 12 डिप्लोमेटिक पासपोर्ट, विदेश मंत्रालय की मोहर लगे दस्तावेज, दो फर्जी पैन कार्ड, 47.70 लाख रुपए आदि ⏩ शेष पेज 6 पर

### सहकारिता विभाग में पदस्थ

## संयुक्त पंजीयक 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**सेल्समैन पद पर भर्ती करने अनुशंसा के नाम पर मांगी थी 1 लाख घूस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



सेल्समैन पद पर भर्ती करने अनुशंसा के नाम पर पचास हजार रुपए की रिश्वत लेने वाले सहकारिता विभाग के संयुक्त पंजीयक को ईओडब्ल्यू की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार छतरपुर के शिकायतकर्ता ने बताया कि ईओडब्ल्यू को शिकायत करते हुए बताया कि सेल्समैन पद ⏩ शेष पेज 6 पर

### तीन दिन पहले पति ने की थी आत्महत्या

## मैं नहीं जी पा रही हूं, पोस्ट के बाद कुए में मिले मां-बेटी के शव

**मायके वालों ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



जिले के पथरिया थानांतर्गत सजियाहार गांव में बुधवार सुबह सीमा पटेल ने अपनी दो साल की बच्ची अंशु के साथ कुए में कूदकर आत्महत्या कर ली। दो दिन पहले ही बीमारी के चलते उसके पति निहाल पटेल ने भी छत से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। महिला ने आत्महत्या से पहले सोशल मीडिया पर दो पोस्ट किए थे। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही ⏩ शेष पेज 6 पर

### ग्वालियर में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर बड़ा हादसा

## तेज रफ्तार से आ रही कार ने 9 कांवड़ियों को रौंदा, 4 की मौत, 5 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

ग्वालियर में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर एक बड़ा और दर्दनाक हादसा हो गया। यहां अंधी रफ्तार से आ रही कार ने सड़क पर चल रहे 9 कांवड़ियों को रौंद डाला।

इसके बाद अनियंत्रित होकर आगे जाकर पलट गई। इस हादसे में 3 कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 1 ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**सीएम ने की 4-4 लाख की सहायता राशि की घोषणा**

**मरने वालों में तीन कांवड़िए एक ही परिवार के**



### देर रात हुआ हादसा

मरने वालों में तीन कांवड़िए एक ही परिवार के हैं। हादसा नेशनल हाईवे के शिवपुरी लिंक रोड स्थित शीतला माता मंदिर गेट के पास मंगलवार देर रात करीब 1 बजे हुआ। हादसे के बाद कार समेत कांवड़िए सड़क किनारे खाई में जा गिरे थे। कंपू, ⏩ शेष पेज 6 पर


### इंदौर के बाणगंगा इलाके से दबोचा

## दिल्ली में ठगी करने वाला एसआई व उसकी महिला साथी इंदौर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिल्ली में ठगी की वारदात करने वाले सब इंस्पेक्टर अंकुर की दिल्ली पुलिस ने इंदौर के बाणगंगा इलाके में एमरॉल्ड सिटी से गिरफ्तार किया है। सब इंस्पेक्टर के साथ उसकी महिला साथी को भी गिरफ्तार किया है। उक्त महिला ठगी में सहआरोपी बताई जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 1 किलो 20 ग्राम सोने के आभूषण और 10 लाख रुपए की नकदी बरामद की है।

**दोनों से 1 किलो 20 ग्राम सोने के आभूषण और 10 लाख रुपए नकद बरामद**




**लंबे समय से दिल्ली पुलिस कर रही थी तलाश**

आरोपियों की लोकेशन इंदौर के बाणगंगा इलाके की एमरॉल्ड सिटी में मिली थी। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली साइबर पुलिस को इनकी लंबे समय से तलाश थी। इंदौर की बाणगंगा थाना पुलिस की सहायता से संयुक्त कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को एमॉरल्ड सिटी से दबोचा गया। दिल्ली पुलिस आरोपियों को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई है।

### सिया के अध्यक्ष शिवनारायण सिंह चौहान ने इस बारे में मुख्य सचिव को पत्र लिखा था

सिया में विवाद के बाद सरकार ने लिया प्रशासनिक एक्शन

## नियमों को ताक पर रखकर 237 पर्यावरणीय अनुमति देने वाले प्रमुख सचिव और सदस्य सचिव नपे, दोनों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




शिवनारायण चौहान

मप्र स्टेट एन्वायरनमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी (सिया) से करीब 237 फाइलों में पर्यावरण अनुमति देने वाले प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत कोठारी को सरकार ने बुधवार को हटा दिया। उन्हें राज्यपाल का प्रमुख सचिव बनाया गया है। जबकि, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता की मंत्रालय में वापसी हो गई है। उन्हें एसीएस कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग में पदस्थ किया गया है। इसके साथ ही सरकार ने एप्को की कार्यपालक संचालक उमा महेश्वरी आर से भी एप्को का अतिरिक्त प्रभार वापस ले लिया। श्रीमती उमा सिया की सदस्य सचिव थी और उन पर भी गंभीर आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर खनिज माफिया को पर्यावरण अनुमति दी है। सिया के अध्यक्ष शिवनारायण सिंह चौहान ने पिछले दिनों पर्यावरण अनुमति को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्य सचिव को पत्र लिखा था। इसके साथ ही उन्होंने भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय को भी करीब दर्जनों पत्र लिखे हैं। अभी इस मामले में कुछ भी नहीं हुआ है। हालांकि, संभावना जताई जा रही थी ⏩ शेष पेज 6 पर

**नियम विरुद्ध दी गईं पर्यावरण अनुमतियां निरस्त होंगीं, दोनों पर हो सकती है एफआईआर**



चंद्रमौलि शुक्ला



नवनीत कोठारी



उमा महेश्वरी

**एसीएस केसी गुप्ता की मंत्रालय में हुई वापसी, कुटीर व ग्रामोद्योग विभाग मिला**

### इन अधिकारियों को सौंपा गया प्रभार

राज्य सरकार से जारी आदेश के अनुसार वन विभाग के अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल को पर्यावरण विभाग एवं पर्यावरण आयुक्त तथा महानिदेशक एप्को का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी तरह मप्र औद्योगिक विकास निगम के एमडी चंद्रमौलि शुक्ला को अपर सचिव ⏩ शेष पेज 6 पर

# हरियाली अमावस्या आजः दोष निवारण के साथ पितरों की आत्मा की शांति के लिए रोपे जाएंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन मास की हरियाली अमावस्या इस बार विशेष संयोग में आ रही है। आज गुरुवार को श्रावणी अमावस्या के दिन सर्वार्थ सिद्धि, गुरु पुष्य और अमृत सिद्धि जैसे दुर्लभ योगों का संयोग रहेगा। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाए जाएंगे, जिनका धार्मिक और ज्योतिषीय दोनों दृष्टियों से गहरा महत्व है। शहर के मंदिरों में कई कार्यक्रम होंगे।

जयोतिषाचार्य विष्णु राजौरिया ने बताया कि इस बार की हरियाली अमावस्या विशेष योग के साथ आने से विशेष फल प्रदान करेगी। अमावस्या तिथि 23 जुलाई बुधवार को रात्रि 2:28 बजे प्रारंभ होगी और 24 जुलाई गुरुवार की रात्रि 12:40 बजे समाप्त होगी। अमावस्या के दिन इतने सारे विशेष योगों के एक साथ होने से यह तिथि खास तिथि बनेगी। इसमें अपने पूर्वजों की याद में एक पौधा लगाएं, तो पितृ दोष, कालसर्प दोष, शनि की साढ़े साती दशा के अशुभ प्रभाव से छुटकारा मिल सकता है।



**मंदिरों में होंगे धार्मिक आयोजन, संस्थाएं लगाएंगी पौधे**

## कुनबी समाज महिला मोर्चा का हरियाली तीज 27 को

अखिल भारतीय क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज महिला मोर्चा के तत्वाधान में अनुष्ठान एवं हरियाली तीज का कार्यक्रम 27 जुलाई सुबह 11 बजे से बरखेड़ा भेल में आयोजित किया जाएगा। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष दिव्या ने बताया कि सावन में महा उत्सव हरियाली तीज का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, महिला मोर्चा ने भजन कीर्तन, हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमे महिलाओं का ड्रेस कोड हरी साड़ी रखा गया है।

## कुबेरेश्वरधामः पूरा देश एक घंटे थम गया, 82 करोड़ श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण और पूजन

*सीहोर। कलियुग को शिव युग में परिवर्तित करने वाले और सनातन धर्म को जन-जन तक पहुंचाने वाले अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सावन की शिवरात्रि पर देश ही नहीं पूरी दुनिया के भक्तों को आन लाइन पार्थिव शिवलिंग की पूजन-अर्चना कर स्वयं अपने विश्व रिकार्ड को तोड़ दिया है। गत वर्ष 73 करोड़ श्रद्धालु इस अनुष्ठान में शामिल हुए थे, लेकिन इस वर्ष 82 करोड़ से अधिक श्रद्धालु ऑनलाइन पूजन प्रक्रिया से जुड़े रहे। श्री शिवय नमस्तुभ, हर हर महादेव... जय शिव शंकर... के जयकारे गूंज रहे थे। चारो तरफ भक्तिमय माहौल बना हुआ था। भक्तों ने घर-घर में पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना की। कुबेरेश्वरधाम पर आयोजित ऑनलाइन अभिषेक में हजारों श्रद्धालु शामिल थे, वहीं देश के कोने-कोने में एक घंटे तक लोगों ने विधि-पूर्वक शिव की उपासना की।*



## कांवड़ यात्रा आमंत्रण पत्रिका बाबा बटेश्वर को की भेंट

सेवा का संकल्प जन कल्याण समिति द्वारा नर्मदापुरम से भोपाल पैदल बाबा बटेश्वर कांवड़ा यात्रा 25 से 28 जुलाई तक होगी। बुधवार को बाबा बटेश्वर कांवड़ यात्रा की पत्रिका बाबा बटेश्वर के समक्ष आमंत्रण पत्रिका विधि विधान से पूजन कर रखी गई। इस अवसर पर मंदिर के संयोजक संजय अग्रवाल मौजूद रहे। अध्यक्ष चेतन भार्गव एवं प्रकाश मालवीय ने बताया कि यात्रा की पूरी तैयारी कर ली गई है।

### स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं के निराकरण की मांग

# गौरव नगर विकास समिति ने सौंपा ज्ञापन कहा-कार्यपालन यंत्री ने दी गलत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार रोड स्थित गौरव नगर विकास समिति के प्रतिनिधि मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के आयुक्त डॉ. राहुल हरिदास फटिंग से मिले। इस दौरान प्रतिनिधियों ने कॉलोनी की स्थिति से अवगत कराया। गौरव नगर विकास समिति ने कॉलोनी की समस्याओं से संबंधित फोटो एवं दस्तावेज आयुक्त को सौंपकर स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं के निराकरण और गलत जानकारी देने वालों के खिलाफ समुचित कार्रवाई की मांग की।

आयुक्त डॉ. राहुल हरिदास फटिंग ने समिति अध्यक्ष को समस्याओं के शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर गौरव नगर विकास समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंह भदौरिया, सह सचिव नीलम राय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**खास बातें**

- प्रतिनिधियों ने कॉलोनी की स्थिति से अवगत कराया, समस्याओं से संबंधित फोटो भी सौंपे
- गलत जानकारी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग
- आयुक्त डॉ. राहुल ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया

**कई दिन बाद भेजा गया पत्र**

प्रतिनिधियों के अनुसार, गौरव नगर विकास समिति ने 16 फरवरी 2025 को कॉलोनी की तमाम समस्याओं के समाधान के लिए 15 सूत्रीय मांग पत्र दिया था। इस संदर्भ में हाउसिंग बोर्ड संभाग 2 के कार्यपालन यंत्री प्रदीप हेडाउ ने उपायुक्त वृत्त-1 को सभी 15 मांगों से संबंधित जवाब दिया, लेकिन इस पत्र की प्रतिलिपि गौरव नगर विकास समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंह भदौरिया को कई दिन बाद भेजी गई। उपायुक्त को भेजे गए जवाब में कार्यपालन यंत्री ने असत्य और भ्रामक कथन किए हैं। प्रतिनिधियों के अनुसार, बिना किसी भौतिक सत्यापन के, गौरव नगर की वस्तुस्थिति के विपरीत एवं लगभग सभी बिंदुओं पर असत्य प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। इससे उच्चाधिकारियों को न केवल भ्रामक सूचना दी गई है, बल्कि कॉलोनी की ज्वलंत समस्याओं से मुंह मोड़ने का प्रयास भी किया गया है।

**कभी भी हादसा हो सकता है**

बिजली के डीपी खुले पड़े हैं। मीटर रूम में कचरा पड़ा है, पानी जा रहा है। बरसात में कभी भी हादसा हो सकता है।

**ओपी पांडे**, रहवासी

**आए दिन घटनाएं होती हैं**

ईडब्ल्यूएस 1 से 10 तक के ब्लॉकों में सीवरेज और चोरी की समस्या गंभीर है। आए दिन घटनाएं होती हैं।

**श्रीराम शर्मा**, उपाध्यक्ष

**कार्रवाई की मांग की**

कॉलोनी की तमाम समस्याओं के संबंध में हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री द्वारा दी गई भ्रामक जानकारी के विरुद्ध हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर से मुलाकात की। कमिश्नर को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए छायाचित्र और दस्तावेज सौंपकर कार्रवाई की मांग की। कमिश्नर ने हमें निराकरण का भरोसा कराया है।

**दिनेश सिंह भदौरिया**, अध्यक्ष

**हालात देखें तो समाधान जल्द होगा**

हाउसिंग बोर्ड के कमिश्नर डॉ. राहुल हरिदास फटिंग से कॉलोनी के भौतिक निरीक्षण के लिए अनुरोध किया गया है। शीर्ष अफसर मौके पर आकर हालात देखें तो समाधान जल्द होगा।

**संजय द्विवेदी**, सह कोषाध्यक्ष

**कॉलोनी में स्थिति गंभीर**

पेयजल को लेकर कॉलोनी में स्थिति गंभीर है। अंतिम छोर पर बने फ्लैट्स में तो पानी नहीं पहुंचने की शिकायतें हैं। कमिश्नर ने जल्द पेयजल समस्या के निराकरण को कहा है।

**नीलम राय**, सह सचिव

**बीमारी का खतरा है**

पार्क के नाम पर झाड़ियां एवं कचरा हो रहा है। पेयजल समस्या और बंद एसटीपी के ओवरफ्लो से बदबू एवं मच्छर पनप रहे हैं, जिससे बीमारी का खतरा है।

**उमेश तिवारी**, सचिव


### रक्षाबंधन पर्व को लेकर डाक विभाग ने की विशेष तैयारी

# बुकिंग काउंटर बढ़ाने के साथ लगाए गए विशेष ड्रॉप बॉक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रक्षाबंधन पर्व को लेकर बहनों व भाइयों का उत्साह रहता है। परदेश में रहने वाली बहनें भाई अपने भाई राखी डाक के जरिए भेजती हैं। समय से ही वह राखी की खरीदकर उसे सुरक्षित कर भाई के पते पर पोस्ट करती हैं। रक्षाबंधन का पर्व इस बार नौ अगस्त को है। इसके दृष्टिगत भोपाल डाक संभाग ने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है। शहर के सभी प्रमुख डाकघरों में अतिरिक्त बुकिंग काउंटरों की व्यवस्था की गई है, ताकि राखी एवं अन्य उपहारों को डाक के माध्यम से भेजने के लिए ग्राहकों को त्वरित सेवा मिल सकें।

इसी प्रकार से अपने शहर से अन्यत्र राखी भेजने वाली बहनों के लिए शहर के सभी प्रमुख डाकघरों में विशेष ड्रॉप बॉक्स लगाए गए हैं, जहां पर रक्षा सूत्र पोस्ट कर देने से उनकी तत्काल छंटाई कर शीघ्रता उनको अपने गंतव्य की ओर रवाना किया जा सकें। प्रवर अधीक्षक डाकघर ने बताया कि वितरण व्यवस्था में लगे समस्त कर्मचारियों को अन्य शहरों से प्राप्त होने वाली राखी डाक के त्वरित वितरण के लिए भी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि हर परिस्थिति में राखी एवं उपहार आदि त्योहार से पूर्व उपभोक्ताओं को समय पर प्राप्त हो सकें।




**शिव भक्तों के लिए गंगाजल उपलब्ध**

सभी स्थानीय डाकघरों में विशेष गंगाजल काउंटर की व्यवस्था की गई है, जहां श्रद्धालुओं को गंगोत्री का पावन गंगाजल उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल शिव भक्तों के लिए बेहद खास है, जो सावन के जलाभिषेक के माध्यम से भगवान शिव को प्रसन्न करना चाहते हैं। भोपाल डाक संभाग द्वारा अपने सभी प्रमुख डाकघरों में डाकघर काउंटरों से गंगाजल वितरण की भी समुचित व्यवस्था की गई है एवं सभी प्रमुख डाकघरों में यह उपलब्ध है।

### स्कूल शिक्षा विभाग ईएलटीआई संस्थान का ले रहा सहयोग

# सरकारी स्कूलों के अंग्रेजी के शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में इंग्लिश भाषा के शिक्षकों के प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसकी विशेष व्यवस्था की जा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सरकारी सकूलों में इंग्लिश भाषा पढ़ाने वाले शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया है। प्रशिक्षण के लिए भोपाल में एक राज्य स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान इंग्लिश लर्निंग ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट (ईएलटीआई) कार्यरत है। यह संस्थान राज्य के समस्त शासकीय, प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षण संस्थानों में इंग्लिश भाषा संबंधी अकादमिक और प्रशिक्षण के क्षेत्र में मार्गदर्शन एवं सहयोग कर रहा है। ईएलटीआई संस्थान इंग्लिश भाषा अध्यापन क्षेत्र में सतत उन्नयन एवं स्तरीकरण के लिए हैदराबाद के इंग्लिश एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (ईएफएलयू) से सहयोग प्राप्त कर रहा है।



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 24 जुलाई 2025

4 मप्र के सभी कॉलेजों में शुरू की जाएगी वेटरनरी...

10 उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाइटी ...







# मुख्यमंत्री आज अचारपुरा में करेंगे 406 करोड़ की 5 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन

## टैक्सटाइल, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर से जुड़ी 5 प्रमुख इकाइयों से सृजित होंगे 1500 रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मप्र को औद्योगिक और रोजगार संपन्न राज्य बनाने की पहल रंग ला रही है। मुख्यमंत्री कल गुरुवार को अचारपुरा में 406 करोड़ के निवेश वाली 5 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। साथ ही 8 उद्योगों के निवेशकों को भूमि आवंटन के आशय-पत्र भी सौपेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत अचारपुरा स्थित गोकलदास एक्सपोर्ट्स की गारमेंट यूनिट के भ्रमण से होगी, जहां लगभग 2500 महिलाएं कार्यरत हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यरत महिला श्रमिकों से संवाद करेंगे और इकाई में हो रहे उत्पादन कार्यों का अवलोकन करेंगे। यह इकाई न केवल औद्योगिक गतिविधियों बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी एक सफल उदाहरण बनकर उभरी है।

गोकलदास गारमेंट इकाई में भ्रमण के दौरान महिला श्रमिकों से भी संवाद करकें सीएम



### विशेष औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरेगा अचारपुरा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव अचारपुरा में 31.21 हेक्टेयर भूमि पर विकसित की जा रही नई औद्योगिक परियोजना का भूमि-पूजन भी करेंगे। यह परियोजना लगभग 15.61 करोड़ रूपये से विकसित की जाएगी, जिससे भविष्य में 800 करोड़ रूपये तक के निवेश आकर्षित होने की संभावना है और 1000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इस क्षेत्र को विशेष रूप से टेक्सटाइल और फार्मा सेक्टर के लिए विकसित किया जा रहा है।*

### भूमि आवंटन आशय-पत्र भी सौंपेंगे

मुख्यमंत्री कार्यक्रम में महालक्ष्मी दाल उद्योग, जियो फिल्टेक, प्रवाह एंटरप्राइजेज, योगी इंडस्ट्रीज, अजमेरा इंडस्ट्रीज, सामवी एंटरप्राइजेज और बैग क्रिएशन इंडिया इकाइयों को औद्योगिक भूखंड आवंटन के आशय पत्र भी सौंपेंगे। ये 8 इकाइयाँ 12494.5 वर्ग मीटर भूमि पर 1770 लाख रुपए का निवेश करेंगी और 186 से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी।

### टैक्सटाइल, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को मिलेगा विस्तार

मुख्यमंत्री टैक्सटाइल, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर से जुड़ी 5 प्रमुख इकाइयों का भूमि-पूजन करेंगे। इसमें इंडो एकॉर्ड अप्पैरल्स द्वारा 125 करोड़ के निवेश से 500, एसेड्स प्रालि की ओर से 106 करोड़ के निवेश से 100, सिनाई हेल्थकेयर द्वारा 100 करोड़ रुपए से 200, समर्थ एग्रीटेक द्वारा 50 करोड़ रुपए से 200 और गोकलदास एक्सपोर्ट्स की ओर से 25 करोड़ रुपए के निवेश से 500 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। ये सभी 5 इकाइयां 12.88 हेक्टेयर क्षेत्रफल में स्थापित होगी, जिसमें 406 करोड़ रुपए का निवेश और 1500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

### निवेशकों ने जताया विश्वास, सराहा सरकार का सहयोग

गोकलदास एक्सपोर्ट्स के प्रतिनिधि निवेश के अनुभवों को साझा करेंगे। मप्र की स्थिर नीतियां, कुशल श्रमिक बल और समय पर मिल रही सुविधाओं से उन्होंने अचारपुरा में विस्तार का निर्णय लिया है। टेक्सटाइल, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर के अन्य उद्यमी भी प्रशासन की ओर से दिए जा रहे सक्रिय सहयोग और नीतियों को साझा करेंगे।

### कुशल लॉजिस्टिक्स और 'प्लग एंड प्ले' की सुविधा

*कार्यक्रम में प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह अचारपुरा को निवेशकों के लिए उद्योग अनुकूल बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से दी रही सुविधाओं की जानकारी देंगे। सरकार की ओर से निवेशकों को 'प्लग एंड प्ले' मॉडल, तेज़ स्वीकृति प्रक्रियाएं और बेहतर लॉजिस्टिक्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन सुविधाओं से औद्योगिक इकाइयों को सुगमता से संचालन का लाभ मिलेगा और क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियां तेज होंगी।*

## सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने किया जेपी अस्पताल का निरीक्षण

# एक सप्ताह में शुरू हो जाए इंटीग्रेटेड लैब ताकि एक छत के नीचे हो सकें सभी जांच

अस्पताल में पानी की टंकी में गंदगी देख अफसरों पर भड़के सीएमएचओ

छतों पर जलभराव और सीपेज के लिए हर सप्ताह सफाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जेपी अस्पताल में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब बिना सूचना दिए अचानक सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा निरीक्षण करने पहुंच गए। सीएमएचओ ने सबसे पहले जेपी अस्पताल के इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंटीग्रेटेड लैब संचालन में हो रही देरी पर अधिकारियों पर नाराजगी जताई। डॉ. मनीष शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर लैबोरेटरी की शुरुआत हो जानी चाहिए। इस दौरान सीएमएचओ ने अस्पातल के रखी पानी की टंकियों का भी निरीक्षण किया।

सीएमएचओ ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि प्रथम तल पर पूर्व से संचालित हो रही लैबोरेट्री को सेकंड फ्लोर स्थित इंटीग्रेटेड लैब में शिफ्ट किया जाए। उपकरणों एवं कर्मचारियों की शिफ्टिंग के बाद प्रथम तल पर संचालित लैब के रिनोवेशन कार्य को एक माह में पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव, पैथोलॉजिस्ट डॉ. नीता जैन सहित सिविल इंजीनियर एवं लेबोरेटरी निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बता दें कि सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने जब से चार्ज लिया है वे लगातार अस्पतालों का निरीक्षण कर सुधार के निर्देश दे रहे हैं।

### सभी लैब एक जगह होने से मरीजों को भटकना नहीं पड़ेगा



*इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेटरी के स्थापित होने से मरीजों की सभी प्रकार की पैथोलॉजी जांच सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल सकेंगी। टीबी, मलेरिया, एचआईवी समेत अन्य जांचों के लिए मरीजों को अस्पताल के अलग-अलग जगहों पर नहीं जाना पड़ेगा। इस प्रयोगशाला में सभी कार्यक्रमों के लैब टेक्नीशियन एक ही जगह काम करेंगे। इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री लैबोरेट्री में हेमेटोलॉजी एवं बायोकेमेस्ट्री, साइटोलॉजी, क्लिनिकल पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी एक साथ संचालित होंगी।*

### मरीज क्यों लाइन में लग रहे हैं...

ओपीडी, दवा वितरण केंद्र और पैथोलॉजी जांच केंद्र पर लोगों को लाइन में लगा देख सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने अधीक्षक डॉ. राकेश श्रीवास्तव से पूछा, क्यों बंद कर दिया टोकन सिस्टम। मरीजों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। सोमवार तक फिर से टोकन सिस्टम की व्यवस्था शुरू हो जानी चाहिए।

### टोकन सिस्टम फिर शुरू होगा...

जेपी अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज पैथोलॉजी जांच के लिए आते हैं। ऐसे में मरीजों की सभी जांच एक ही स्थान पर हो सकें, इसे ध्यान में रखते हुए एक सप्ताह के भीतर इस लैब को शुरू किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, मरीजों की सुविधा के लिए फिर से टोकन सिस्टम शुरू करने के निर्देश भी दिए गए हैं।


डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ

### टंकियों में गंदगी, छत पर क्यों जमा है पानी?

टंकियों में गंदगी देख कर अस्पताल के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। डॉ. शर्मा ने पानी की टंकियों की सफाई, छत पर पानी के जमाव, सीपेज का अवलोकन कर निर्देश दिए कि सप्ताह में एक दिन निर्धारित कर पानी की टंकियां की सफाई एवं छतों पर जल भराव की जांच की जाए।



## भोपाल पर आच्छादित हरियाली....



*यू तो पूरे भोपाल को ही गार्डन सिटी कहा जाता है, लेकिन बारिश के दिनों में यह और निखर कर अपना स्वरूप दिखाता है। चित्र अटल पथ का।*

### एमएलबी में होंगे एमपी पीएससी चयनित आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन

**भोपाल।** राजधानी स्थित शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में एमपीपीएससी से चयनित आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। एमएलबी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय अग्रवाल के जारी आदेश के अनुसार मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी परीक्षा 2022 में विधि विषय में चयनित आवेदकों के दस्तावेजों के सत्यापन एमएलबी कॉलेज में किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेशों के माध्यम से लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022, ग्रंथपाल एवं कीड़ा अधिकारी परीक्षा 2022 में चयनित आवेदकों के दस्तावेजों के सत्यापन के लिए महारानी लक्ष्मीबाई कन्या पीजी महाविद्यालयको दायित्व सौंपते हुए सत्यापन कार्य पूर्ण किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। उपरोक्त कार्य महाविद्यालय के डॉ. शंकर दयाल शर्मा स्मृति सभागार में 25 जुलाई को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा।

# आम लोगों के लिए खुशखबरी.. अब तहसील दफ्तरों में ही बैठेंगे एसडीएम व तहसीलदार

## प्रोटोकाल, कानून-व्यवस्था, सर्वे के लिए 8 अफसर तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तहसील दफ्तरों में पदस्थ नायब तहसीलदार और तहसीलदारों को अब प्रोटोकाल, कानून व्यवस्था, सर्वे सहित अन्य कामों के लिए तहसील दफ्तर छोड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वह सुबह 10.30 से शाम छह बजे तक तहसील दफ्तर में ही रहेंगे। दरअसल प्रोटोकाल, कानून व्यवस्था और सर्वे सहित अन्य कामों के लिए अलग से सात नायब तहसीलदार और एसएलआर की ड्यूटी लगा दी गई है। इसके पहले आम लोगों को तहसील दफ्तरों में एसडीएम और तहसीलदार के नहीं मिलने पर पेशियों की तारीख आगे बढ़ा दी जाती थी।

इस काम के लिए जिले को अलग से नायब तहसीलदार और तहसीलदार का अमला मिल गया है। जिसके तहत हुजूर में नायब तहसीलदार शुभम जैन, कोलार प्रभारी नायब तहसीलदार राकेश पिप्पल, बैरसिया प्रभारी सहायक अधीक्षक भू अभिलेख मिट्ठलाल पवार, बैरागढ़ प्रभारी सहायक अधीक्षक भू अभिलेख योगेश श्रीवास्तव, गोविंदपुरा प्रभारी नायब तहसीलदार दिनेश साहू, टीटी नगर प्रभारी नायब तहसीलदार इदरीस खान, एमपी नगर नायब तहसीलदार अंकिता यदुवंशी और शहर में प्रभारी सहायक अधीक्षक भू अभिलेख प्रीतनेश तिवारी की ड्यूटी गैर न्यायालीन काम में लगाई गई है।



### नहीं काटना पड़ेंगे चक्कर

*कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के इस आदेश से जिले के राजस्व कोर्ट में पेंडिंग कामों में कमी आएगी। दरअसल, अधिकारी पूरे समय कोर्ट का काम निपटा सकेंगे। नामांतरण, बंटवारा, बंटान और सीमांकन के काम आसानी से हो सकेंगे। इसके पहले राजस्व कोर्ट में आने वाले लोगों को तारीख लेकर वापस लौटना पड़ता था। अब यह नहीं होगा।*

### तेजी से निपटेंगे राजस्व के काम

जिले की तहसील और वृत्तों में अलग से गैर न्यायालयीन काम के लिए आठ नायब तहसीलदार और सहायक अधीक्षक भू अभिलेख की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे तहसीलों में तैनात अफसरों को राजस्व के काम तेजी से निपटाने में मदद मिलेगी।

कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर

# निगम परिषद बैठक आज, निशाने पर रहेंगे पक्ष-विपक्ष के फोन न उठाने वाले अफसर

## *एक दिन पहले पार्षद दलों की बैठक में बनी रणनीति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीन महीने बाद होने वाली नगर निगम की परिषद बैठक में पक्ष-विपक्ष के निशाने पर अधिकारी रहेंगे। दोनों ही दल के पार्षद सदन में ऐसे अधिकारियों के नाम लेंगे, जो फोन नहीं उठाते। इसको लेकर बुधवार की पार्षद दल की बैठक में रणनीति बनाई गई। दोनों ही दलों के पार्षद फोन नहीं उठाने वाले अफसरों को उनके मूल विभाग भेजने और कार्रवाई करने की मांग रखेंगे।

एमआईसी मेंबर रविन्द्र यति ने तीन दिन पहले नगर निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायन से कहा था कि उन्हें ज्यादातर पार्षदों ने बताया है कि विद्युत शाखा के प्रभारी कार्यपालन यंत्री आशीष




श्रीवास्तव सहित प्रभारी सहायक यंत्री सुमित सिंह और प्रभारी उपयंत्री आशुतोष मालवीय फोन नहीं उठाते। रविन्द्र यति की शिकायत पर कमिश्नर ने तीनों को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे। इस नोटिस के बाद पार्षदों ने ऐसे अधिकारियों के नामों की लिस्ट तैयार की है, जो कभी फोन नहीं उठाते। अब यह मामला परिषद बैठक में गूजेगा।

### स्ट्रीट लाइट और गड्ढों पर होगा हंगामा

बुधवार को आचार्य नरेन्द्र देव पुस्तकालय में हुई कांग्रेस पार्षद दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी की अध्यक्षता में रखी गई। कांग्रेस पार्षद योगेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि शहर के ज्यादातर इलाकों में स्ट्रीट लाइट बंद हैं। वहीं पूरे शहर की सड़कें खराब हैं और बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। रात में इन खराब सड़कों पर अंधेरा होने से एक्सीटेंड हो जाते हैं।

## नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण में बोले विधायक सबनानी

# 2 करोड़ से संवरेगा न्यू मार्केट, 30 साल के लिए होंगे अनुबंध

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के हृदय स्थली स्थति न्यू मार्केट क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यीकरण में 2 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। न्यू मार्केट में सभी नगर निगम के किराएदार दुकानदारों के अनुबंध जो अभी मात्र 3 साल के किए जा रहे थे अब सभी व्यापारियों के अनुबंध एक साथ 30 साल के किए जाएंगे।

यह बात न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति की नवगठित कार्यकारिणी का पदभार एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे क्षेत्रीय विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कही। न्यू मार्केट हृदय स्थली स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के समक्ष आयोजित समिति के पदभार एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विधायक सबनानी ने न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति की 50 पदाधिकारियों वाली टीम को एक साथ पद एवं समिति के प्रति निष्ठा की शपथ दिलवाई और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

उन्होंने प्रमुख चार पदाधिकारी समिति अध्यक्ष सतीश कुमार गंगराड़े, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष अजय देवनानी एवं सचिव पुरुषोत्तम वरदानी को प्रमाण पत्र प्रदान किया।




### रंगमहल चौराहे से लेकर डॉ. प्रसाद क्लीनिक तक पार्किंग शुरू होगी

विधायक ने न्यू मार्केट की सराउंडिंग रंगमहल चौराहे से लेकर डॉ. प्रसाद क्लिनिक तक पार्किंग प्रारंभ करवाने की बात कहीं। उन्होंने कहा, न्यू मार्केट 2006 से नो व्हीकल जोन घोषित है किंतु इसका परिपालन ठीक से नहीं किया जा रहा है। गणेश चौक का सौंदर्यीकरण करवाया जाएगा एवं वहां से एक रास्ता प्रारंभ करवाया जाएगा। ताकि समय पढ़ने पर एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड भी जल्दी से मौके पर पहुंच सकें।

### महापौर सहित व्यापारी, सामाजिक संगठन के प्रमुख मौजूद रहे

इस अवसर पर भोपाल की महापौर मालती राय, भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यती, पार्षद आरती अनेजा, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली, क्रेडाई अध्यक्ष मनोज मीक, सराफा अध्यक्ष सुशील धनवानी, व्यापारी एवं समाजसेवी गोविंद गोयल, खेड़ापति हनुमान मंदिर के ट्रस्टी गोपाल मेहता, अजय श्रीवास्तव, राम रामबाबू शर्मा, शाहिद बड़ी संख्या में भोपाल शहर के सभी व्यापारी संगठनों के प्रमुख उपस्थित थे।

### रोजगार आधारित शिक्षा: रुझान एवं नए अवसर विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की

# मप्र के सभी कॉलेजों में शुरू की जाएगी वेटरनरी से जुड़ी शिक्षा



## रोजगार की संभावनाओं के लिए तैयार करें पाठ्यक्रम : राज्यपाल पटेल

## प्रदेश में 6 करोड़ से अधिक पशुधन के लिए ज्यादा विशेषज्ञों की जरूरत

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दूध उत्पादन में मध्य प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। हम इसमें पहले स्थान पर आने के लिए प्रयासरत हैं। हमारे पास 6 करोड़ से अधिक पशुधन है। इसके लिए हमें ज्यादा वेटरनरी विशेषज्ञों की जरूरत है। यह जरूरत सिर्फ एक कॉलेज से पूरी नहीं हो सकती है। इसलिए प्रदेश के सभी कॉलेजों में वेटरनरी से जुड़ी शिक्षा शुरू की जाएगी।

डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में 'विकसित भारत अंतर्गत रोजगार आधारित शिक्षाः रुझान एवं नए अवसर' विषय पर बुधवार को आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी मौजूद रहे।



### राज्यपाल पटेल ने की डॉ. यादव की पहल की सराहना

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाओं को पहचान कर विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम तैयार करें। उन्होंने प्रदेश में देश-विदेश से निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल की सराहना की है। अपेक्षा की है कि निवेश परियोजना क्रियान्वयन के साथ ही उद्योग में रोजगार के लिए उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध कराने के लिए कोर्स प्रारम्भ करें, जिससे परियोजना शुरू होने के साथ ही आवश्यकता अनुसार स्थानीय स्तर के युवा उपलब्ध हो सकें।

### हर काल में सर्वोच्च रही है शिक्षा: मंत्री इंदर

*उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि शिक्षा हर काल में सर्वोच्च रही है। भारतीय संस्कृति में संस्कारों को आगे बढ़ाते हुए रोजगार देने की परंपरा थी। बिना संस्कारों के हम श्रेष्ठ और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक नहीं बना सकते हैं। प्रदेश में नई शिक्षा नीति और कार्य की जवाबदेही तय करने की पहल देश भर में स्थान बनाएगी और प्रदेश के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यशाला के प्रारंभ में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने स्वागत उद्बोधन दिया। मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो. भरत शरण सिंह ने आभार व्यक्त किया।*

## खेती की पढ़ाई को सामान्य महाविद्यालयों तक लेकर गए



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज करेंसी का जमाना है, लेकिन स्किल (कौशल) ही करेंसी है, भारत इसे अच्छी तरह समझता है। इसीलिए हम नवाचार करते हुए कौशल विकास की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। मध्यप्रदेश एक कृषि प्रधान और तेजी से बढ़ता राज्य है। इसीलिए हम खेती की पढ़ाई को सामान्य महाविद्यालयों तक लेकर गए हैं। अगर कोई युवा खेती में करियर बनाना चाहे तो उसे आधुनिक तकनीक की जानकारी होनी चाहिए। विश्वविद्यालयों के दायरे विस्तृत होने चाहिए।

### शिक्षा केवल कागज की डिग्री लेने के लिए नहीं

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में शासकीय और निजी मिलाकर 70 से अधिक विश्वविद्यालय हैं। सरकार प्रदेश में 10 हजार से अधिक शैक्षणिक संस्थाओं में एनईपी लागू करने पर आगे बढ़ चुकी है। प्रदेश में 220 से अधिक सांदीपनि विद्यालयों की शुरुआत की गई है। यहां विद्यार्थियों के लिए आधुनिक कंप्यूटर कोडिंग लैब स्थापित की गई हैं। शिक्षा केवल कागज की डिग्री लेने के लिए न हो, बल्कि वह भविष्य की चुनौतियों से लड़ने और उसे समझने में समर्थ हो। इसीलिए प्रदेश के विश्वविद्यालयों में आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्युटिंग और बायोटेक्नोलॉजी जैसे कोर्स शुरू किए गए हैं।*

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल व पदाधिकारियों ने किया क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी एवं जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने बुधवार को क्रांतिकारी, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर गीतांजलि चौराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

जिसके बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण भी किया। भोपाल जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के जीवन पर विचार प्रकट



किए। सभी पदाधिकारियों ने अमर शहीद चन्द्रशेखद आजाद के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया। इधर, महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा मध्य विधानसभा के तिलक चौराहे पर प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शैलेंद्र निगम एवं सह संयोजक रवि पंवार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

### चंद्रशेखर आजाद नगर में हुआ 'स्मरण आजाद' कार्यक्रम, डॉ.मोहन ने अमर शहीद क्रांतिकारी को किया नमन

# आजाद ने दी शहादत, नहीं आए अंग्रेजों के हाथ, यह देश प्रेम की पराकाष्ठा : मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमें गर्व है कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जैसे महानायक मध्यप्रदेश की धरती पर जन्मे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी समूची चेतना, जीवन और अस्तित्व भारतमाता के चरणों में समर्पित करने वाले अमर बलिदानी चंद्रशेखर आज़ाद के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित कर हम गौरवान्वित हैं।

डॉ. यादव ने कहा कि आजाद ने जब यह देखा कि अब गिरफ्तारी से बच पाना मुश्किल है तो अपने हाथों से ही खुद के प्राणोत्सर्ग कर शहादत दे दी, पर अंग्रेजों के हाथ नहीं आये, यह देश प्रेम की परकाष्ठा है। मुख्यमंत्री बुधवार को आजाद की जयंती के अवसर पर अलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आज़ाद नगर (भाभरा) में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम 'स्मरण-आजाद' को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। वीसी में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन शिवशेखर शुक्ला सहित अधिकारी भी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीसी के जरिए किया संबोधित



### ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिलाकर रख दी थी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद एक साधारण परिवार में जन्मे असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे। आजाद एक ऐसी आंधी थे, जिसने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिलाकर रख दी थी। उन्होंने कहा कि आजाद एक नाम नहीं, भारत की क्रांति का वह तेजस्वी स्वर था, जिसकी गूंज आज भी देशभक्ति की शपथ लेने वालों के हृदय में सुनाई देती है। जब काशी में उन्होंने असहयोग आंदोलन में भाग लिया और गिरफ्तार हुए, तब न्यायाधीश के पूछने पर जो जवाब उन्होंने दिया, वह आज भी हर देशभक्त के हृदय में बसा है। जब उनसे, उनका नाम पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया- 'आजाद'। पिता का नाम पूछा, तो उन्होंने जवाब दिया-स्वाधीनता। तीसरी बार जब उनके घर का पता पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया था- जेल। वे केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं, एक विचारधारा और आत्मबल के प्रतीक थे, जिन्होंने यह संकल्प लिया था कि 'मैं आजाद था, आजाद हूं और आजाद ही रहूंगा।'*

### पुलिस असहाय हो जाए तो राज्य में कैसे मिलेगा न्याय

## प्रमोद पावन द्वारा आत्महत्या मात्र एक घटना नहीं, एक खतरनाक चलनः जीतू

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पुलिसकर्मी प्रमोद पावन की



आत्महत्या को भाजपा सरकार की विफलता, माफिया के बेलगाम आतंक और जातिगत उत्पीड़न की शर्मनाक तस्वीर बताया है।

उन्होंने कहा कि यह मात्र एक घटना नहीं, एक खतरनाक चलन है। मध्य प्रदेश में पिछले 6 महीनों में 10 पुलिसकर्मियों ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा भाजपा शासन की प्रशासनिक असफलता और पुलिस बल के भीतर गहराते मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक तनाव को दर्शाता है। पटवारी ने कहा कि पावन ने आत्महत्या से पहले साफ शब्दों में कहा कि मेरे ही टीआई मुझे प्रताड़ित कर रहे हैं और रेत माफिया कुचलने की धमकी दे रहा है। यह बयान केवल किसी एक व्यक्ति की व्यथा नहीं है, यह पूरे पुलिस महकमे के भीतर जहर बन चुके दबाव, भ्रष्टाचार, जातिवाद और माफिया-संरक्षण की गवाही है। भाजपा सरकार में पुलिसकर्मी भी सुरक्षित नहीं जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा के शासनकाल में माफिया को खुली छूट दी गई है। पुलिसकर्मी मानसिक दबाव, राजनीतिक हस्तक्षेप और जातिवादी उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं।




राजधानी में टीटी नगर, शाहजहांनाबाद और मिसरोद थाना क्षेत्र में तीन लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

# डॉक्टर दोस्त के कहीं और शादी करने की सूचना के बाद बीएचएमएस लेडी डॉक्टर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, 5 दिन से तनाव में थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित सेकंड स्टाप पर बीएचएमएस डॉक्टर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उनके साथ नौकरी करने वाले डॉक्टर से उनकी दोस्ती थी। डॉक्टर ने कहीं और शादी कर ली। पांच दिन पहले यह जानकारी लेडी डॉक्टर को लगी तो वह तनाव में रहने लगी थी। अनुमान है कि इसी के चलते उन्होंने फांसी लगाई है।



पुलिस के अनुसार 25 साल की शिवांगी सिंह यादव, सेकंड स्टाप तुलसी नगर में रहती थी। बीएचएमएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह गांधी नगर स्थित निजी अस्पताल में नौकरी कर रही थी। उनके पिता कृष्ण कुमार सिंह यादव खुशीलाल अस्पताल से रिटायर्ड है। कृष्ण कुमार के परिवार में पत्नी के अलावा बेटा और बेटी शिवांगी सिंह थी। बुधवार को सभी लोग घर पर थे। इस दौरान रात करीब 8 बजे शिवांगी ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद शिवांगी को मृत घोषित कर दिया।

### पांच दिन पहले इंदौर से आया था डॉक्टर

पुलिस ने शिवांगी के भाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह अपने बिजनेस करता है। शिवांगी के कॉलेज टाइम से एक युवक से दोस्ती थी। दोनों ने साथ में नौकरी भी की है। पांच दिन पहले साथी डॉक्टर इंदौर से भोपाल आया था। उसने शिवांगी को बताया कि उसने शादी कर ली है। यह बात पता चलने के बाद शिवांगी तनाव में रहने लगी थी। अनुमान है कि उसने साथी डॉक्टर की शादी से दुखी होकर फांसी लगाई है।

### कोर्ट में पेशी पर गया पति, पत्नी ने लगा ली फांसी

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित संजय नगर झुग्गी में बुधवार सुबह एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दरअसल, उसका पति सुबह 9 बजे कोर्ट पेशी पर निकला था। फोटो घर पर भूल जाने के कारण लौटा तो पत्नी फांसी के फंदे पर लटकी मिली। पुलिस को महिला के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुरुआती जांच में पता चला कि उसे डर था कि पति जेल चला जाएगा तो घर खर्च कैसे पूरा होगा और छह लाख की उधारी कैसे चुका सकेंगे। पुलिस ने बताया कि संजय नगर शाहजहांनाबाद निवासी अनीस खान कबाड़ी का काम करते हैं। परिवार में दो बेटे व दो बेटी के अलावा पत्नी नूर बानो (35) थीं। अनीस खान पर चोरी का माल खरीदने का एक प्रकरण है। बुधवार 23 जुलाई को बैरसिया कोर्ट में इस मामले में उनकी पेशी थी। बुधवार सुबह करीब 9 बजे वह पेशी पर जाने के लिए घर से निकले। करीब 15 मिनट बाद उन्हें याद आई कि फोटो घर पर छूट गई है। वे घर लौटे और अपने कमरे से फोटो लेने के बाद वह जाने लगे। तभी उन्होंने सोचा कि पत्नी से बात कर लेता हूं। जैसे ही वह दूसरे कमरे में पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। पत्नी नूर बानो दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटकी थीं। चीख-पुकार सुनकर अन्य परिजन भी मौके पर पहुंच गए। नूर बानो को फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, लेकिन पूर्व में ही उनकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस पहुंच गई थी।

#### हो गई थी उधारी

अनीस खान पर प्रकरण दर्ज होने के बाद से उनके परिवार पर छह से सात लाख रुपए की उधारी चढ़ चुकी थी। दो महीने बाद उनकी एक बेटी की शादी भी होना थी। बुधवार सुबह से ही नूर बानो तनाव में थीं। उन्हें चिंता सता रही थी कि पेशी पर जा रहे पति को कहीं जेल न हो जाए। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया था।

### पत्नी को घर से बाहर निकालकर पति फंदे पर झूला

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित मल्टी नंबर वन इन्द्रा नगर में रहने वाले एक युवक ने मंगलवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह शराब पीकर अक्सर मरने-मारने की बात करता था। घटना से पहले भी उसने कुछ दूर रहने वाली अपनी मां को कॉल कर मरने की बात कही थी। उसके बाद उसने बहाने से पत्नी को घर से बाहर कर फांसी लगा ली। फिलहाल कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। संतान नहीं होने से भी वह दुखी रहता था। पुलिस के अनुसार मल्टी नंबर वन इन्द्रा नगर जाटखेड़ी निवासी अखिलेश अहिरवार (26) बेलदारी का काम करता था। करीब तीन साल पहले उसकी काव्या नामक युवती से शादी हुई थी। उनकी कोई संतान नहीं थी। अखिलेश शराब पीने का आदी था। वह शराब पीकर खुद को कमरे में बंद कर लेता था और आत्महत्या करने की बात करता था। मल्टी से कुछ दूरी पर ढोलक बस्ती में उसके माता-पिता रहते हैं। मंगलवार रात वह माता-पिता के घर से खाना खाकर लौटा था। पत्नी उसका इंतजार कर रही थी। उसी दौरान अखिलेश ने पत्नी को बहाने से घर से बाहर कर दरवाजा भीतर से बंद कर लिया। काफी देर तक पत्नी दरवाजा खटखटाती रही, लेकिन जब दरवाजा नहीं खुला तो काव्या ने पड़ोस में रहने वाली 15 साल की अनामिका से कहा कि वह अपनी बॉलकनी से झांककर देखे। किशोरी ने देखा कि अखिलेश दुपट्टे के सहारे फंदे पर झूल रहा है।

## खबर संक्षेप



### पौधरोपण के साथ देखभाल करने का लिया संकल्प

**संतनगर।** नवयुवक सभा द्वारा संचालित अनंदराम टी. शाहानी, केटी शहानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सिंधू माध्यमिक शाला के द्वारा साधु वासवानी कॉलेज के प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान वृक्षों के महत्व को समझाया एवं उनकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया। स्कूल प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, राजेश हिंगोरानी, सुरेश राजपाल, धर्म प्रकाश मोटवानी एवं प्राचार्या ज्योति चौहान, हरिओम शर्मा, प्रधानाध्यापिका प्रिया धर्मदासानी एवं शिक्षक-शिक्षकाएं भी उपस्थित थे।

### श्रीराम चरित्र मानस महायज्ञ का आयोजन



**मंडीदीप।** आज इस मतलबी दुनिया को ध्यान से नहीं धन से मतलब है। भजन से नहीं भोजन से मतलब हैं। अपने निजी कामनाओं के कारण अभक्ष्य का भी सेवन करते हैं, जिसका असर उनके परिवार पर भी पड़ता है। इसलिए जिसका खानपान ठीक नही उसका आचरण ठीक नही होता है। उपरोक्त बात नगर में सोनी निवास पर आयोजित श्रीराम चरित्र मानस महायज्ञ में मानस मर्मज्ञ बनारस से पधारे सुरेश चन्द्र मिश्रा ने राम कथा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आज व्यक्ति अपने माता-पिता की आज्ञा मानना तो दूर उनका सम्मान तक नहीं करते एवं उन्हें अपने साथ रखना भी पंसद नहीं करते, जिससे व्यक्ति अपना सम्मान खोता जा रहा है। क्योंकि माता-पिता का सम्मान ही जीवन का आधार हैं।

### हत्या के प्रयास के दोषियों को 5 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** कुल्हाड़ी और डंडे से हमला कर युवक पर हमला कर उसकी हत्या का प्रयास करने वाले आरोपियों सन्नी प्रधान आयु 27 वर्ष एवं सनी गुप्ता आयु 20 निवासीगण बुढ़ाखेड़ा बैरागढ़ भोपाल को अपर सत्र न्यायाधीश जैनुल आब्दीन ने भादंसं की धारा-294, 323, 427 एवं 506 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 2-2 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अपर जिला लोक अभियोजक अजय सिंह चौहान द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार फरियादी रितिक अहिरवार ने 23 मई 2021 को थाना बैरागढ़ में उपस्थित होकर रिपोर्ट लिखाई थी। विवेचना करने के बाद जिला न्यायालय में आरोपियों के खिलाफ अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2716 | | |
| दिन: | 389 | 05 | 456 |
| रात: | 479 | 08 | 567 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 990 | 83 | 157 |
| रात: | 138 | 26 | 367 |

आरोपी चाचा-भतीजे से तीन ग्राम एमडी, पिस्टल सहित स्कॉर्पियो बरामद

# पकड़ाए एमडी ड्रग तस्करों से पूछताछ के बाद दो अन्य तस्कर गिरफ्तार


तस्करों के मोबाइल में मिले आपत्तिजनक वीडियो, वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### आरोपियों के मोबाइल में आपत्तिजन वीडियो

यासीन के मोबाइल की जांच में कई अश्लील वीडियो मिले हैं। कुछ वीडियो में वह खुद युवतियों के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आया है, जबकि कई अन्य में युवकों को निर्वस्त्र कर बेरहमी से मारपीट करते हुए नजर आ रहा है। क्राइम ब्रांच ने ऐसे सभी पीड़ितों से सामने आकर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि पीड़ितों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। यदि क्राइम ब्रांच आकर शिकायत नहीं करनी है तो मोबाइल पर भी पीड़ित शिकायत कर सकते हैं।





### टीटी नगर पुलिस से की थी अभद्रता

आरोपी यासीन की टीटी नगर इलाके में पुलिस ने तीन वाहनों से घेराबंदी की, भागने के प्रयास में आरोपी ने अपनी स्कॉर्पियो कार से दो कारों को टक्कर मारी थी साथ ही पुलिसकर्मियों से अभद्रता की। आरोपी ने अपनी स्कॉर्पियो में प्रेस लिखवा लिया था और विधानसभा पास लगाकर रखा था। आरोपी खुद को प्रभावशाली बताकर आमजन को धमकाते थे।

क्राइम ब्रांच की टीम ने नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन ग्राम एमडी जब्त किया है। दरअसल, पांच दिन पहले शुक्रवार को क्राइम ब्रांच की टीम ने गोविंदपुरा सब्जी मंडी से गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर दो अन्य ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से एक पिस्टल और स्कॉर्पियो वाहन भी जब्त किया गया। वाहन में प्रेस लिखा था और विधानसभा का पास लगा हुआ था। आरोपी खुद को प्रभावशाली बताकर गाड़ी से तस्करी करते थे। पुलिस ने स्कॉर्पियो और पिस्टल सहित तीन ग्राम एमडी जब्त कर ली है। आरोपियों के मोबाइल में मिले वीडियो के आधार पर अन्य नशे के सौदागरों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार देर रात गोविंदपुरा क्षेत्र की सब्जी मंडी टीनशेड के पास दो एक्टिवा सवार दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनके पास से से 15.14 ग्राम एमडी जब्त किया था। उनकी पहचान सैफुद्दीन पिता रफीकुद्दीन (28) और आशु उर्फ शाहरुख पिता नजमुल हसन (28) के रूप में की गई थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह ड्रग उन्होंने शाहवर मछली और यासीन से खरीदा था। दोनों आरोपी लंबे समय से ड्रग तस्करी में लिप्त है। उनका मुंबई तक नेटवर्क है। पुलिस ने आरोपी यासीन उर्फ मिंटू पिता शफीक अहमद (25) ओल्ड एमएलए क्वार्टर, बुधवारा को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक पिस्टल और 1.05 ग्राम एमडी मिला। यासीन क्लब में काम करता है। इसी प्रकार शाहवर पिता शरीफ अहमद (42) अब्बास नगर गांधी नगर को गिरफ्तार किया गया। वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। उसके पास से 2.052 ग्राम एमडी पाउडर मिला। आरोपी चाचा भतीजे है।

### टपरे में मिली दो दिन पुरानी युवक की लाश, पुलिस ने पीएम के लिए भेजा

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर में टपरे से एक युवक का दो दिन पुराना शव बरामद किया गया है। शव डिकंपोज होने लगा था। युवक दो दिन से मरा पड़ा था और उसके पिता को भनक तक नहीं थी। दरअसल, मृतक के पिता मानसिक रूप से विक्षिप्त है। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। अनुमान है कि उसे किसी जहरीले कीड़े ने काटा है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार आकाश पिता बारेलाल (23) आनंद नगर गायत्री अस्पताल के पीछे टपरा बनाकर रह रहे थे। उसके पिता मानसिक रूप से विक्षिप्त है। अस्पताल से जो मिला मांगकर खा लेते थे। मंगलवार सुबह आकाश का शव टपरे में अंदर के कमरे में मिला। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस की जांच में पता चला कि आखिरी बार आकाश अपने एक दोस्त के साथ रविवार रात देखा गया था। जब पुलिस ने दोस्त से पूछताछ की तो पता चला कि आकाश ने उसके साथ शराब पी थी। इसके बाद घर चला गया।

एक ही बाइक से निकले थे दोस्त, दो ने लगाई थी डैम में छलांग, एक सुरक्षित निकला

# पिकनिक मनाने गए चार दोस्त पानी में डूबने से एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित सीवेज लाइन कलियासोत डैम में गहरे पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर की बताई जा रही है। घटना के समय मृतक अपने तीन साथियों के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर निकला था। वहां पार्टी की और मछली के लिए केंचुए लेने जाने का कहकर निकला था, तभी नहाते समय पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार शुभम महाजन पिता वसंत महाजन (25) राहुल नगर, कमला नगर में रहता था। वह दस नंबर मार्केट के एक जिम में सफाइकर्मी था। मंगलवार सुबह वह अपने साथी दीपक चित्रांश और नितिन के साथ भदभदा डैम सब्जी मंडी के पीछे सीवेज लाइन कलियासोत डैम गया था। चारों एक बाइक पर सवार होकर गए थे और अपने साथ शराब लेकर भी गए थे। वहां सभी ने पार्टी की। दीपक और नितिन मछली पकड़ रहे थे। उन्हें मछली के चारे केंचुए की जरूरत थी। उन्होंने चित्रांश और शुभम को मछली लेने के लिए भेजा। दोनों केंचुए लेने गए थे और वहां उनका प्लान डैम के पानी में नहाने का हुआ। एएसआई रामदर्स यादव ने बताया कि शुभम और चित्रांश को तैरना नहीं आता था। उन्हें डैम में पानी का भी अंदाजा नहीं था। दोनों ने डैम में नहाने के लिए छलांग लगा दी। चित्रांश किसी तरह हाथ पैर मारकर पानी से बाहर निकल आया, जबकि शुभम गहरे पानी में चला गया था। चित्रांश ने अपने दोस्तों को घटना की जानकारी दी। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने शुभम की लाश गोताखोरों की मदद से शाम 7 बजे के आसपास बाहर निकाली और पीएम के लिए भेज दी। बुधवार को पीएम के बाद लाश परिजन को सौंप दी गई है।



शुभम महाजन, मृतक

## महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई

**मंडीदीप।** जन अभियान परिषद की नगर विकास समिति द्वारा महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती बुधवार को वार्ड 8 में मनाई। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। देश की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ब्लॉक समन्वयक निषा पटेल ने कहा कि चंद्रशेखर का नाम भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के इतिहास में अमिट है। इस दौरान स्वामी विवेकानंद अकादमी के अध्यक्ष विनोद जैन ने उनके जीवन और स्वतंत्रता के लिए उनके सहयोग करना और उनके विचारों को बताया। इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी वीर सिंह चौहान, नगर विकास समिति के अध्यक्ष अमित जैन, राधिका पाल, अलका उमक, घनष्याम गोस्वामी, आकाश रघुवंशी , प्रियंका गौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री के स्वदेश लौटने पर विधायक पटवा ने किया स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के यूएई और स्पेन की ऐतिहासिक एवं सफल यात्रा से वापस लौटने पर भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया। इस यात्रा के माध्यम से मध्यप्रदेश को 11,000 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससें प्रदेश में लगभग 14,000 से अधिक नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। राज्य को वैश्विक निवेश के नक्शे पर एक नई पहचान मिलेगी। इस अवसर पर उमरिया (गौहरगंज) में बीएएमएल (भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड) द्वारा स्वीकृत लगभग 1800 करोड़ के निवेश से हाई स्पीड रेल व मेट्रो के कोच के निर्माण कार्य के 10 अगस्त के सम्भावित भूमिपूजन कार्यक्रम के संदर्भ में भी सार्थक चर्चा की।



## ज्वॉइन एनसीसी ड्राइव के अंतर्गत फिटनेस टेस्ट का आयोजन किया

**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल में बुधवार को नए एनसीसी कैडेट्स के नामांकन के लिए ज्वॉइन एनसीसी ड्राइव के अंतर्गत फिटनेस टेस्ट का आयोजन किया गया। यह गतिविधि एमपी नेवल यूनिट एनसीसी, भोपाल के सहयोग में संपन्न हुई। इस अवसर पर पीआई स्टाफ पीओसीओएम (टेल) प्रीतम सरकार एवं पीओ (जीएस) भानु प्रताप शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं में अनुशासन व देशभक्ति को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज प्रबंधन की पहल की सराहना की। फिटनेस टेस्ट में दौड़, पुश-अप्स, क्रंचेस, ड्रिल, पोस्चर मूल्यांकन एवं साक्षात्कार जैसी विभिन्न शारीरिक और व्यक्तित्व मूल्यांकन गतिविधियाँ सम्मिलित थीं। इनका उद्देश्य ऐसे छात्रों की पहचान करना था जो शारीरिक रूप से फिट और वास्तव में एनसीसी में शामिल होने के इच्छुक हैं उन्हें ही शामिल किया जाएगा। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि केवल वही छात्राएं एनसीसी में नामांकित की जाएंगी, जो इच्छुक, अनुशासित एवं शारीरिक रूप से सक्षम हैं।



# चोरी के संदेह में युवक को बंधक बनाकर पीटा

कबाड़खाना क्षेत्र की घटना, एल्युमिनियम के तार चुराते था पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कबाड़खाना में एल्युमिनियम की केबल चुराते हुए कबाड़ा कारोबारियों ने एक युवक को पकड़ लिया। उसकी जमकर धुनाई की गई। युवक का आरोप है कि उसे बंधक बनाकर रखा गया और पाइप सहित डंडे से उसके साथ मारपीट की गई। रात तक उसे बंधक बनाकर रखकर मारपीट की गई है। पुलिस ने उक्त मामले में मारपीट करने वाले तीन कबाड़ियों पर प्रकरण दर्ज किया है, वहीं पुलिस युवक के खिलाफ चोरी के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार भैया कबाड़ी, की कबाड़खाना इलाके में दुकान है। उनकी दुकान पर शोएब नामक युवक मंगलवार को चोरी की नियत से घुसा और एल्युमिनियम की केबल चुराने लगा। उसे चोरी करते हुए भैय्या कबाड़ी ने रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद अपने भाइयों के साथ मिलकर उसे दुकान में बंद कर जमकर पीटा। उसके साथ डंडे और पाइप से मारपीट की गई थी। बाद में उसे समझाइश देकर छोड़ दिया गया था। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी शोएब अपनी भाई के साथ थाने पहुंचा और भैया कबाड़ी और उसके भाइयों के साथ बंधक बनाकर मारपीट करने के आरोप लगाए। पुलिस ने भैया कबाड़ी और उसके भाइयों पर बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।



### शातिर चोर है शोएब

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि शोएब शातिर चोर है। भैय्या कबाड़ी के पास दुकान से चोरी करते हुए उसका वीडियो भी है। पुलिस ने शोएब का रिकार्ड खंगाला तो पता चला कि उस पर पूर्व में दो तीन अपराध पंजीबद्ध है। अब पुलिस शोएब के खिलाफ चोरी के प्रयास का मामला दर्ज कर रही है।

आरोपी पिछले 5 साल से चल रहा था फरार

सीबीआई ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था

# व्यापमं महाघोटाला मामले के आरोपी को 5 साल की सजा, सजा भुगतने जेल भेजा

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

व्यापमं द्वारा वर्ष 2013 में आयोजित पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा घोटाला मामले में सीबीआई के विशेष न्यायालय से 5 वर्ष के सश्रम कारावास और पांच हजार रुपए के अर्थदंड की सजा पाए आरोपी जय सिंह हांडा को अपर सत्र न्यायाधीश विवेक सक्सेना ने सजा भुगताए जाने के लिए जेल भेज दिया है।

व्यापमं द्वारा वर्ष 2013 में भोपाल के आरकेडीएफ कॉलेज में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में परीक्षार्थी आशीष अवलिया के स्थान पर प्रतिरूपक जय सिंह हांडा ने परीक्षा दी थी। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद आशीष अवलिया की शाजापुर में पुलिस आरक्षक के पद पर नियुक्ति भी हो गई थी। पहले व्यापमं घोटाला मामले की जांच एसटीएफ को दी गई थी, बाद में सीबीआई को सौंप दी गई थी। सीबीआई ने आरोपी आशीष अवलिया और जयसिंह हांडा के खिलाफ विवेचना पूर्ण करने के बाद सीबीआई के विशेष न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। सीबीआई के तत्कालीन विशेष न्यायाधीश संजय पांडे ने 24 अक्टूबर 2018 को आरोपी आशीष अवलिया और जयसिंह हांडा को 5 वर्ष के सश्रम कारावास और पांच हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई थी। आरोपी जय सिंह हांडा ने सीबीआई न्यायालय के फैसले के खिलाफ मप्र उच्च न्यायालय की जबलपुर खण्डपीठ में अपील प्रस्तुत कर जमानत मांगी थी।

### आरोपी ने कोर्ट में पेश नहीं किए दस्तावेज

मप्र उच्च न्यायालय ने 26 मई 2020 को आरोपी की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उसे 50,000 रुपए की जमानत पर रिहा करते हुए 6 जुलाई 2020 को जिला न्यायालय में जमानत के दस्तावेज पेश करने के आदेश दिए थे। मप्र उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद आरोपी ने जिला न्यायालय में जमानत के दस्तावेज पेश नहीं किए थे। आरोपी के फरार हो जाने पर जिला न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सीबीआई ने आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जिला न्यायालय में पेश किया था।

झूलेलाल चालीहा व्रत महोत्सव के अंतर्गत भोपाल आए मनीष लाल ने कहा

# श्री अमर कथा के दर्शन मात्र से व्यक्ति के समस्त कष्टों का निवारण हो जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

भगवान झूलेलाल जी के 26वें वंशज, परम पूज्य 1008 सूर्यवंशी ठकुर साई मनीष लाल साहब का भोपाल आगमन हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं पूज्य सिंधी समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। संत हिरदाराम नगर पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत आसवानी ने बताया कि साईं मनीष लाल साहब देशभर में चल रहे भगवान झूलेलाल चालीहा व्रत महोत्सव के अंतर्गत भोपाल प्रवास पर हैं।

इस क्रम में वे भोपाल के विभिन्न झूलेलाल मंदिरों में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। संत नगर मेंन रोड स्थित झूलेलाल चालीहा वारो मंदिर में पूज्य बहिराणा साहिब का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर साईं ने सभी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि भगवान झूलेलाल जी का ग्रंथ 'श्री अमर कथा' हर व्यक्ति को अवश्य पढ़ना चाहिए। यह ग्रंथ हर घर में होना चाहिए, क्योंकि इसके पठन से मनुष्य जीवन का उद्धार संभव है। श्री अमर कथा के दर्शन मात्र से व्यक्ति के कष्टों का निवारण हो जाता है तथा घर में सुख-शांति का वास होता है। कार्यक्रम में भोपाल की विभिन्न पूज्य सिंधी पंचायतों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



## हम गरीबों और आम लोगों की पार्टी : केजरीवाल

भरूच। गुजरात विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, आम आदमी पार्टी ने यहां अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। रविवार को आप के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भरूच में आदिवासी संकल्प महा सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। केजरीवाल ने कहा, हम गरीबों और आम लोगों की पार्टी हैं। हम आपके साथ खड़े हैं।


**पश्चिम मध्य रेल**
वाणिज्य विभाग
रेलक्र. जबल/सी/170/ई–ऑक्शन/विविध/25
दिनांक: 18.07.2025

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर द्वारा IREPS पर पंजीकृत संस्थाओ से ई–ऑक्शन के माध्यम से विज्ञापन एवं एमएलआरलीजिंग ठेके हेतु वोलियों आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को IREPS की वेबसाइट www-ireps-gov-in. पर प्रकाशित किया जा चुका है जबलपुर मंडल के आगामी ई–ऑक्शन का विवरण निम्नवत है। **श्रेणी :** पार्सल लीजिंग, कैटलाग: JBP-C-Par-53, **एसेट विवरण** : जबलपुर मंडल की गाड़ी संख्या 12160 (जबलपुर अमरावती),11651 (जबलपुर – सिंगरौली), 12187 (जबलपुर –सी एस.एम. टी.), 22190 (रीवा – जबलपुर), 12186 (रीवा– आर.के. एम.पी.), 22188 (अधारताल – आर.के. एम.पी.),), 22162 (दमोह – भोपाल), 20906 (रीवा एकता नगर 22189 (जबलपुर रीवा), 11751 (रीवा –चिरमरी) , 19014 (कटनी – भुसावल), 12062 (जबलपुर – RKMP), 11449 (जबलपुर श्री माता वैष्णो देवी कटरा) के एसएलआर एवं 12187 – 12188 (जबलपुर सी एस.एम.टी. जबलपुर) 11464 (जबलपुर – VRL), 11706 (रीवा– जबलपुर) के पार्सल वैन लीजिंग हेतु। **ऑक्शन प्रारंभ** : 30.07.2025 12:00 hrs, **ऑक्शन समापन** : 30.07.2025 15:00 hrs, 1. बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई–ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेवसाइट www-ireps-gov-in. देखे । 2. उक्त ई–ऑक्शन आई. आर. ई.पी.एस. (IREPS) के ई–ऑक्शन मोड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। 3. ई–ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई. आर. ई.पी.एम. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। 4. बोलीदाता IREPS में उल्लेखित दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई–ऑक्शन में भाग ले सकते है। 5. सभी संभावित बोली दाताओ से अनुरोध है कि ई–ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. का अवलोकन करते रहे।

(हस्ता)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेलवे,जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


एनआईए ने किया खुलासा

# हेडली के जासूसी मिशन के लिए तहव्वुर राणा ने मुंबई में खोला था नकली ऑफिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनआईए की चार्जशीट में खुलासा हुआ है कि 26/11 मुंबई आतंकी हमले में कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा ने एक अहम भूमिका निभाई थी। वह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी डेविड हेडली की मदद करने के लिए मुंबई में एक नकली ऑफिस बनाकर उसकी जासूसी गतिविधियों को अंजाम दिलवा रहा था। इस हमले में 170 से अधिक लोग मारे गए थे। तहव्वुर राणा ने 'इमीग्रेंट लॉ सेंटर' नाम से एक नकली कॉर्पोरेट ऑफिस खोला था। यह ऑफिस असली व्यावसायिक गतिविधियों के बिना ही दो साल तक संचालित होता रहा और इसका एकमात्र उद्देश्य हेडली को मुंबई में हाई-प्रोफाइल जगहों की रेकी कराने में मदद करना था। इसी जानकारी के आधार पर 2008 में मुंबई पर बड़ा हमला हुआ। इस ऑफिस से पूरी तरह से हेडली को गुप्त गतिविधियों का समर्थन मिलता रहा। यहां कथित तौर पर हेडली को हमलों की तैयारी के लिए मुंबई भर में कई हाई-प्रोफाइल ठिकानों की विस्तृत निगरानी करने में मदद मिलती रही।



### जासूसी अभियानों में राणा की थी मुख्य भूमिका

एनआईए ने चार्जशीट में बताया है कि तहव्वुर राणा ने हेडली को भारत में मूवमेंट और लोकेशन की पहचान के लिए मदद की। हेडली ने भारत में कई संवेदनशील स्थानों जैसे ताज होटल, ओबेरॉय होटल, नरीमन हाउस और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस की रेकी की थी। राणा की इस भूमिका ने ही 26/11 हमलों की नींव तैयार की।

### पाकिस्तान से जुड़ा था बड़ा षड्यंत्र

जांच में यह भी सामने आया है कि राणा 2005 से ही पाकिस्तान में बैठे साजिशकर्ताओं के संपर्क में था। उनका मकसद भारत की संप्रभुता और सुरक्षा को चोट पहुंचाना और आतंक के जरिए युद्ध जैसी स्थिति बनाना था। साथ ही बड़े पैमाने पर आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देकर भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ना था। एनआईए ने आरोप लगाया कि राणा की कार्रवाइयों का उद्देश्य भारतीय आबादी में आतंक फैलाना और राष्ट्रीय हितों को कमजोर करना था। इसीलिए उसके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत कई आरोप लगाए गए हैं।

### पूछताछ में किए कई अहम खुलासे

एनआईए के मुताबिक, राणा ने हिरासत में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं। इन बयानों की पुष्टि के लिए अमेरिका को म्युचुअल लीगल असिस्टेंस रिक्वेस्ट भेजी गई है। अधिकारियों का मानना है कि अमेरिका से मिलने वाली जानकारी इस पूरे षड्यंत्र में शामिल अन्य चेहरों को उजागर कर सकती है। माना जा रहा है कि कई अंतर्राष्ट्रीय माध्यमों से प्राप्त जानकारी षड्यंत्रकारियों के व्यापक नेटवर्क को उजागर करने और कार्रवाई योग्य सबूत जुटाने में महत्वपूर्ण होगी।


**M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**
(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
Secretariat for single window system
21, Arera Hills, Bhopal-462011 M.P. (India), CIN :U51102MP1977SGC001392
Tel. (91) 755-2571830, 2575618, 3523555, 3523505, E-mail : helpdesk@mpidc.co.in
Website : www.invest.mp.gov.in

MPIDC/CE/Tech-RFP/2025/220, 225-228 Date : 23.07.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Madhya Pradesh Industrial Development Corporation Ltd. (MPIDC Ltd.) invites online percentage rate bids for the following work from registered contractors and firms for the following works :-

| NIT No. | Name of Work | District | Probable Amount of Contract (in Rs. Cr.) |
|---|---|---|---|
| 220 | Infrastructure Development of Industrial Park Geedan Phase 1, Dist. Damoh. | Damoh | 38.01 |
| 225 | Infrastructure Development of Industrial Park Mohna, Dist. Gwalior. | Gwalior | 96.29 |
| 226 | Upgradation of Road of Industrial Area Sitapur Phase 1 and 2, Dist. Morena. | Morena | 12.68 |
| 227 | External Electrification work of I/A Piproda Khurd, Dist. Guna. | Guna | 9.57 |
| 228 | External Electrification work of I/A Semlikakad, Dist. Mandsaur. | Mandsaur | 10.03 |

The Tender documents can be downloaded from the e-procurement Portal https://mptenders.gov.in – MPIDC HO shortly.
M.P. Madhyam/121243/2025 CHIEF ENGINEER


## कक्षा 6 से 12 तक के स्कूली छात्रों को मिलेगी एआई की ट्रेनिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने 22 जुलाई को एसओएआर (स्किलिंग फॉर एआई रेडीनेस) का शुभारंभ किया। यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसे कक्षा 6 से 12 तक के स्कूली छात्रों में एआई जागरूकता और बुनियादी शिक्षा को शामिल करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

एसओएआर में छात्रों के लिए तीन प्रगतिशील 15-घंटे के मॉड्यूल शामिल हैं, जिनका शीर्षक है एआई टू बी अवेयर, एआई टू एक्वायर और एआई टू एस्पाइर और शिक्षकों के लिए एक 45-घंटे का मॉड्यूल जिसका शीर्षक है एआई फार एजूकेटर्स।

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता से सक्रिय रूप से जुड़े युवा शिक्षार्थियों का दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क बनाने की आकांक्षा रखता है।

**पेज एक का शेष...**

### इंडिगो विमान के...

से टेकऑफ करना था। प्लेन में एटीसी के क्लीयरेंस मिलने के बाद रनवे पर रोल करना शुरू ही किया था। इस रोलिंग के बाद प्लेन टेकऑफ कर जाता है। लेकिन तभी फ्लाइट के इंजन में आग लग गई और पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को मेडे की कॉल दी। इसके बाद आनन-फानन में फ्लाइट को खाली कराया गया। इंडिगो ने कहा कि फ्लाइट को ऑपरेशन में लाने से पहले आवश्यक जांच और मेंटेनेंस किया जाएगा।

### धनखड़ 'खाली' करेंगे ...

एक्शन मोड में आ गया है। आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। आयोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारी संबंधी गतिविधियां पूरी होने के बाद जल्द ही उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। चुनाव आयोग को अनुच्छेद 324 के तहत भारत के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कराने का अधिकार प्राप्त है।

यह चुनाव राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम 1952 और इसके तहत बने नियमों (राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम 1974) द्वारा कराया जाता है। आयोग ने कहा कि निर्वाचक मंडल की तैयारी, जिसमें राज्यसभा एवं लोकसभा के निर्वाचित तथा मनोनीत सदस्य शामिल होते हैं शुरू कर दी गई है। इसके अलावा रिटर्निंग ऑफिसर / सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोग ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति चुनावों से संबंधित जानकारियों और रिकॉर्ड को देखा जा रहा है।

### पीएम के विदेश...

हों। एनडीए के किसी प्रमुख घटक दल खासकर टीडीपी या जेडीयू से किसी सदस्य के चुने जाने की निश्चित रूप से संभावना है। उपराष्ट्रपति चुनाव ऐसे समय में होने जा रहा है जब राज्यपालों की नियुक्ति और भाजपा के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए आंतरिक चुनावों के अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल में एक महत्वपूर्ण फेरबदल की उम्मीद है।

### वाहनों में विदेशी....

बरामद किए गए हैं। देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के साथ मॉर्फ फोटो दिखाकर लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करता था। एसटीएफ ने आरोपी को कविनगर थाना पुलिस को सौंप दिया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि अवैध सैटेलाइट फोन रखने के मामले में आरोपी हर्षवर्धन के खिलाफ साल 2011 में थाना कविनगर में मामला दर्ज हुआ था। शेल कंपनियों के माध्यम से हवाला ट्रांजेक्शन करता था।

### संयुक्त पंजीयक...

के आवेदन किया था। सेल्समैन के पद की अनुशंसा संयुक्त पंजीयक शिवेंद्रदेव पांडे को करना है। इसी को लेकर वह शिवेंद्रदेव पांडे से मिला। पांडे ने उसे अनुशंसा करने के बदले एक 1 लाख रुपए रिश्वत मांगी थी। आवेदन ने इतना रुपए नहीं होने की बात कही तो 50 हजार रुपए में अनुशंसा करने की बात तय हुई। शिकायतकर्ता की घटना की शिकायत ईओडब्ल्यू में की। ईओडब्ल्यू ने जांच की तो बात सही निकली। इसके बाद शिकायतकर्ता को रिश्वत की राशि 50 हजार रुपए लेकर भेजा गया। जब वह पांडे को रिश्वत दे रहे थे, तभी ईओडब्ल्यू की टीम ने शिवेंद्र पांडे को रंगेहाथ दबोच लिया।

### मैं नहीं जी पा रही...

है। आत्महत्या के कुछ घंटे पहले ही सीमा पटेल (27) ने अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा कि मैं आज दुनिया छोड़कर जा रही हूं। मैं नहीं जी पा रही हूं। सब मेरी बेटी (बड़ी बेटी) का ख्याल रखना। इस पोस्ट के कुछ घंटे पहले भी सीमा ने एक और पोस्ट की जिसमें उसने अपने पति के जाने के गम का जिक्र करते हुए लिखा-क्या दिन थे आपके साथ, पता ही नहीं चला कि आप छोड़कर चले गए। सीमा की चार साल की बेटी एक और बेटी है, जो घटना के समय उसके साथ नहीं थी। इस मामले को लेकर पथरिया थाने के एएसआई संतोष सिंह ने कहा कि जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं, उनकी भी जांच होगी। यदि आरोप सही पाए गए तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी (मृतका सीमा पटेल के भाई धीरेंद्र पटेल ने बताया कि मंगलवार को वह बहन के घर में ही था। रात में उसे दूसरे कमरे में सुलाया गया और बाहर से दरवाजा लॉक कर दिया गया। सुबह 4:30 बजे मुझे बताया गया कि मेरी बहन ने भांजी के साथ कुए में कूदकर आत्महत्या कर ली। धीरेंद्र ने आरोप लगाया कि ननद ने हत्या करके उसे कुए में फेंक दिया है। मायके पक्ष का कहना है कि ससुराल वाले रुपयों की मांग करते थे और बेटी के साथ मारपीट करते थे। कुछ दिन पहले ही उन्होंने पांच लाख रुपए दिए थे। गौरतलब है कि पति निहाल गांव का समृद्ध किसान था और सरपंच का चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गया था।

### देर रात हुआ ...

जनकगंज, झांसी रोड, माधौगंज थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को खाई से निकालकर जेएएच के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। सीएसपी हिना खान ने बताया कि कार काफी स्पीड में थी। इसी दौरान टायर फट गया, जिस कारण अचानक बेकाबू होकर कांवड़ियों को कुचलते हुए हाईवे से नीचे झाड़ियों में पलट गई। वाहन चालक मौका देखकर फरार हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दुख जताते हुए लिखा कि ग्वालियर में सड़क हादसे में पवित्र कांवड़ यात्रा के दौरान चार कांवड़ियों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगतों की पुण्यात्मा को शांति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान दें। प्रत्येक मृतक के परिवारजनों को राज्य शासन द्वारा 4-4 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। शोकाकुल परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर उन्हें अपार दुःख सहन करने का संबल प्रदान करें।

### नियमों को ताक ...

कि राज्य सरकार कोई बड़ी कार्रवाई करेगी। बुधवार को मुख्य सचिव अनुराग जैन ने निर्णय लेते हुए उक्त प्रमुख सचिव कोठारी व सदस्य सचिव श्रीमती माहेश्वरी को हटा दिया। बताते हैं कि जल्दी ही नियमों के विरूद्ध दिए गए पर्यावरण अनुमतियों में सरकार अनुमतियां निरस्त करने के साथ ही जरूरी होने पर एफआईआर भी दर्ज करा सकती है।

### इन अधिकारियों ...

मुख्यमंत्री का प्रभार अतिरिक्त रूप से दिया गया है। अभी एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री के सचिव पद से हटाए गए आईएएस सिबि चक्रवर्ती एम की जगह लेंगे। सरकार ने आरआरडीए के सीईओ दीपक आर्य को एप्को के कार्यपालक संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। जबकि, एसीएस गुप्ता के पदभार ग्रहण करने के बाद प्रमुख सचिव अमित राठौर कुटीर व ग्रामोद्योग विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे। दूसरी तरह सीईओ आर्य के पदभार ग्रहण करने पर श्रीमती माहेश्वरी एप्को के प्रभार से मुक्त होंगी।


आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644

www.ratnawala.com
रत्नवाला
समय से पहले - किस्मत से ज्यादा
हम पुराने पहले हुए रत्न नहीं बेचते हैं
• शुद्ध - प्रमाणिक असरदार रत्न उपलब्ध
• रत्न तराशने की फैक्ट्री
• अनुभवी ज्योतिषाचार्य से सलाह
• ग्रहों के अनुसार उपयुक्त रत्न की सलाह
विश्वास का साथ सेवा के 30+ वर्ष
PRATEESH SAXENA Gemologist & Govt. Valuer
जब हुबहू नकली रत्न बन सकते हैं तो कागज का नकली "टेस्टिंग सर्टिफिकेट" भी बन सकता है। सजग रहें
89-89-678-678
City Trade Center, 141, Malviya Nagar, Bhopal
ज्योतिषम्


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम SHEKH AZIZ AHMAD था जो कि मेरे पासपोर्ट मे है किन्तु अब मेरा नाम अब बदल कर AZEEZ AHMADहो गया अतः अब भविष्य में मुझे AZEEZ AHMAD के नाम से जाना एवं पहचाना जाए पता : मकान नंम्बर 47/B KIRAN NAGAR PHASE _2 NIZAMUDDIN COLONY BHOPA M.P.

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साइज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Pub, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION* College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
** Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5937

**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

**शब्द पहेली- 5936 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | | अ | | त | र | ब | त | र |
| ल | | त | म | स | | ह | म | ला | | खै |
| क | श | | | ल | | ल | | | का | ल |
| | ही | | क | हा | नी | का | र | | र | |
| ब | द | मा | श | | र | | च | म | क | ना |
| | | | ल | क्ष | | सी | ना | | | |
| र | त | ज | गा | | आ | | का | म | या | ब |
| | र | | ना | ना | स | सु | र | | च | |
| य | ह | | | म | | य | | | क | म |
| ह | | त | ना | व | | पा | य | ल | | हु |
| त | ल | ब | गा | र | | न | | ब | ल | वा |

## सूडोकु नवताल - 5947

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5946 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# अमूल ब्रांड के संचालक अशोक चौधरी जीसीएमएमएफ के निर्विरोध चेयरमैन निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुजरात

सहकारी नेता अशोक चौधरी 'अमूल' ब्रांड का संचालन करने वाली सहकारी संस्था 'गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ' (जीसीएमएमएफ) के निर्विरोध चेयरमैन चुने गए। यह महासंघ गुजरात और देश के कई अन्य राज्यों में दूध और डेयरी उत्पादों का विपणन करता है। दूध उत्पादक संघ जीसीएमएमएफ (अमूल) के नए चेयरमेन के रूप अशौक चौधरी का चयन हुआ। इसके साथ ही राजकोट डेरी के चेयरमैन गोरधन धामेलिया को वाइस चेयरमेन बनाया गया है।

## 'गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ' का कारोबार 80 हजार करोड़ रु. से अधिक का






### गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन की शुरुआत 1973 में हुई थी

जीसीएमएमएफ का कारोबार 80,000 करोड़ रुपए से अधिक है। 9 जुलाई 1973 को डॉ. कुरियन ने राज्य के 18 दुग्ध उत्पादक संघों को एक छत के नीचे लाकर गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) ) की स्थापना की थी। डॉ. कुरियन तीन दशक तक इसके अध्यक्ष पद पर रहने के बाद राजनीति का प्रवेश हुवा और 2012 से महासंघ के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की नियुक्ति राजनीतिक तरीके से होती रही है।

## अगले कार्यकाल के लिए चुने गए चेयरमैन



राज्य में अधिकांश दुग्ध उत्पादक संघ भाजपा से प्रेरित हैं। पिछले साल 55 हजार करोड़ से ज्यादा टर्न ओवर करने वाली जीसीएमएमएफ के अगले कार्यकाल के लिए चेयरमैन और वाइस चेयरमैन घोषित हुए हैं। यह घोषणा आणंद जिला कलेक्टर प्रवीण कुमार चौधरी चुनाव अधिकारी की मौजूदगी मे हुई है। वर्तमान अध्यक्ष शामलभाई पटेल को लगातार दो बार जीसीएमएमएफ का चेयरमैन और वालमजी हुबल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। चेयरमैन और उपाध्यक्ष का चुनाव फेडरेशन की 18 सदस्य डेयरी यूनियनों के चेयरपर्सन, फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर और जिला रजिस्ट्रार मिलकर करते हैं। हर यूनियन का वोट उसकी सालाना कमाई पर निर्भर करता है। हालांकि फेडरेशन की शुरुआत से ही नेतृत्व का चुनाव हमेशा सर्वसम्मति से हुआ है और कभी वोटिंग की नौबत नहीं आई।

### अनुभवी विशेषज्ञों से निवेशकों को मिलेगी बेहतर सलाह

# शहर में निवेशकों का महाकुंभ आज अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ करेंगे मार्गदर्शन



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 24 जुलाई यानी गुरूवार को म्यूचुअल फंड एसोसिएशन द्वारा निवेश का महाकुंभ की घोषणा की गई है। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के अंतरराष्ट्रीय निवेश विशेषज्ञ, म्यूचुअल फंड कंपनियों के सीईओ और फंड मैनेजर हिस्सा लेंगे। म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (एमएफडीए) के अध्यक्ष प्रदीप रावत ने बताया कि यह महाकुंभ डिस्ट्रीब्यूटर्स को अनुभवी विशेषज्ञों से सीखने और निवेशकों को बेहतर सलाह देने का अवसर देगा। एसोसिएशन का उद्देश्य निवेशकों के हितों की रक्षा और उन्हें सुरक्षित व लाभदायक निवेश विकल्पों की ओर प्रोत्साहित करना है। प्रदीप रावत ने कहा कि भारतीय मार्केट में अभी अपार संभावनाएं हैं। एप्पल और टेस्ला जैसी कंपनियां भारत में अपने पैर पसार चुकी हैं और अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी निवेश के लिए उत्सुक हैं। कल्पतरु मल्टीप्लायर के डायरेक्टर आदित्य मान्या जैन ने कहा कि सेबी जल्द ही गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ को मार्केट के वास्तविक रेट से जोड़ने पर विचार कर रही है, जिससे निवेशकों को पारदर्शिता और लाभ मिलेगा। उन्होंने छोटे निवेशकों के लिए 'मेरी सहेली एसआईपी' को मात्र 100 रुपए प्रतिमाह से शुरू करने का सुझाव दिया।

### मध्यप्रदेश के डिस्ट्रीब्यूटर्स और निवेशकों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर

*एमएफडीए के मीडिया प्रभारी डॉ. अतुल दुबे ने बताया कि इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पीकर, फंड मैनेजर और सीईओ का एक मंच पर आना, मध्यप्रदेश के डिस्ट्रीब्यूटर्स और निवेशकों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। उनका मार्गदर्शन न केवल निवेशकों की समझ को गहराई देगा, बल्कि उन्हें सुरक्षित, पारदर्शी और लाभदायक निवेश विकल्पों की ओर भी प्रेरित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजनों से प्रदेश का निवेश परिदृश्य और अधिक मजबूत होगा। एमएफडीए के मीडिया सचिव नितिन गुप्ता ने कहा कि इस महाकुंभ के माध्यम से डिस्ट्रीब्यूटर्स को नवीनतम निवेश रणनीतियों की जानकारी मिलेगी और वे निवेशकों को सुरक्षित व बेहतर रिटर्न वाले विकल्प सुझा सकेंगे।*

### केंद्रीय परिवहन मंत्री को ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट ने लिखा शिकायती पत्र

# बोले- नहीं दिया जाए किसी कंपनी को अनुबंधित कर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का एकाधिकार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट और इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को मध्यप्रदेश परिवहन विभाग द्वारा भारी वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव (रेडियम पट्टी) लगाने जाने की प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से जटिल बनाने को लेकर एक शिकायती पत्र लिखा है। शिकायती पत्र में संगठन ने कहा कि रेडियम पट्टी प्रक्रिया को जटिल बनाने वाहन मालिकों के शोषण की आशंका है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट के एमसी मेंबर और इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष सीएल मुकाती के अनुसार रेट्रो रिफ्लेक्टिव (रेडियम पट्टी) लगाने जाने की प्रक्रिया को लेकर विभाग द्वारा किसी कंपनी से अनुबंध करने की योजना बनाई जा रही है, जिसकी सूचना विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है और 30 जुलाई 2025 तक का समय निर्धारित किया गया है। यह प्रस्ताव न केवल वाहन स्वामियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार डालेगा, बल्कि यह केंद्र सरकार की ओपन पॉलिसी तथा उपभोक्ताओं की स्वतंत्रता के भी प्रतिकूल है। उन्होंने कहाकि संगठन के द्वारा विगत वर्षों में भी इस तरह की प्रक्रिया का विरोध किया था, जिसे राज्य सरकार द्वारा स्थगित कर दिया गया। भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 6 सितंतर 2021 को जारी उपर्युक्त पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वाहन स्वामी एआईएस -090 प्रमाणित रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप किसी भी अधिकृत विक्रेता से क्रय कर अपने वाहन पर लगा सकते हैं। इसके बावजूद मध्यप्रदेश परिवहन विभाग द्वारा केवल चयनित कंपनी से ही टेप लगवाने की अनिवार्यता थोपना न केवल अनुचित है, बल्कि इससे लाखों ट्रक ऑपरेटरों व वाहन स्वामियों के हित प्रभावित होंगे।

**रेडियम पट्टी प्रक्रिया को जटिल बनाने वाहन मालिकों के शोषण की आशंका**





सीएल मुकाती

### भारी वाहन मालिकों के हित में संगठन की मांग

*मध्यप्रदेश में केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित ओपन पॉलिसी को अक्षरशः लागू करवाया जाए। किसी कंपनी को अनुबंधित कर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का एकाधिकार नहीं दिया जाए। समस्त एआईएस एआईएस-090 प्रमाणित टेप को मान्यता दी जाए तथा वाहन स्वामियों को किसी भी अधिकृत विक्रेता से टेप क्रय कर लगाने की स्वतंत्रता प्रदान की जाए।*

### सेंट्रल बैंक में हुई नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 82वीं अर्द्धवार्षिक बैठक

# 16 बैंक, 6 बीमा कंपनियों के 48 बैंककर्मी और 27 हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेता हुए सम्मानित

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), भोपाल की 82वीं अर्द्धवार्षिक बैठक बुधवार को आयोजित हुई। बैठक गृह मंत्रालय,राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय भोपाल के उपनिदेशक नरेंद्र सिंह मेहरा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता धीरेज गोयल, महाप्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा की गई। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक रेखा चंदनवेली, भारतीय जीवन बीमा निगम की क्षेत्रीय प्रबंधक श्यामा सिकदर तथा नाबार्ड की महाप्रबंधक सी. सरस्वती विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस मौके पर नरेंद्र सिंह मेहरा ने सभी कार्यालयों से 100 फीसदी हिंदी के प्रयोग का आह्वान करने के साथ कई महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

### कैप्री ग्लोबल हाउसिंग को मिला राष्ट्रीय आवास बैंक उत्कृष्टता पुरस्कार

*मुंबई। कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा वर्ष 2024–25 के पहले आवास एवं आवास वित्त उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, यह पुरस्कार 1000–5000 करोड़ रुपए की आवास ऋण श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एनएचबी के उद्घाटन समारोह में प्रदान किया गया। यह सम्मान सीजीएचएफएल की मजबूत पोर्टफोलियो वृद्धि, सशक्त संपत्ति गुणवत्ता, और ऐसे वंचित समुदायों तक होम लोन सुविधाएं पहुँचाने के इसके लक्ष्य को रेखांकित करता है, जिन्हें अब तक पर्याप्त वित्तीय सेवाएं नहीं मिल सकीं। कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश शर्मा ने कहाकि यह पुरस्कार हर भारतीय को अपना घर दिलाने के हमारे संकल्प और वित्तीय समावेशन के प्रति हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को फिर से सशक्त करता है।*

## खबर संक्षेप

### फास्ट्रैक घड़ियों का नया कलेक्शन ओशनिक्स लांच

**मुंबई।** फैशन ब्राण्ड फास्ट्रैक ने समुद्र से प्रेरितघड़ियों के नए कलेक्शन ओशनिक्स को लांच किया। यह कलेक्शन उन लोगों के लिए लांच किया गया है, जो पर्वत की चोटी के बजाए लहरों तथा संरचना के बजाए प्रवाह को चुनते हैं। ओशनिक्स को खासतौर पर उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो समुद्र की तरह बहते हुए उत्साहित और गतिशील बने रहना चाहते हैं। इस कलेक्शन की कीमत 3795 और 9795 रुपए के बीच है।

### रेपोनो का आईपीओ 28 को खुलेगा

**मुंबई।** रेपोनो लिमिटेड का आईपीओ 26.68 करोड़ का बुक बिल्डिंग है। यह इश्यू पूरी तरह से 27.79 लाख शेयरों का एक नया इश्यू है। रेपोनो आईपीओ 28 जुलाई को सदस्यता के लिए खुलेगा और 30 जुलाई 2025 को बंद होगा। इस आईपीओ के माध्यम से कंपनी 26.68 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। इस इश्यू के तहत कुल 27,79,200 इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे, जिनका फेस वैल्यू 10 प्रति शेयर होगा और प्राइस बैंड 91 से 96 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है।

### द वेल्थ कंपनी को सेबी से मिली मंजूरी

**मुंबई।** पैंटोमैथ समूह की इकाई द वेल्थ कंपनी एसेट मैनेजमेंट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड को अपना म्यूचुअल फंड व्यवसाय शुरू करने के लिए सेबी से अंतिम मंजूरी मिल गई है। इस नियामकीय उपलब्धि के साथ, द वेल्थ कंपनी अपनी नई पहचान, द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड के तहत औपचारिक रूप से 74.41 ट्रिलियन के म्यूचुअल फंड उद्योग में प्रवेश कर रही है। सेबी ने 18 जुलाई 2025 को कंपनी को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया, जिससे एसेट मैनेजमेंट कंपनी के रूप में परिचालन शुरू कर सकेगी।

# चांदी हुई 1 लाख 16 हजार रुपए किलोग्राम, सोना 1 लाख के पार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



सोने -चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में बुधवार को जबरदस्त तेजी रही है। चांदी के वायदा भाव सप्ताह के लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। घरेलू बाजार में सोने के भाव 1 लाख 400 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंचे तो चांदी के भाव 1 लाख 16,200 रुपए किलो ग्राम के हाई लेवल पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने के शुरुआती कारोबार में नरमी, जबकि चांदी में तेजी देखने को मिल रही है। बाजार जानकारों के अनुसार सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 124 रुपए की तेजी के साथ 1,00,453 रुपए के भाव पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 61 रुपए की तेजी के साथ 1,00,453 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर छूआ। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,01078 रुपए के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रैक्ट 549 रुपए की तेजी के साथ 1,16,204 रुपए पर खुला और1,16,196 रुपए किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया है।

## बिजनेस न्यूज

### रक्षाबंधन पर्व के लिए डाकघरों में अतिरिक्त बुकिंग काउंटरों की व्यवस्था

**भोपाल।** भारतीय डाक विभाग श्रावण मास में आने वाले भाई -बहन के विशेष त्योहार रक्षाबंधन पर्व पर दूरदराज स्थानों पर रहने वाले भाई -बहनों के बीच एक प्रमुख सेतु की भूमिका निभाता है। इस वर्ष भी इस पर्व में भाई बहनों के मध्य रक्षासूत्र एवं अन्य उपहारों के आदान- प्रदान को त्वरित एवं सुगम बनाने के लिए भोपाल डाक संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख डाकघरों में अतिरिक्त बुकिंग काउंटरों की व्यवस्था की गई है ताकि राखी एवं अन्य उपहारों को डाक के माध्यम से भेजने के लिए ग्राहकों को त्वरित सेवा मिल सकें। इसी प्रकार से अपने शहर से अन्यत्र राखी भेजने वाली बहनों के लिए शहर के सभी प्रमुख डाकघरों में विषेष ड्रॉप बॉक्स लगाए गए है।

### मोशन एजुकेशन ने शुरू की शीर्ष छात्र प्रतिभाओं की तलाश

**कोटा।** शैक्षणिक उत्कृष्टता की एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए नितिन विजय के नेतृत्व में मोशन एजुकेशन ने मोशन टैलेंट सर्च एग्जाम की शुरुआत की घोषणा की है। यह पहल अगली पीढ़ी के शैक्षणिक टॉपर्स को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से है। यह परीक्षा कक्षा 6वीं से 10वीं, 11वीं और 12वीं (विज्ञान वर्ग) के छात्रों के लिए खुली है और युवा उम्मीदवारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक असाधारण मंच प्रदान करेगी। परीक्षा का आयोजन ऑनलाइन मोड में 20 जुलाई, 3 अगस्त और 24 अगस्त 2025 को होगा।

### सैमसंग को मिले नए फोल्डेबल फोंस की 48 घंटे में 2.1 लाख प्री-ऑर्डर

**गुरुग्राम।** सैमसंग के नए फोल्डेबल फोंस ने भारतीय ग्राहकों पर अपना जादू चला दिया है। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि कुछ ही घंटे में लाखों ग्राहकों ने इसे बुक कर दिया है। हम बात कर रहे हैं सैमसंग के नए फोल्डेबल फोन गैलेक्सी जेड फोल्ड7, गैलेक्सी जेड फ्लिप 7 और गैलेक्सी जेड फ्लिप 7 एफई की, जिन्हें कंपनी ने पिछले हफ्ते ही लांच किया है। कंपनी ने घोषणा की है कि फोन को पहले 48 घंटों में 2,10,000 या 2.1 लाख प्री-ऑर्डर मिल चुके हैं, जो पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हैं और इस साल की शुरुआत में गैलेक्सी एस25 सीरीज के लिए मिले प्री-ऑर्डर के लगभग बराबर हैं।

### ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स के शुद्ध लाभ में 56 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 और चौथी तिमाही के लिए अपने ऑडिटेड परिणामों की घोषणा की है। कंसोलिडेटेड बैलेंस शीट के अनुसार कंपनी ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 में गत वित्त वर्ष के समान अवधि में अर्जित 334.81 करोड़ रुपए के मुकाबले 13.96 फीसदी अधिक 381.57 करोड़ का कुल राजस्व अर्जित किया है। इसी प्रकार कंपनी ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 में गत वित्त वर्ष के समान अवधि में अर्जित 15.38 करोड़ रुपए के मुकाबले 56.39 फीसदी अधिक 24.05 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

### कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस ने सिग्नेचर टर्म प्लान लांच किया

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने कोटक सिग्नेचर टर्म प्लान लांच करने की घोषणा की है। यह एक शुद्ध सुरक्षा वाला टर्म इंश्योरेंस प्लान है, जिसे खासतौर पर उभरते हुए नौकरीपेशा प्रोफेशनल्स और बिजनेस करने वालों उद्यमियों के लिए तैयार किया गया है। कोटक लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि कोटक लाइफ में हमारा हमेशा से यह प्रयास रहा है कि हम ऐसे समाधान प्रदान करें।

### संस्कृति विवि में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इस दौरान नामिबिया, म्यांमार, जिम्बाब्वे, तंजानिया सहित कई देशों के 35 विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों में डिग्रियां प्रदान की गईं। इन विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग, प्रबंधन, विज्ञान, नर्सिंग एवं अन्य पाठ्यक्रमों में उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर डॉ. रेनू गुप्ता, डीन अकादमिक ने कहाकि अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए बल्कि संस्कृति विश्वविद्यालय के लिए भी अत्यंत गर्व का क्षण है।

### सांची का दूध और दुग्ध उत्पाद

# अब उत्तरप्रदेश में भी विक्रय आउटलेट का शुभारंभ



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार एवं राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के मध्य हुए सहकार्यता अनुबंध के बाद तीन माह के भीतर सांची दूध और दूध उत्पाद उत्तरप्रदेश में भी विक्रय के लिए पहुंच चुका है। बताया जाता है कि सांची दूध और दूध उत्पद की मांग मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सर्वाधिक हो रही है। जानकारी के अनुसार एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड भोपाल से संबद्ध बुंदेलखण्ड दुग्ध संघ सागर कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए महोबा उत्तरप्रदेश में सांची दूध एवं दुग्ध उत्पादों के विक्रय के आउटलेट की शुरूआत की गई। जिसका उद्घाटन बुंदेलखण्ड दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार यादव ने फीता काटकर किया है।

### दुग्ध उत्पादकों से दूध क्रय दरों में वृद्धि

*एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) भोपाल से संबद्ध बुंदेलखण्ड दुग्ध संघ अंतर्गत दुग्ध समितियों के दुग्ध उत्पादकों से क्रय किए जाने वाले दूध क्रय दर में फिर से एक बार वृद्धि की गई है, दुग्ध उत्पादकों से रूपए 820 प्रति किग्रा फैट से दूध क्रय करने का निर्णय लिया गया है, जो 21 जुलाई 2025 से प्रभावशील हो गया है। संघ अंतर्गत दुग्ध उत्पादकों को नियत तिथियों 5 तारीख, 15 तारीख और 25 तारीख में अनिवार्य रूप से भुगतान भी किया जा रहा है। संघ द्वारा दूध क्रय दर में वृद्धि करने एवं निर्धारित तिथियों में भुगतान अनिवार्य करने पर दुग्ध उत्पादकों में खुशियों की लहर दौड़ने लगी है।*


## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
### जोन क्रमाक -05, यांत्रिक विभाग

क्र.370/यां.वि./2025 — निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र — भोपाल दिनांक 22/07/2025

निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दो लिफाफा पध्दति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_439055_1 | Construction of Drain and C.C. Road Work at Manoj Raikwar House to Murali House Mas Sahab House and Drain and C.C. Road Work at Punam Aata Chakki to Holi Chabutra and Repairing of Chabutra Work of Behind Mahveer Mandir Pipal Ped and Drain and C.C. Road Ward No.23, Zone No.05 | 5,26,533 | 5,265 | 2,000 | MPUADD BUILDING AND ROADS AND BRIDGES ISSR 2021 | 01 माह |
| 2 | 2025_UAD_439062_1 | Construction of Drain and C.C. Road Work at Malan Wali Gali Khatikpura in Ward No.23, Zone No.05 | 1,68,740 | 3,375 | 1,000 | MPUADD BUILDING AND ROADS AND BRIDGES ISSR 2021 | 01 माह |
| 3 | 2025 UAD_439066_1 | Construction of C.C. Road Form Ghanshyam Bhai House to Sahu ji Chakki and Kolipura and Various Places in Ward No.19, Zone No.05 | 5,21,758 | 5,218 | 2,000 | MPUADD ROADS AND BRIDGES ISSR 2021 | 01 माह |
| 4 | 2025_UAD_439071_1 | Construction of Drain, Road Cross and Repairing of Paver Block Near Bohara Samuday Masjid Aliganj in Ward No.19, Zone No.05 | 1,40,572 | 2,811 | 1,000 | MPUADD BUILDING ISSR 2021 | 01 माह |
| 5 | 2025_UAD_439078_1 | Construction of Drain and Road Cross Work at Kamla Bhabhi House and Ramesh Bhai House Patel Nagar in Ward No.19, Zone No.05 | 1,10,089 | 2,202 | 1,000 | MPUADD BUILDING ISSR 2021 | 01 माह |

नियम व शर्तेः-
1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एंव धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एव अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी निविदा के स्वीकार अथया अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्र-05 नगर
निगम भोपाल।

नि.क्र .1965/025/026

## कार्यालय वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, रतलाम

सागौद रोड़, रतलाम 457001 (Email- ccfre.rtm@mp.gov.in, 07412-(Off.) 235131 (Fax) 235131)
क्रमांक / व्यय /2025/1062 — रतलाम दिनांक 18/07/25

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त रतलाम के अधीन कार्यों हेतु वर्ष 2025-26 (दिनांक 31.03.2026 अथवा आगामी निविदा होने तक जो भी पश्चातवर्ती होगा) लगने वाली निम्नानुसार रोपणी उपयोग सामग्री के लिये ई-निविदा से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट https:\\mptenders.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।

निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रू. 2000.00 तथा सत्यंकार की राशि रू. 45,000/- है। निविदायें ऑनलाईन ही क्रय की जा सकेंगी एवं ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

:: अनुमानित मात्रा का विवरण ::

1. अद्योसंरचना निर्माण सामग्री (हार्ड मुरम (CBR>12%)) क्रय हेतु ई-निविदा की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन पद्धति से ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

:: निविदा प्रपत्र ::

| अ. क्र. | सामग्री / निर्माण कार्य का नाम | आवश्यक अनुमानित मात्रा | अनुमानित राशि (रूपये में) | सत्यंकार की राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अद्योसंरचना निर्माण सामग्री<br>हार्ड मुरम (CBR>12%) | 3750 Cum. | - | 45,000/- |

2. निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | Tender Publishing Date and Time | 23-07-2025 12.00 PM | निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https:\\mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 2. | Tender Sale Start Date and Time | 24-07-2025 10.00 AM | |
| 3. | Bid Submission Start Date and Time | 25-07-2025 12.00 PM | |
| 4. | Bid Submission Close Date and Time | 31-07-2025 12.30 PM | |
| 5. | Technical Bid Opening Date and Time | 01-08-2025 03.00 PM | |
| 6. | Financial Bid Opening Date and Time | 05-08-2025 03.00 PM | |

वनमण्डलाधिकारी एवं पदेन वन संरक्षक
सामाजिक वानिकी वृत्त,
रतलाम (म.प्र.)

G-16100/25 — " स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# संसद लोकतंत्र का मंदिर बेवजह हंगामा ठीक नहीं

संसद लोकतंत्र का सबसे पवित्र मंदिर है। हर देशवासी के मन में संसद के प्रति अथाह सम्मान है। उन्हें उम्मीद रहती है कि हमारे प्रतिनिधि संसद में ऐसे कानून बनाएंगे जिससे हर देशवासी का जीवन स्तर ऊंचा होगा, लेकिन हो रहा है उसके बिलकुल उलट। संसद का कोई भी सत्र हो, उसकी शुरुआत हंगामे से होना परंपरा बन चुकी है। यह खराब परंपरा है, लेकिन इसके बाद भी जारी है कि इससे किसी को कुछ हासिल नहीं होता। विपक्ष को भी नहीं, जो हंगामा करता है और सत्ता पक्ष को भी नहीं जिसका कार्य सरकार चलाना है। केवल धन की बर्बादी होती है। इसके बावजूद विपक्ष हमेशा हंगामे को अपनी जीत की तरह प्रस्तुत करता है। संसद में किसी भी बहाने हंगामा करना राजनीतिक स्वभाव बनता जा रहा है। जब जो दल विपक्ष में होता है, वह हंगामा करना पसंद करता है और वह भी तब, जब वह सत्ता में रहते समय हंगामे से त्रस्त हो चुका होता है। विपक्ष यदा-कदा अपने हिसाब से ज्वलंत मुद्दों को उठाता है, लेकिन उन पर सार्थक बहस करने और सरकार से जवाब मांगने के बजाय उसकी दिलचस्पी इसमें अधिक होती है कि संसद चलने न पाए। आमतौर पर विपक्ष संसद में सरकार को घेरने के लिए मुद्दों का चयन खुद नहीं करता। वह उन मुद्दों को लेकर आगे आ जाता है, जो संसद सत्र के पहले से ही चर्चा में आ गए होते हैं। अनेक बार देखा गया है कि मुद्दे से ज्यादा हंगामे को महत्व दिया जाता है। ऐसा ही कुछ संसद के मानसून सत्र के दौरान देखने को मिल रहा है। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के कारण बुधवार को लगातार तीसरे दिन सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई। विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में वोटर लिस्ट के लिए किए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और अन्य मुद्दों को लेकर सदन में हंगामा किया। जिसके कारण लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होने के बाद दो बार स्थगन के साथ दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के बीच ही खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक 2025 सदन में पेश किए। इस दौरान भी संसद में हंगामा ही होता रहा। सांसदों ने विधेयक के बारे में जानने की बजाय शोरगुल करने पर ध्यान केंद्रीत किए रखा। लोकसभा में विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आए। उन्होंने काले कपड़े लहराए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आप सड़क का व्यवहार संसद में न करें, लेकिन अध्यक्ष के इस कथन का विपक्षी सांसदों पर कोई असर दिखाई नहीं दिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सरकार कहती है ऑपरेशन सिंदूर चालू है, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प बंद कराने का दावा कर चुके हैं। अब खबर आ रही है कि सरकार ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार है। इसके लिए लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। सरकार चर्चा को तैयार है तो विपक्ष को भी चाहिए कि हंगामे की बजाय सार्थक बहस की तरफ मुड़े, जिससे न समय की बर्बादी हो और न ही आम जनता के खून पसीने से कमाए धन की। जनता हंगामा नहीं, राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सरकार का जवाब चाहती है। संसद में हंगामे पर विपक्ष को तो विचार करना ही चाहिए, सत्तापक्ष को भी यह देखना चाहिए कि संसद सही ढंग से कैसे चले। इसके लिए उसे विपक्ष को भरोसे में लेने के साथ ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श के लिए माहौल बनाने के लिए आगे आना चाहिए। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कटुता दूर होनी चाहिए। यह तभी संभव है, जब दोनों पक्ष एक-दूसरे को आदर देंगे, सम्मान करेंगे।



लक्ष्य
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# आने वाले 100 साल सहकारिता के

> अमित शाह ने 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' में युवाओं से कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में 60 करोड़ गरीबों के लिए घर, शौचालय, बिजली, गैस, पांच किलो मुफ्त अनाज और पांच लाख रुपये तक के इलाज और मुफ्त दवाइयों की व्यवस्था की। हर गांव, गरीब और किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लक्ष्य के साथ केन्द्र सरकार में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया। आज 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता की सक्रिय भूमिका है। आगामी 100 साल सहकारिता के होंगे। अतीत के सहकारिता के आन्दोलनों से अब तक के आकलन के साथ गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय सहकारिता की पहुंच को रेखांकित किया।

भारत के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मानना है कि अतीत आपने देखा, अब भविष्य की ओर देखो। पूरब से आने वाली सूरज की रश्मियां आपको ताजगी से भर देंगी। इनमें सहकारिता की ओज है। सहकारिता की ओज से हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में उजाला पसरने जा रहा है। अमित शाह का उत्साहवर्धन निश्चय ही सहकारिता से जुड़े समाज को ऊर्जा से भर देगा और जो सोये हैं अभी तक उन्हें जगाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

अमित शाह ने 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' में युवाओं से कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में 60 करोड़ गरीबों के लिए घर, शौचालय, बिजली, गैस, पांच किलो मुफ्त अनाज और पांच लाख रुपये तक के इलाज और मुफ्त दवाइयों की व्यवस्था की। हर गांव, गरीब और किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लक्ष्य के साथ केंद्र सरकार में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया। आज 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता की सक्रिय भूमिका है। आगामी 100 साल सहकारिता के होंगे। अतीत के सहकारिता के आन्दोलनों से अब तक के आकलन के साथ गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय सहकारिता की पहुंच को रेखांकित किया कि देश के धान और गेहूं की खरीद में लगभग 20 प्रतिशत योगदान सहकारिता का है, जबकि 35 प्रतिशत उर्वरक और 30 प्रतिशत चीनी का उत्पादन सहकारिता के माध्यम से होता है। 20 प्रतिशत से ज्यादा उचित मूल्य की दुकानें-फेयर प्राइस शॉप भी सहकारिता के माध्यम से चलती हैं। 8 लाख 50 हजार सहकारी संस्थाओं के माध्यम से 31 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हैं। यह जो करोड़ों भारतीयों का सहकारिता से जुड़ाव है, यह बहुत मायने रखता है। चार वर्ष में ही भारत की इतनी बड़ी आबादी सहकारिता में अपनी उपस्थिति बना चुकी है। यह आगामी 100 साल बाद का जो उन्हें चित्र दिख रहा है, वह यूं ही नहीं है। यह उन्हें आभास इसलिए हो रहा है क्योंकि सहकारिता भारतीय जीवन पद्धति, जीवन समृद्धि व उत्साहजनक भविष्य की कड़ी बनती जा रही है। उन्होंने खुद देखा कि विज्ञान व तकनीकी के साथ जैसे सहकारिता का जुड़ाव हो रहा है, युवा आबादी इसमें अपने भविष्य को संवारने का स्वप्न पाल रही है। वह अपने बुजुर्गों की विरासत में सम्मिलित सहकारिता को आगे बढ़ाना चाहती है। प्राइमरी डेयरी कोआपरेटिव सोसाइटी-पीडीसीएस ऑनलाइन पंजीकरण प्लेटफॉर्म का शुभारंभ हुआ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम अभियान के तहत सफलता की कहानियां जब सामने आयीं तो लोगों ने महसूस किया है कि सहकारिता भी सफलता की वजह बनती जा रही है। वन्दे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत सफलता की कहानियों ने यह बताया कि हमारी सहकारिता केवल कृषि व उद्यम तक सीमित नहीं है अपितु यह तो प्रकृति-जीवन-संस्कृति से जुड़ी हुई है। सहकारिता मंत्री ने रेखांकित किया है कि सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के चार वर्ष के भीतर हमने 61 पहलों के जरिये सहकारिता को मजबूत करने का काम किया है। दो लाख नए पीएसीएस बनाने का काम शुरू हो गया है, इनमें से 40 हजार पैक्स बना लिए गए हैं। सभी पीएसीएस -पैक्स के कंप्यूटरीकरण का काम पूरा कर लिया गया है और सभी राज्यों ने पैक्स के मॉडल



बायलॉज स्वीकार कर लिए हैं। गोदाम भी बनाए जा रहे हैं। ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स, एक्सपोर्ट और बीज संवर्धन के लिए नई सहकारी संस्थाएं बनाई गई हैं। यदि यह कार्य व ऐसा कार्य जो सहकारिता मंत्रालय गठन के बाद विगत चार वर्षों में सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया है, ऐसा कार्य पिछले 75 वर्षों में किया गया होता तो, आज देश में सहकारिता की वजह से हमारे देश के किसान, मजदूर, श्रमिक व विभिन्न हितधारक भारत का भविष्य बदलने में सक्षम हो चुके होते, किसी अन्य सहयोग की अपेक्षा ही नहीं होती। ग्लोबल इन्वेस्टमेंट, नए अनुबंध-एमओयू, मानव संसाधन का निर्माण, नए रिसोर्सेज का चिन्हीकरण व उनको डिजिटल फॉर्म में सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया भी सहकारिता क्षेत्र में हो रही है। क्लाइमेट चेंज व सोशल जस्टिस जैसे विषयों को भी सहकारिता के समावेशी वैशिष्टय के साथ समाधान होगा। आत्मनिर्भरता व नवाचार से आर्थिक विकास की धारा जेंडर जस्टिस का कारण बनेंगी। भारत में सहकारी समितियों की जिस प्रकार बढ़ोतरी हो रही है, उनके प्रति उदासीनता को समाप्त करके इसे अभिरुचिजन्य बनाने की यदि कोशिश नया स्वरूप पाएगी तो 2047 तक विकसित राष्ट्र के पैमाने पर भारत 100 प्रतिशत खरा उतरेगा, इसमें कोई संशय नहीं है। सबसे अहम बात यह है कि सहकारिता मंत्री का युवा मन युवा सहकारिता सेवियों को जब तैयार कर लेगा, तो कोई लक्ष्य हमसे दूर नहीं होगा। अपने युवा मानव संसाधन का बस तेजी से झुकाव सुनिश्चित करने में यदि भारत सरकार अभिरुचि दिखाएगी तो सब कुछ संभव सा होता दिखता है। सहकारिता मंत्री की ओर से की जा रही पहल के साथ जब वैश्विक स्तर पर इन्वेस्टमेंट करने वाली एजेंसीज सहकारिता से जुड़े लोगों व प्रतिष्ठानों के बीमा में अभिवृद्धि करेंगी और सुरक्षा की भावना से वे अभिरुचि दिखाकर आगे आने का प्रयत्न करेंगी तो निश्चय ही सहकारिता के 100 वर्ष और 500 वर्ष भी स्वर्णिम काल में परिवर्तित हो सकते हैं। इसमें इन्वेस्टमेंट एजेंसीज की इच्छाशक्ति का अहम योगदान है।

वे ऐसा करेंगी तो आने वाले समय में विभिन्न चुनौतियों के बीच भी सहकारिता के कार्य आगे बढ़ेंगे। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि सहकारी समितियां ऐसे स्वैच्छिक आर्थिक संगठन होते हैं, जहां सदस्य मिलकर कोई कामकाज करते हैं, जिसमें आर्थिक नुक़सान या अस्थिरता का कुछ जोखिम भी हो सकता है, और उसके ज़रिए आय अर्जित करते हैं। ये संस्थाएं न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक रूप से भी लोगों को सशक्त बनाती हैं। यह कार्य भारत में मद्धिम था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की पहल से बने नए मंत्रालय व अमित शाह के नेतृत्व के कारण इसे बल मिला। भारत में इस समय लगभग 8 लाख सहकारी संस्थाएं हैं जिनके ज़रिए आर्थिक विकास और लोगों के सशक्तीकरण में सहयोग मिल रहा है, यह कोई मामूली बात नहीं है। जब देश में सहकारी संस्थाओं की संख्या 8 करोड़ हो जाएगी, जब देश में सहकारी संस्थाओं का पूर्णतया डिजिटलीकरण हो जाएगा, जब देश में त्रिभुवन यूनीवर्सिटी जैसी सहकारिता यूनिवर्सिटी की संख्या बढ़कर कम से कम 10 हो जाएगी, जब देश में सहकारिता अनुसंधान में सतत विकास हमें दिखेगा तो संपूर्ण विश्व में भारत का सहकारिता आन्दोलन अपने वैभवकाल की ओर गति पा लेगा, हमारे देश को एक ऐसे समय की प्रतीक्षा है। सहकारिता मंत्री अमित शाह को भी ऐसा समय प्राप्त कर लेने का विश्वास है। आवश्यकता इस बात की है कि उस विश्वास को पूरा भारत मजबूती से अपना सहयोग प्रदान करे, क्योंकि इसमें किसी के निहित स्वार्थ नहीं हैं, अपितु इसमें पूरे भारत का भविष्य है। आज 24 जुलाई को राष्ट्रीय सहकारिता नीति सरकार ला रही है।

(लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी

सतीश सिंह




# एफडीआई व ओएफडीआई से विकास को मिलेगा बल

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में 81.04 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 71.28 अरब डॉलर की तुलना में 14% अधिक है। ये आंकड़े भारत की मजबूत आर्थिक नीतियों, वैश्विक निवेशकों के बढ़ते भरोसे और सुधारों को दर्शाते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत को सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सिंगापुर से प्राप्त हुआ है। वहीं,देश के राज्यों में सबसे ज्यादा एफडीआई महाराष्ट्र को प्राप्त हुआ है। कुल एफडीआई में महाराष्ट्र की हिस्सेदारी 39% दर्ज हुई। दूसरे स्थान पर कर्नाटक है, जिसे 13% हिस्सेदारी हासिल हुई और दिल्ली की हिस्सेदारी 12% रही। हालांकि, मौजूदा एफडीआई को पर्याप्त नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि विकास के लिए बहुत ही ज्यादा निवेश की आवश्यकता होती है। देश में एफडीआई कम आने का एक बड़ा कारण भारत द्वारा चीन के निवेश पर आंशिक रोक लगाना है। हाल ही में, देश में निवेश को बढ़ाने के लिए नीति आयोग ने उन नियमों में ढील देने का प्रस्ताव किया है, जिनके तहत चीनी कंपनियों को यहां निवेश के लिए अतिरिक्त जांच की आवश्यकता होती है। वर्तमान में किसी भी निवेश के लिए चीनी कंपनियों को गृह और विदेश मंत्रालयों से सुरक्षा मंजूरी लेनी पड़ती है। नीति आयोग ने हाल ही में प्रस्ताव दिया है कि चीनी कंपनियां किसी भारतीय कंपनी में 24 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बिना अनुमोदन ले सकती हैं। आयोग का यह प्रस्ताव देश में एफडीआई को बढ़ावा देने वाली योजना का हिस्सा है। वैसे,नीति आयोग के प्रस्तावों को मानना सरकार के लिए जरूरी नहीं है, लेकिन यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है, जब भारत और चीन 2020 में सीमा पर हुई झड़पों के बाद से तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। इसी क्रम में वर्ष 2024 के अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच रूस के कजान में हुई वार्ता के बाद सैन्य तनाव में कमी आई और उसके बाद से दोनों देश आपसी संबंध सुधारने के प्रयास कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि दूसरे देशों की कंपनियां विनिर्माण और फार्मास्यूटिकल्स जैसे कई क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से निवेश कर सकती हैं, जबकि रक्षा, बैंकिंग और मीडिया आदि कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में बाहरी निवेश पर आंशिक रोक है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद वैश्विक स्तर पर विदेशी निवेश में कमी आई है, लेकिन भारत में एफडीआई में भारी गिरावट का कारण चीनी निवेश में अड़चन को माना जा रहा है। चीन द्वारा भारत में कम निवेश करने के अलावा भारत में निवल एफडीआई में तीव्र गिरावट का एक और महत्वपूर्ण कारण भारतीय कंपनियों द्वारा बाह्य एफडीआई (ओएफडीआई) में वृद्धि भी शामिल है। हालांकि, इससे देश को कई लाभ भी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक जून 2025 में भारत की विदेश में एफडीआई बढ़कर 5.03 अरब डॉलर हो गई, जो पिछले साल के समान महीने के 2.9 अरब डॉलर से ज्यादा है। मई महीने में यह 2.7 अरब डॉलर थी। विदेश में एफडीआई अमूमन तीन तरह यानी इक्विटी, ऋण और गारंटी के रूप में की जाती है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत की इक्विटी विदेशों में 3 गुना से ज्यादा बढ़कर जून 2025 में 2.04 अरब डॉलर हो गया, जो जून 2024 में 67.07 करोड़ डॉलर था। यह मई 2025 के 98.71 करोड़ डॉलर से दोगुना भी है। वहीं, ऋण प्रतिबद्धताएं मामूली रूप से बढ़कर जून 2025 में 58.555 करोड़ डॉलर हो गई, जो जून 2024 के 45.43 करोड़ डॉलर से अधिक है और मई 2025 की 1.02 अरब डॉलर प्रतिबद्धता की तुलना में कम है। पुनः,रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेश की इकाइयों के लिए गारंटी बढ़कर जून 2025 में 2.4 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले 1.8 अरब डॉलर और मई 2025 में 69.22 करोड़ डॉलर था। बता दें कि किसी एक देश की कंपनी का दूसरे देश में किया गया निवेश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कहलाता है। ऐसे निवेश से निवेशकों को दूसरे देश की उस कंपनी के प्रबंधन में कुछ हिस्सा हासिल हो जाता है, जिसमें उसका पैसा लगता है। दूसरे देशों में निवेश करके भारत दुनिया भर के देशों में आर्थिक, राजनीतिक, रक्षा, तकनीकी और सांस्कृतिक जैसे कई प्रमुख पहलुओं में फैले अनेक लाभों और रणनीतिक हितों का लाभ उठाता है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि देश के लिए जितना जरूरी एफडीआई है, उतना ही ओएफडीआई भी है। अगर, दोनों में संतुलित तरीके से वृद्धि होती है तो हमारा देश अर्थव्यवस्था और विकास के सभी पैमानों पर बेहतर प्रदर्शन ला सकता है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र



संकलित
दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित
प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## सटाका




## आज की पाती

### तिरंगा सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक

विश्व में प्रत्येक राष्ट्र का अपना-अपना राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्रीय ध्वज ही उसकी मर्यादा और अस्मिता से जुड़ा होता है, लेकिन इस मायने में हमारा राष्ट्र ध्वज तिरंगा अन्य राष्ट्र ध्वजों के मुकाबले अनेक विशेषताएं धारण किए हुए है। चूंकि अंग्रेजों से भारत की मिली आजादी के चंद दिन पहले ही 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान भारतीय तिरंगे को देश के आधिकारिक ध्वज के रूप में अपनाया था, इसीलिए भारत में प्रतिवर्ष 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है। आधिकारिक रूप में तिरंगे को अपनाने के बाद से यह देश की एकता, साहस और आकांक्षाओं का प्रतीक बन गया। राष्ट्रीय ध्वज दिवस भारत की संप्रभु राष्ट्र बनने की यात्रा का स्मरण कराता है। तिरंगा सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है।

*– मिलिंद जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान कट्टरता और आतंकवाद में डूबा हुआ



भारत ने पाकिस्तान की अध्यक्षता में हुई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की एक बैठक में अपने पड़ोसी को 'कट्टरता' में डूबा 'लगातार कर्ज लेने वाला' देश करार देते हुए कहा कि सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को 'गंभीर कीमत' चुकाने के लिए मजबूर किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा, 'हम अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के विषय पर चर्चा कर रहे हैं, ऐसे में यह समझना जरूरी है कि कुछ बुनियादी सिद्धांतों का सार्वभौमिक रूप से सम्मान किया जाना चाहिए जिनमें से एक है- आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करना।' हरीश ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 'बहुपक्षवाद और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देना' विषय पर आयोजित उच्च-स्तरीय खुली चर्चा में अपने राष्ट्र की ओर से बयान दिया। पाकिस्तान 15 देशों की सदस्यता वाली सुरक्षा परिषद का जुलाई के लिए अध्यक्ष है। पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार ने इस खुली चर्चा की अध्यक्षता की, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भी संबोधित किया।

## ऑफ बीट

# क्या अंतरिक्ष में गर्भधारण करना सुरक्षित और संभव


जैसे-जैसे मंगल मिशन संबंधी योजनाओं में तेजी आ रही है, वैसे-वैसे यह सवाल भी उठ रहा है कि मानव शरीर वहां के अनुसार कैसे स्वयं को ढालेगा?



क्या अंतरिक्ष में गर्भधारण करना और इसका सुरक्षित रहना संभव है? उदाहरण के लिए लगभग दो-तिहाई मानव भ्रूण जीवित नहीं रह पाते और अधिकतर भ्रूण शुरुआती कुछ सप्ताह में अक्सर महिला को यह पता लगने से पहले ही नष्ट हो जाते हैं कि वह गर्भवती है। गर्भावस्था को जैविक अहम पड़ावों की एक श्रृंखला के रूप में समझा जा सकता है। हर एक पड़ाव को सही क्रम में होना चाहिए और हर एक पड़ाव के सफल होने की एक निश्चित संभावना होती है। पृथ्वी पर इन संभावनाओं का अनुमान क्लीनिकल अनुसंधान और जैविक मॉडल का उपयोग करके लगाया जा सकता है। सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण यानी अंतरिक्ष उड़ान के दौरान अनुभव की जाने वाली लगभग भारहीनता की स्थिति गर्भधारण को अधिक कठिन बना देगी, लेकिन भ्रूण के बनने के बाद गर्भवती रहने में शायद अधिक बाधा नहीं डालेगी। हालांकि शून्य गुरुत्वाकर्षण में जन्म देना और नवजात शिशु की देखभाल करना कहीं अधिक मुश्किल होगा। अंतरिक्ष में आखिरकार कुछ भी स्थिर नहीं रहता। तरल पदार्थ तैरते रहते हैं। लोग भी तैरते हैं।

## ट्रेंड

### तिलक को जयंती पर नमन



लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। उनके शब्द "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है" ने एक आंदोलन को प्रज्वलित किया व आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। भारत के इस महान सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि।
-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### क्रांति गौड़ को बधाई



मध्यप्रदेश की बिटिया क्रांति गौड़ से आज हमारा भारत हुआ गौरवान्वित...। इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में 6 विकेट लेकर भारत को जीत दिलाने वाली छतरपुर जिले की खिलाड़ी क्रांति ने न केवल मैच, बल्कि करोड़ों दिल भी जीत लिए हैं। इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
-डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

### बंद्योपाध्याय को श्रद्धांजलि



साहित्यकार ताराशंकर बंद्योपाध्याय की जयंती पर बांग्ला भाषा और साहित्य में उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि देती हूं। 'गणदेवता', 'पंचग्राम', 'धात्रीदेवता', 'हंसुली बांकेर उपकथा' और 'कबी' जैसे उनके उपन्यास अमर रचनाएं हैं।
-ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल

### भारत क्षमतावान



चीन ने पिछले साल तेल और गैस पर 38 अरब डॉलर खर्च किए। वह ज़मीन के 8 किमी नीचे तक खुदाई कर रहा है ताकि ज़्यादा तेल निकाला जा सके। भारत भी ये कर सकता है। संसाधन भी हैं, क्षमता भी।
-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# मप्र पेसा अधिनियम के क्रियान्वयन में देश में सबसे आगे, चौपाल लगाकर सुलझा रहे हैं आपसी विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के 88 ट्राइबल ब्लॉक में लागू पेसा अधिनियम जनजातीय समुदाय के लिए वरदान साबित हो गया है। इस अधिनियम के तहत जनजातीय समुदाय आपसी विवादों का समाधान थानों में शिकायत दर्ज कराए बिना ही चौपालों के माध्यम से कर रहे हैं।

पेसा अधिनियम के क्रियान्वयन में देश में मप्र न केवल अग्रणी है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। जनजातीय समुदाय ने अब तक लगभग 8 हजार से अधिक विवाद प्रकरणों का चौपाल के माध्यम से निराकरण कर मिसाल पेश की है। इन मामलों में पारिवारिक जमीन संबंधी विवाद शामिल है। मध्यप्रदेश शासन की ओर से लागू किए गए पेसा एक्ट का उद्देश्य भी यही है कि जनजातीय समुदाय के लोगों को छोटे-छोटे विवाद में पुलिस थाना का चक्कर न लगाना पड़े और आपस में बैठकर ही मामले की सुलह कर लें। साथ ही उनकी परंपरा, कला संस्कृति की भी रक्षा की जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। जनजातीय समुदाय के लिए राज्य सरकार की ओर से विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है।

**खास बातें**

- पेसा अधिनियम बना जनजातीय समुदाय के लिए वरदान, थाने में शिकायत किए बिना ही सुलझाए जा हरे मामले
- लगभग 8 हजार से अधिक प्रकरणों को जनजातीय समुदाय ने आपसी विमर्श में सुलझाया

### पेसा अधिनियम के अंतर्गत 3 प्रकार की समितियां कर रहीं हैं काम




पेसा अधिनियम के तहत प्रदेश के 88 विकासखंडों में तीन प्रकार की समितियां काम रही है। इसमें शांति और विवाद निवारण समिति, सहयोगिनी मातृ समिति और वन संसाधन योजना एवं नियंत्रण समिति शामिल है। प्रदेश में शांति और विवाद निवारण समिति की संख्या 11 हजार 639 है। वन संसाधन योजना एवं नियंत्रण समिति की संख्या 11 हजार 331 है, जबकि सहयोगिनी मातृ निवारण समिति की संख्या 21 हजार 887 है।

### 5133 ग्राम पंचायतों में लागू है पेसा अधिनियम

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय बाहुल्य वाले प्रदेश के 20 जिलों के 88 विकासखंड की 5133 ग्राम पंचायतों के 11 हजार 596 ग्रामों में पेसा एक्ट लागू किया गया है। वर्तमान में 4850 पेसा मोबलाइजर कार्य कर रहे हैं। पेसा कानून में सबसे महत्वपूर्ण विषय वित्तीय प्रबंधन है, जिसके तहत राज्य में अब तक 11 हजार 538 खाते खोले गए हैं।

### देश के 10 राज्य में हो रहा है पेसा एक्ट का क्रियान्वयन मध्यप्रदेश सबसे आगे

देश के 10 राज्यों में पेसा एक्ट का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसमें मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है। पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सफलता की कहानियों को लेकर एक पुस्तिका भी निकाली गई है जिसमें मध्यप्रदेश की दो कहानियों को शामिल किया गया है। इस वजह से मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

### पेसा एक्ट के बेहतर क्रियान्वयन के लिए त्रि-पक्षीय अनुबंध आज

पेसा एक्ट के मप्र में बेहतर क्रियान्वयन के लिए त्रि-पक्षीय अनुबंध होगा। अनुबंध सचिव पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक के बीच होगा। कार्यक्रम मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान वाल्मी भोपाल में 24 जुलाई को शाम 4 बजे से होगा। कार्यक्रम में पेसा एक्ट पर बनी पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा। इस दौरान देशभर से आए पेसा एक्ट पैनलिस्ट, विशेषज्ञों के बीच चर्चा होगी। प्रदेश में पेसा एक्ट के बेहतर क्रियान्वयन, उपनियमों को लागू करना, जनजातीय समुदाय को प्रशिक्षण देना, जनजातीय समुदाय की परंपराओं की रक्षा, नए शोध, जनजातीय कलाओं को सुरक्षित रखे जाने और जनजातीय समुदाय के बीच हो रहे बेहतर कार्यों का प्रचार-प्रसार पर विचार-विमर्श होगा। कार्यक्रम में भारत सरकार के सचिव पंचायती राज मंत्रालय विवेक भारद्वाज, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास दीपाली रस्तोगी एवं संचालक सह आयुक्त पंचायत राज संचालनालय छोटे सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

**खबर संक्षेप**

### कर्मचारियों ने विंध्यांचल पर किया प्रदर्शन




**भोपाल।** लंबित समस्याओं को लेकर पैक्स संस्थाओं के कर्मचारियों ने विंध्यांचल पर प्रदर्शन किया। बुधवार को बड़ी संख्या में कर्मचारी एकजुट हुए और प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसके बाद सहकारिता कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया। मप्र सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बीएस चौहान ने बताया कि शासन से समझौता हुआ था कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों में 60 फीसदी पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया है। बढ़े हुए वेतन के आदेश हुए। यह सुविधा भी दी गई। अन्य समस्याएं भी हैं, जिनको लेकर आंदोलन करना पड़ा है। प्रदर्शन में छतरपुर, दमोह, पन्ना, टीकमगढ़ एवं सागर सहित प्रदेश के हर जिले से कर्मचारी हिस्सा लेने आये थे।

## निजी सेक्टर और किसानों को भी जोड़ें पौधरोपण कार्यक्रम से

# कम खर्च में ज्यादा फायदा देने वाले फलदार और छायादार पौधों का बहुतायत में करें रोपण

- किसान बगीचा लगाएं और उद्यानिकी विभाग उपलब्ध कराए पौधे
- मुख्यमंत्री ने की एक पेड़ मां के नाम अभियान की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसान हो या आमजन, खरीदकर पौधे लगाने और उन्हें बड़ा करने में लागत अधिक आती है, इसलिए सबको नर्सरी और बगीचा लगाने के लिए प्रेरित तो करें, परंतु उन्हें पौधे उद्यानिकी विभाग उपलब्ध कराये। कम खर्च में ज्यादा फायदा देने वाले फलदार और छायादार पौधों का ज्यादा रोपण कराएं। पौधरोपण के कार्य में निजी सेक्टर और किसानों को भी जोड़ा जाए। अधिक लाभ देने वाली पौध प्रजाति का चयन किया जाए, जिससे भविष्य में इनकी मांग के अनुरूप आपूर्ति (पौध उत्पादन) भी तैयार की जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की बैठक में समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों और निजी क्षेत्रों को भी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जोड़ा जाए। सभी विभाग लक्ष्य की पूर्ति के लिए पौधरोपण में तेजी लाएं और रोपे गए पौधों की मॉनिटिरिंग भी बेहतर तरीके से करें।

### वन विभाग ने लगाए हैं अब तक 5 करोड़ 38 लाख से अधिक पौधे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेशभर में पिछले 5 जून से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया जा रहा है, जो 30 सितंबर तक चलेगा। प्रमुख सचिव पर्यावरण ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' की मॉनीटरिंग के लिए मेरी लाइफ पोर्टल तैयार किया गया है। अब तक प्रदेश के विभिन्न विभागों और जिलों में करीब 5 करोड़ 54 लाख से अधिक पौधरोपण कर पोर्टल पर दर्ज कर दिया गया है। इस अभियान में अकेले वन विभाग ने ही वर्ष 2025-26 में 3.40 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था।

### अभियान की अब तक की प्रगति

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में उच्च शिक्षा विभाग ने 1.60 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। अब तक प्रदेश के सभी शासकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालय परिसरों में एक लाख से अधिक देशी फलदार पौधे लगाए जा चुके हैं। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने एक करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 4.15 लाख छायादार और औषधीय पौधे लगाए जा चुके हैं। यह अभियान नगरीय क्षेत्र में अर्बन फॉरेस्ट (ग्रीन कवर) तैयार करने में बेहद सहायक सिद्ध होगा।

### लोगों को प्रकृति से जोड़ने, पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जाए जागरूक: डॉ. यादव




- मुख्यमंत्री ने यात्रा के पोस्टर का किया विमोचन
- कहा, नवांकुर सखी हरियाली यात्रा सराहनीय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के पोस्टर का विमोचन किया और कहा कि लोगों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जनचेतना बढ़ाने का कार्य आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हरियाली यात्रा से घर के आंगन, अपने गांव से लेकर शहर तक नागरिकों को पर्यावरण की रक्षा की प्रेरणा मिलेगी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद 24 जुलाई से प्रदेश में पांच दिवसीय नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन कर रहा है। पोस्टर विमोचन के अवसर पर परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर उपस्थित थे। इस अवसर पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री एवं मप्र जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ. यादव ने परिषद के नवाचारी कार्यक्रम नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा को सराहनीय बताते हुए कहा कि इस प्रदेशव्यापी अभियान में अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ा जाए। उन्होंने नवांकुर सखियों को शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण में उनकी सतत और सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की।

### वन विकास निगम की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण

## मुख्यमंत्री आज वन विकास निगम के स्वर्ण जयंती वर्ष का करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मप्र राज्य वन विकास निगम की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार 24 जुलाई को स्वर्ण जयंती वर्ष का उद्घाटन एवं राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। वे 'विजन डॉक्यूमेंट-2047' का विमोचन एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे। कार्यक्रम में निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी को सम्मानित भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सुबह 10.30 बजे से भारतीय वन प्रबंधन संस्थान नेहरू नगर के ऑडिटोरियम में होने वाले कार्यक्रम के संबंध में प्रबंध संचालक मप्र राज्य वन विकास निगम व्हीएन अम्बाड़े ने जानकारी दी है। कार्यशाला में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना और कर्नाटक राज्य के वन विकास निगम के प्रबंध संचालक की ओर से विभिन्न विषयों जैसे थिनिंग व फेलिंग, जनरल प्लानटेशन, मियॉवाकी प्लानटेशन, डिपॉजिट वर्क, थीम वर्क, ईको टूरिज्म विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य वन विकास निगम की ओर से पिछले 50 वर्षों में किए गए वानिकी, वन एवं वन्य जीव संरक्षण कार्य को रेखांकित किया जाना है। कार्यक्रम में वन विकास निगम के कार्यों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### इसी दिन ही वनीकरण का कार्यक्रम

राज्य वन विकास निगम की स्थापना 24 जुलाई 1975 को हुई थी। निगम की स्थापना का उद्देश्य निम्न कोटि के वन क्षेत्रों को तेजी से बढ़ने वाली बहुमूल्य तथा बहु उपयोगी प्रजातियों के रोपण, उच्च कोटि के वन क्षेत्रों में उत्पादन क्षमता एवं गुणवत्ता में सुधार लाना है। निगम का कार्य प्रदेश के 22 जिलों में संचालित है। कुल 13 काष्ठगार एवं 15 स्थाई रोपणियां स्थापित हैं। निगम को लगभग 4.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें से वर्ष 2025 तक 3.90 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का उपचारण किया जा चुका है। 3.14 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में रोपण किया गया है।

जय हिंद सेना ने मनाई आजाद की जयंती

## शहीद चंद्रशेखर आजाद को मिले 'भारत रत्न'




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मां भारती के वीर सपूत अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर जय हिंद सेना के सदस्यों ने तीन शेड न्यू मार्केट स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जय हिंद सेना के सदस्यों ने भारत सरकार से शहीद चंद्रशेखर आजाद को भारत रत्न दिए जाने की मांग की। इस अवसर पर चंद्रशेखर आजाद अमर रहे, अमर रहे, भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाकर सदस्यों ने करके उन्हें याद किया। सेना के प्रदेशाध्यक्ष अरुण पांडे ने कहां कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत सरकार से उन्हें भारत रत्न देने की मांग की गई है। कार्यक्रम में युवाओं को राष्ट्र सेवा का संकल्प दिलाने के साथ आजाद द्वारा राष्ट्रसेवा के दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

## ड्राई फ्रूट्स की दुकान में लगी आग, लाखों माल हुआ खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



हनुमानगंज गल्ला बाजार स्थित एक ड्राई फ्रूट्स की दुकान में मंगलवार सुबह तड़के पांच बजे भीषण आग लगी थी। आग इतनी भयावक थी कि उसकी चपेट में आसपास की दो-तीन दुकानें भी आ गई थीं। सूचना पर फतेहगढ़ फायर कंट्रोल रूम से 3 दमकलों पहुंची, जिन्होंने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग की वजह से दुकान में रखे लाखों के ड्राई फ्रूट्स जलकर पूरी तरह राख हो गए। फायर आफिसर सौरभ कुमार पटेल ने बताया कि आग सुबह पांच से छह बजे के बीच में लगी थी। आग किस वजह से लगी फिलहाल कारण का पता नहीं चल सका है। यह दुकान ड्राई फ्रूट्स किराना व्यापारी अमित बत्रा की दुकान की थी।

दो सदस्यीय टीम ने विवि के विभिन्न विभागों के डीन और समिति सदस्यों के साथ की बैठक

## बीयू: नैक की टीम ने पहले दिन देखे 8 विभाग कुलपति सहित विभागों के हुए प्रजेंटेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में 25 जुलाई तक नैक (नेशनल असिस्मेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल) की टीम निरीक्षण कर रही है। दो सदस्यीय टीम ने पहले दिन विश्वविद्यालय के 8 विभागों का निरीक्षण किया। वहीं पांच सदस्य ऑनलाइन निरीक्षण पर रहे। कुल सात सदस्यीय टीम को बीयू के कुलगुरु प्रो. एसके जैन ने विशेष प्रजेंटेशन दिया। वहीं, निरीक्षण वाले 8 विभागों ने भी प्रजेंटेशन दिया, जिस पर टीम के सदस्यों ने क्रॉस क्विसचनिंग की। टीम के सदस्यों ने विभागाध्यक्ष और डीन से मुलाकात के दौरान विभागों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। बताया गया है कि इसके बाद टीम के सदस्यों ने फिलहाल संतुष्टि जाहिर की है।

### इन विभागों का किया निरीक्षण

जानकारी के अनुसार टीम सदस्यों ने बुधवार को बीयू के मैनेजमेंट, एजुकेशन, फिजिक्स, बीयूआईटी, प्लेसमेंट सेल, योगा, फार्मेसी, फिजीकल एजुकेशन विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान सदस्यों ने विवि में इन विभागों के प्रजेंटेशन देखे। इन डिपार्टमेंट के एचओडी, डीन्स आदि के साथ मीटिंग कर विस्तार से जानकारी ली। कुलगुरु ने टीम को विशेष तौर पर प्रजेंटेशन दिया, जो अच्छा रहा है। इससे पूरी संभावना है कि बीयू को इस बार बी ग्रेड से ऊपर ए अथवा ए प्लस प्लस ग्रेड तक मिल सकता है। बीयू प्रशासन के अनुसार टीम अभी लगातार 25 जुलाई तक विवि के अन्य विभागों का निरीक्षण करेगी।

### एनएसयूआई और छात्रों को नैक टीम से मिलने से रोका



बीयू में नैक के निरीक्षण के दौरान एनएसयूआई के सदस्यों और छात्रों ने नैक की टीम से मिलने की कोशिश की, जिसे बीयू प्रशासन और पुलिस ने रोक दिया। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार के अनुसार 24 जुलाई को अगर नहीं मिलने दिया गया तो 26 जुलाई को एनएसयूआई विश्वविद्यालय बंद का ऐलान करेगी। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर ने बताया कि विवि के कुलगुरु और रजिस्ट्रार ने छात्रों और संगठन के नेताओं को गेट पर ही रोक दिया और नैक टीम से संवाद का कोई अवसर नहीं दिया। हम भी इसी विवि के पूर्व छात्र हैं, हम सभी भी यहां चाहते हैं कि हमारे विवि को ए+ ग्रेड मिले।

## स्थानीय खेल समाचार

### जर्मनी में चल रहे एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी समर गेम्स

# मप्र एथेलेटिक्स, फेंसिंग और रोइंग अकादमी के 7 खिलाड़ी जर्मनी रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स समर का आयोजन जर्मनी में 16 से 27 जुलाई तक किया जा रहा है। जर्मनी में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मप्र राज्य खेल अकादमी एथेलेटिक्स के 4 ,फेंसिग - 1 और रोइंग के 2 सहित कुल 7 खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए बुधवार को जर्मनी रवाना हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 समर का आयोजन जर्मनी के 6 शहर बोचुम, डुइसबर्ग, एस्सेन, मुल्हेम एन डेर रूहर, हेगन और बर्लिन के 23 स्थानों में किया जा रहा है। 12 दिन तक आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 18 खेल जिनमें तीरंदाजी, जिम्नास्टिक, एथेलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, डाइविंग, फेंसिंग, जूडो, तैराकी, ताईक्वान्डो, टेनिस, टेबल टेनिस, व्हालीबॉल, वॉटर पोलो, बीच बास्केटबॉल, बीच व्हॉलीबाल, रोइंग खेल शामिल है, जिसमें 150 देश के लगभग 8500 खिलाड़ी एवं विद्यार्थी प्रतिभागिता कर रहे हैं।



### ये खिलाड़ी गए जर्मनी

| खिलाड़ी का नाम | खेल एवं इवेंट | एथलेटिक्स, शॉटपुट |
|---|---|---|
| देव मीणा- | एथलेटिक्स, | पोल वोल्ट |
| मंजू यादव | एथलेटिक्स, | 3000 मी. स्टेपलचेज |
| अर्जुन वास्कले- | एथलेटिक्स | 1500 मी. |
| शंकर पाण्डेय | फेंसिंग - | ईपीईई |
| प्रयास | रोइंग- | कॉक्सलेस पेयर एवं कॉक्सलेस फोर |
| राघव | रोइंग | कॉक्सलेस पेयर एवं कॉक्सलेस फोर |

### प्रो पंजा लीग 3 अगस्त से ग्वालियर में

**भोपाल।** प्रो पंजा लीग 3 से 20 अगस्त तक ग्वालियर में आयोजित होगी। इस लीग के सह-संस्थापक प्रवीण डबास और प्रीति झंगियानी हैं, जो इस लीग की संस्थापक कंपनी स्वेन एंटरटेनमेंट के भी प्रमुख हैं। प्रो पंजा लीग की विशेष सह-संस्थापक साक्षात्कार 3 अगस्त से एवं खिलाड़ियों के साथ बातचीत 4 अगस्त से होगी।

### डाइविंग चैंपियनशिप 28 जुलाई से 3 अगस्त तक चलेगी

## विश्व एक्वॉटिक्स चैंपियनशिप सिंगापुर के लिए मप्र की पलक शर्मा का चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत की प्रतिभाशाली गोताखोर खिलाड़ी पलक शर्मा को लगातार दूसरी बार वर्ल्ड एक्वाटिक्स चैंपियनशिप सिंगापुर 2025 में भाग लेने के लिए चुना गया है। यह चैंपियनशिप 11 जुलाई से 3 अगस्त तक सिंगापुर में आयोजित की जाएगी। डाइविंग चैंपियनशिप 28 जुलाई से 3 अगस्त तक चलेगी। पलक शर्मा ने पहले भी वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी भाग लिया था और अब दूसरी बार उनके चयन से यह स्पष्ट होता है कि वह भारत की सबसे प्रतिभाशाली गोताखोर खिलाड़ियों में से एक हैं। वह भारत की पहली महिला गोताखोर खिलाड़ी हैं, जिन्हें वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चुना गया है।

### 6 एक्वॉटिक्स खेलों के 2000 से अधिक एथलीट लेंगे हिस्सा

विश्व एक्वाटिक्स चैंपियनशिप सिंगापुर 2025 वर्ल्ड एक्वाटिक्स का एक प्रमुख आयोजन है जिसमें छह एक्वाटिक्स खेलों - आर्टिस्टिक स्विमिंग, डाइविंग, ओपन वॉटर स्विमिंग, स्विमिंग, वॉटर पोलो और हाई डाइविंग के एथलीट भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप में 200 से अधिक देशों के 2,000 से अधिक एथलीट भाग लेंगे। मध्यप्रदेश की स्टार गोताखोर पलक शर्मा के कोच रमेश व्यास हैं। पलक की इस उपलब्धि पर मप्र स्वीमिंग एशोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, सचिव जय वर्मा, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह राठौर, सहसचिव रामकुमार खिलरानी, सीमांत द्विवेदी, इंदौर जिला तैराकी संघ के सचिव गौरव द्विवेदी और प्रशिक्षक मनीष जोशी ने पलक को शुभकामनाएं दी हैं।

### डेढ़ एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा प्रीफैब्रिकेटेड ढांचा

## बड़े तालाब किनारे खानूगांव में बनेगा वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

- जिला वेटलैंड समिति की बैठक में लिया फैसला
- एशियन चैंपियनशिप के आयोजन के लिए तैयार किया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एशियन चैंपियनशिप-2026 में भोपाल के आयोजन की मेजबानी करने के लिए भोपाल में वाटर स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है, जिसके तहत खानूगांव में बड़े तालाब किनारे डेढ़ एकड़ जमीन पर वॉटर स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। यह निर्माण पूरी तरह से प्रीफेब्रिकेटेड मटेरियल से बनाया जाएगा। इसमें किसी भी तरह का पक्का निर्माण भी नहीं किया जाएगा। यह निर्णय बुधवार को जिला वेटलैंड समिति की बैठक में लिया गया।

बैठक में खेल विभाग की सहायक संचालक डॉ. क्षिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2026 में प्रस्तावित एशियन चैंपियनशिप के आयोजन के लिए भोपाल देश में शीर्ष स्थान पर है। खानूगांव क्षेत्र में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी के आयोजन की संभावनाओं को देखते हुए करीब डेढ़ एकड़ क्षेत्र में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की योजना बनाई गई है।

जिस पर अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने कहा कि इस निर्माण को लेकर बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल से पचास मीटर के दायरे में निर्माण किया जाना चाहिए। निर्माण में इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि कहीं भी पक्का निर्माण नहीं किया जाए। बैठक में बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय, डिप्टी कलेक्टर लखन चौधरी, सिटी प्लानर नगर निगम अनूप गोयल, पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे

### अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनेगा कॉम्प्लेक्स

बैठक में खेल अधिकारियों ने थ्रीडी प्रजेंटेशन देते हुए बताया कि स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स को किस तरह से बनाया जाएगा। अफसरों ने बताया कि इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों का ध्यान रखा जाएगा। इस कॉम्प्लेक्स के निर्माण से भोपाल में भी इंटर नेशनल लेबल के खिलाड़ी तैयार किए जा सकेंगे।

### जिम, वोट हाउस का होगा निर्माण

अपर कलेक्टर ने बताया कि यह कॉम्प्लेक्स राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के हिसाब से फुल टैंक लेवल से 50 मीटर की दूरी पर स्थित होगा। इसमें जिम, वोट हाउस, चेंजिंग रूम और कार्यालय जैसी सुविधाएं शामिल होंगी।

# मुझे आशा है कि 2029 में 70% मतदाता 30 साल से नीचे के होंगे और जिसमें सर्वाधिक 50% महिलाएं ही होंगी...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सोशल मीडिया के जरिए अब युवा भी चुनावों की अहमियत समझ पाए हैं, इसलिए मतदान में युवाओं का प्रतिशत बढ़ा है और मुझे लगता है कि इस सोशल मीडिया कैंपेन की वजह से 2029 चुनाव में 70% मतदाता 30 साल से नीचे के होंगे और जिसमें सर्वाधिक 50% महिलाएं ही होंगी, साथ ही 2029 के चुनाव में 33% महिला आरक्षण से प्रधानमंत्री मोदी का सशक्त महिला संकल्प पूरा होगा और राजनीतिक गलियारों में 33% पदों पर महिलाओं को प्रमुख पदों पर देखा जाएगा......

यह कहना है भारतीय जनता पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय सचिव और चलते-चलते और दुश्मन जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाली अभिनेत्री वाणी त्रिपाठी 'टिक्कू' का, जो गुरुवार से शुरू हो रहे हरिहर नाट्य समारोह में भाग लेने आईं और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने फिल्मों और राजनीति पर अपने विचार प्रस्तुत किए।



हरिभूमि चर्चा

हरिहर नाट्य समारोह में व्याख्यान के लिए आईं भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय सचिव और अभिनेत्री वाणी त्रिपाठी 'टिक्कू' ने कहा

### सपरिवार देखने लायक फिल्में और वेब सीरीज लेकर आने वाली हूं....

उन्होंने कहा कि मैं आने वाले समय में कई फिल्में और वेब सीरीज लेकर आने वाली हूं, जिसे लोग पूरे परिवार के साथ मिलकर देख पाएंगे और इसमें कोई न कोई मैसेज जरूर दिया जाएगा, यानि मेरा पूरा फोकस अच्छे कंटेंट पर है। अभी एक फिल्म पर मेरा काम चल रहा है।

### किसी फिल्म के लिए गाली-गलौज या अश्लील सीन को कंटेंट की मांग कहना एक निरर्थक बात

मैं 11 साल तक सेंसर बोर्ड का हिस्सा रही हूं, तो मैं फिल्मों में दिखाई जाने वाली अच्छी-बुरी चीजों से भली भांति वाकिफ हूं, लेकिन यदि कोई फिल्म निर्माता या अभिनेता यह कहे कि फलां-फलां फिल्म के लिए गाली गलौच या अश्लील सीन कंटेंट की मांग थे तो यह एकदम निरर्थक बात करता है क्योंकि अश्लीलता या गाली गलौज कभी भी किसी भी कंटेंट का हिस्सा नहीं हो सकते और यह तो हम फिल्म निर्माताओं की सामाजिक जिम्मेदारी है कि इन चीजों को किस तरीके से सलीके से फिल्माया जाए।

### मप्र के रंगकर्मी बच्चों में अभिनय की भूख...

उन्होंने कहा कि मप्र नाट्य विद्यालय की चयन समिति के लिए मैं आई हूं और यहां रंग कर्म की एक बहुत ही अलग बिरादरी है। यहां के रंगकर्मी बच्चे के भीतर मैंने एक अभिनय को लेकर एक भूख देखी है, वो सीखना चाहता है और आगे बढ़ना चाहता है, बस मैं सभी रंगकर्मी बच्चों से एक ही बात कहूंगी कि आप एमपीएसडी से पास आउट हों या राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से बस अपनी जड़ों को न भूलें, उस गांव या उस शहर को न भूलें, जहां आप बने हों और अपने सपनों को पूरा किया हो।

### क्रिटिसाइज करने से अच्छा खुद अच्छा कंटेंट बनाऊं....

उन्होंने कहा कि पहले जब राजनीतिक फिल्में, बालीवुड फिल्में या डॉक्यूमेंट्री बनती थी तो मैं क्रिटिसाइज करती थी, लेकिन फिर मुझे लगा कि दृष्टा के रूप में तो हम काफी अच्छे से क्रिटिसिज्म कर सकते हैं लेकिन यदि क्रिटिसिज्म से बेहतर है, खुद ऐसा कंटेंट बनाओ को लोग देखें और सोचें कि ऐसा भी हो सकता है।

### हम सब कहीं न कहीं अपनी जड़ों से अलग होते जा रहे हैं

उन्होंने कहा कि राजनीतिक रूप से देखा जाए तो हम सब कहीं न कहीं अपनी जड़ों से अलग होते जा रहे हैं, हमें जड़ों से जोड़ने के लिए भाजपा के बीस सालों के प्रयास के बाद महिलाओं के लिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण का बिल पास हुआ, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उन्हें नीति निर्माण की मुख्य धारा में भी लाना है क्योंकि जब एक महिला राजनीतिक उच्च पद पर आसीन होती है तो वो परिवार की गहराईयों से समस्याओं और चुनौतियों से वाकिफ होती है और उसका पूरा प्रयास उन कमियों को दूर करने और समस्याओं का मुकाबला करने में होता है। लेकिन अभी भी उन महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना होगा जिनके नाम पर राजनीतिक पद होते हैं, लेकिन पद का प्रयोग पतियों द्वारा किया जाता है। बस जरूरत है तो महिलाओं को अपनी चुनौतियों को अवसर में बदलने की।

## रफी की याद में आज गूंजेंगे सुर, मिलेगा संगीत साधना सम्मान

**भोपाल।** संगीत चौपाल द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम सिर्फ रफी गुरुवार को रविंद्र भवन (अंजनी ऑडिटोरियम) में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रफी साहब के कालजयी गीतों की प्रस्तुतियां भोपाल के ख्यातिप्राप्त गायक राजेश भट, श्याम कृष्णमूर्ती, नुशुर अहमद, ईशान जैन और ईशाक खान देंगे।

## जरूरतमंदों की मदद करेगा रोटरी क्लब का सेवा रथ



**भोपाल।** बुधवार को रोटरी क्लब भोपाल मिडटाउन ने सेवा रथ का हमीदिया अस्पताल परिसर से प्रारंभ किया। सेवा रथ का उद्घाटन मंडल अध्यक्ष सुशील मल्होत्रा एवं प्रथम महिला रूबी मल्होत्रा ने किया। यह सेवा रथ प्रति शनिवार को भोजन सामग्री, खिलौने, वस्त्र, पुस्तकों आदि को आवश्यकता अनुसार समाज के जरूरतमंद लोगों को पहुंचाई जाएगी। कार्यक्रम में मरीजों के परिजनों को फल एवं भोजन के पैकेट वितरित किए गए।

राजधानी की ब्यूटीशियंस ने दिए मानसून के मौसम में सुंदर दमकती त्वचा के लिए खास टिप्स

# हरियाली तीज पर्व पर करें त्वचा का ख्याल ताकि आपकी स्किन लगे चमकी-चमकी...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानसून का मौसम उमंगों और त्यौहारों की रंगत में सिमटा होता है, जिसकी शुरुआत हरियाली तीज से होती है, जब महिलाएं सजधजकर हरे रंग की पोशाक में प्रभु की पूजा करती हैं तो साथ ही इस दिन को बेहद सुंदर तरीके से सेलिब्रेट भी करती हैं, जिसमें नाचने गाने के साथ फोटो शूट भी चलता है। 27 जुलाई को हरियाली तीज है और इसके लिए महिलाएं सजने-संवरने में कोई कसर नहीं छोड़ती। लेकिन इसके लिए महिलाओं को अपनी रंगत के साथ साथ रूप निखार का भी ध्यान रखना आवश्यक है, क्योंकि मानसून का मौसम त्वचा के लिए कई बार समस्याएं भी लेकर आता है। इस दौरान नमी के कारण त्वचा डल और चिपचिपी हो जाती है। पिंपल्स, फंगल इंफेक्शन और ऑयली स्किन जैसी दिक्कतें इस मौसम में आम रूप से देखने को मिलती हैं। बारिश के इस मौसम और हरियाली तीज पर सुंदर और निखरी त्वचा के लिए कुछ ख्याल रखना भी जरूरी है। इसके लिए हरिभूमि ने राजधानी की ब्यूटीशियंस से जाना कि आखिर इस मौसम में कसे करें अपनी त्वचा की देखभाल।

### घरेलू नुस्खे, जो देंगे त्वचा को ताजगी

ब्यूटीशियंस ने कुछ घरेलू नुस्खे भी दिए, जिन्हें अपनाकर महिलाएं पा सकती हैं सुंदर त्वचा

**बेसन और हल्दी का फेसपैक :** एक चम्मच बेसन में चुटकी भर हल्दी और थोड़ा गुलाबजल मिलाकर लगाएं। यह त्वचा को डीटॉक्स करता है और प्राकृतिक चमक देता है।


**नीम और एलोवेरा जेल:** नीम की पत्तियों का पेस्ट बनाकर उसमें एलोवेरा जेल मिलाएं। यह पैक एंटीबैक्टीरियल होता है और पिंपल्स को रोकता है।

**दही और शहद का मास्क:** एक चम्मच दही में आधा चम्मच शहद मिलाकर चेहरे पर लगाएं। यह स्किन को हाइड्रेट करता है और डलनेस दूर करता है।

### क्या न करें

- भारी मेकअप न करें, स्किन को सांस लेने दें।
- दिन में कम से कम दो बार फेसवॉश करें।
- धूप न सही, फिर भी सनस्क्रीन न भूलें।
- ज्यादा ऑयली या भारी मॉइश्चराइजर से परहेज करें।





### स्किन की गहराई से सफाई है जरूरी

ब्यूटीशियन रानी पंडित कहती हैं कि मानसून में स्किन की गहराई से सफाई जरूरी है। इस मौसम में पसीना और धूल-मिट्टी त्वचा के रोम छिद्रों को बंद कर देती है, जिससे ब्रेकआउट्स की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में घरेलू फेस पैक और स्क्रब बेहद फायदेमंद होते हैं।

### पपीता और ओट्स स्क्रब का करें इस्तेमाल

ब्यूटी एक्सपर्ट डॉ. सरिता श्रीवास्तव कहती हैं कि इस मौसम में उमस और पसीने के कारण चेहरे पर धूल-मिट्टी के कण चिपक जाते हैं, जिससे त्वचा खराब होने लगती है। यह जरूरी है कि इस मौसम में चेहरे को बार-बार धोएं। नीम के फेसवॉश का इस्तेमाल करें। यह इंफेक्शन को हटाता है और चेहरा धोने के बाद टोनर जरूर लगाएं। जो भी धूल-मिट्टी अंदर गई है, टोनर उसे हटाने का काम करता है। मॉश्चराइजर इस मौसम में कम इस्तेमाल करना चाहिए या मौसम के अनुकूल जो विशेष मॉश्चराइजर आते हैं, उन्हें इस्तेमाल करें। सरिता ने कहा कि इस मौसम में पपीता और ओट्स स्क्रब का इस्तेमाल करें, पपीते में थोड़ा ओट्स मिलाकर स्क्रब करें। यह डेड स्किन हटाने में मदद करता है।



धान और जौ का भी किया प्रयोग...



## उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाइटी के बच्चों ने बांस से बनाई राखी





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसायटी व शिल्पकार कारीगर महिला कल्याण समिति के द्वारा दिव्यांग छात्र-छात्राओं को बांस व धान से कलाकार धर्मेंद्र रोहर ने राखी बनाना सिखाया। इस अवसर पर उमंग संस्था के मूक बधिर छात्राओं ने बड़ी तल्लीनता से राखी बनाई। राखी में गणेश, फूल-पत्ती, माला के रूप में राखी बनाई गई। इन राखियों को बनाने में धान और जौं का भी प्रयोग हुआ। जिसमें बच्चों ने एक-एक दाने को जमाया और भी उसे आकर दिया।

## वक्त मुंह मोड़ के निकले तो निकल जाने दे...

### वक़्त विषय पर प्रभात साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजधानी की चर्चित संस्था प्रभात साहित्य परिषद ने बीते दिनों वक़्त विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के नरेश मेहता कक्ष में महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता, बलराम गुमाश्ता के मुख्य आतिथ्य तथा प्रदीप कश्यप के विशेष आतिथ्य एवं कमल सिंह कमल के संचालन में किया गया। डॉ. प्रतिभा द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के बाद कवियों ने वक्त विषय पर अपनी रचनाएं पढ़ीं। इनमें ताहा हुसैनी ने वक़्त इंसान पे कहकर नहीं आने वाला, जल गया आग में खुद आग लगाने वाला पढ़ी, वहीं कमल सिंह कमल ने पढ़ा हर वक़्त पर मिलेगी उस वक़्त की चुनौती, रमेश नंद ने वक्त मुंह मोड़ के निकले तो निकल जाने दे, चांद आएगा नजर शाम तो ढल जाने दे पढ़कर तालियां बटोरीं, वहीं सरोज लता सोनी ने पढ़ा वक़्त की पुकार है.. रचना पढ़कर वाहवाही बटोरी। वहीं डॉ. विमल शर्मा आदित्य, हरि गुप्ता, सत्येंद्र सत्यज, बिहारी लाल सोनी, सूर्य प्रकाश अष्ठाना, सुरेश पवार, संत मालवीय, अदिति परवानी, नंदनी पटेल, विद्या श्रीवास्तव, डॉ. सीमा अग्रवाल, रेणु गोस्वामी, चंद्रभान राही, अनुज भार्गव, मोती सागर, सुरेश शर्मा, राम मोहन चौकसे, विमल भंडारी, चरणजीत सिंह, शफी लोदी, रतलामी मनोज जैन, मधुर कृष्ण, देव चतुर्वेदी, अशोक व्यग्र, अशोक प्रियदर्शी, उमेश गर्ग, गणेश गौर, योगी पटवा आदि ने भी अपनी रचनाएं पढ़ीं।

4.47 घंटे मिनट में पूरी की वाटर रेस

## भोपाल से निकला मध्य प्रदेश का पहला ओशियन मैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भोपाल के सिद्धार्थ गोयट ने मलेशिया में आयोजित विश्व की सबसे चुनौतीपूर्ण ओपन वाटर रेस में से एक ओशियन मैन (10 किमी) को बेहद कठिन समुद्री परिस्थितियों में 4 घंटे 47 मिनट में पूरा करके ओशियन मैन का गौरवमयी खिताब हासिल किया। वे ऐसा करने वाले मप्र के पहले एथलीट बन गए हैं। कोच जामरान हुसैन (संस्थापक ट्राई-जी एथलीटस ) ने कहा कि यह सिर्फ एक रेस नहीं थी, यह 6 महीनों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। सिद्धार्थ ने हफ्ते में 3 दिन पूल और 1 दिन बड़े तालाब में ओपन वॉटर ट्रेनिंग की। खास फोकस साइटिंग, एंड्योरेंस, स्ट्रेंथ और माइंडसेट पर रहा। इस उपलब्धि के पीछे सिर्फ एथलीट की मेहनत नहीं, बल्कि कोच और शिष्य के बीच की गहरी समझ और समर्पण भी था।

## छवि प्रभाग के अंतर्गत समारोह के पहले दिन होगा फिल्म 'बंदिनी' का प्रदर्शन

### भारत भवन में नूतन पर केंद्रित चार दिवसीय एकाग्र फिल्म समारोह आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भारत भवन में 24 जुलाई से सुप्रसिद्ध अभिनेत्री नूतन के अभिनय पर केंद्रित चार दिवसीय एकाग्र फिल्म समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष आयोजन का संयोजन भारत भवन के छवि प्रभाग की ओर से किया गया है। समारोह के दौरान नूतन की उन चुनिंदा फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिन्होंने हिन्दी सिनेमा में उन्हें विशिष्ट पहचान दिलाई। वहीं गुरुवार को पहले दिन बंदिनी का प्रदर्शन किया जाएगा। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि समारोह प्रतिदिन शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा और इसमें दर्शकों के लिए प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। समारोह का उद्देश्य नूतन के अभिनय शिल्प को नई पीढ़ी के समक्ष प्रस्तुत करना है, ताकि उनके योगदान से युवा दर्शक और फिल्म विद्यार्थी प्रेरणा ले सकें। उल्लेखनीय है कि नूतन को हिन्दी सिनेमा की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में गिना जाता है। उन्होंने अपने लंबे करियर में विभिन्न कालजयी फिल्मों में संवेदनशील भूमिकाएं निभाईं। उनकी सहजता, गंभीरता और किरदारों में उतर जाने की क्षमता ने उन्हें दर्शकों के हृदय में अमर बना दिया। बहुकला केन्द्र का चार दिवसीय फिल्म समारोह निश्चित ही सिनेमा प्रेमियों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर होगा, जहां वे नूतन के अभिनय को बड़े परदे पर देखकर उनके रचनात्मक सफर को महसूस कर सकेंगे।







### आईपीएस का भोपाल आने के बाद भी विवादों से नहीं छूट रहा पीछा..

पिछले दिनों कटनी जिले में हुए हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद एक आईपीएस को सरकार ने भोपाल अटैच कर दिया था। दरअसल पूरा मामला गया था कि महिला पुलिस अफसर के पति ने आरोप लगाए थे कि आईपीएस साहब उनका घर तोड़ रहे हैं। इसके बाद तो मामला प्रदेश भर में चर्चित हो गया। पुलिस ने जो कारनामा किया इसकी खासी किरकिरी में भी हुई। स्थिति यह है कि आईपीएस साहब भोपाल भी आ गएलेकिन महिला संबंधी मामलों से उनका पीछा नहीं छूट रहा। एक महिला ने अब उन पर प्रताड़ना का आरोप लगा दिया है। उसने इसकी शिकायत प्रदेश से लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय तक को भेजी है। विभाग में चर्चा है कि एक महिला के कारण साहब को फील्ड से हटना पड़ा अब देखते हैं दूसरी महिला के आरोपों का क्या नतीजा होगा।कुल मिलाकर आईपीएस साहब का समय ठीक नहीं चल रहा है।

### दूर हटना, साहब आईपीएस है..

हाल ही में एक आईपीएस अपने पारिवारिक सदस्यों के इलाज के लिए एम्स पहुंचे। साहब के आगे आगे तीन पुलिस कर्मी भी चल रहे थे। जैसे ही साहब डॉक्टर के कक्ष मैं पहुंचे पुलिसकर्मियों ने बाहर लाइन में खड़े मरीज को एक तरफ होने के लिए कहा। इसके बाद पुलिसकर्मी उनको लेकर अंदर चले गए। बाहर कुछ मरीज के परिजनों ने पुलिसकर्मियों से पूछा कि ये कौन है जो बिना नंबर लगाए ही अंदर चले गए,क्योंकि एम्स में तो बिना कतार में लगे इलाज संभव नहीं होता।फिर पुलिस कर्मियों ने उनको बताया कि आप लोगों को पता नहीं कि ये साहब आईपीएस है।

### थाना प्रभारी से नाखुश कर्मचारी

नए शहर के एक थाना प्रभारी से कर्मचारी इन दिनों नाखुश नजर आ रहे हैं। दरअसल, थाना प्रभारी का रवैया कर्मचारियों को भा नहीं रहा है। यह भी बताया जाता है कि थाना प्रभारी ने एक एएसआई के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उसे वह प्रताड़ित कर रहे हैं। इसके अलावा कर्मचारियों का आरोप है कि थाना प्रभारी इलाके में खुद की सांठ-गांठ करने में जुटे हैं और नशे के कारोबारी से उनका सीधा संपर्क है। अब वह डर के कारण नशे के कारोबारियों पर कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। आरोप है कि थाने की चौकी के सामने ही बड़े स्तर पर नशे का कारोबार चल रहा है। इसके अलावा इलाके की एक महिला शराब की तस्करी कर रही है। दोनों से ही थाना प्रभारी की सांठ-गांठ है। सूत्र यह भी बताते हैं कि सीधे थाना प्रभारी से संपर्क होने के कारण वे शिकायत मिलने पर भी कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं।

### महिला एसआई से प्रताड़ित अधिकारी

राजधानी के एक थाने में पदस्थ महिला एसआई से अधिकारी प्रताड़ति है। सूत्र बताते हैं कि महिला एसआई ने अधिकारियों से दोस्ती कर ली है। दोस्ती गहरी होने के कारण महिला एसआई पर कार्रवाई करने से भी अधिकारी डर रहे हैं। यह भी बताया जाता है कि महिला एसआई गले की फांस बन गई है। उसके कारण भोपाल में नौकरी करना मुश्किल हो गया है। यह एसआई अपने रवैये के लिए चर्चित है और पूर्व में पैसों के लेनदेन के कारण उसे एक थाने से दूसरे थाने भेज दिया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों से दोस्ती होने के कारण निचले स्तर पर अधिकारी उसके खिलाफ कोई भी कदम नहीं उठा पा रहे हैं। साथ ही महिला एसआई को काम बताने में भी थाना प्रभारी के पसीने छूट रहे हैं।

-प्रशांत शुक्ला/प्रकाश भोमरकर

मंत्री टेटवाल ने अर्पित की श्रद्धांजलि

## शहीद जवान नागर को राजकीय सम्मान के साथ दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने जम्मू-कश्मीर में देशसेवा के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए राजगढ़ जिले के ग्राम टूटियाहेड़ी निवासी भारतीय सेना के जवान हरिओम नागर को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। मंत्री टेटवाल ने स्व. नागर की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिजन से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। मंत्री टेटवाल ने कहा कि हरिओम नागर जैसे साहसी और राष्ट्रनिष्ठ सपूतों के कारण ही भारत की आत्मा जीवित रहती है। उनका बलिदान समूचे राष्ट्र का गौरव है।

करुणाधाम आश्रम में आयोजन

## विश्व कल्याण के संकल्प के साथ वंदे राष्ट्र मातरम प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



करुणाधाम आश्रम के तीन दिवसीय वंदे राष्ट्र मातरम् प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को सर्वप्रथम गणेश और अन्य देवता के पूजन के साथ लोक और विश्वकल्याण का संकल्प ले कर कार्यक्रम को शुरू किया गया। कार्यक्रम में महाभारत कालीन क्षेत्रों, पर्वत, पठार, नदियों आदि तत्वों का स्मरण किया गया। साथ ही 16 कलशों की स्थापना कर प्रेमपुरा घाट में जल देवता एवं जल के अन्य तत्वों की पूजा कर विशाल जल यात्रा का आयोजन किया गया। भक्त ने आश्रम के पीठाधीश्वर गुरुदेव श्री सुदेश शांडिल्य महाराज से प्रेमपुरा घाट का नाम प्रेम सरोवर रखने के लिए मांग की, जल यात्रा प्रेमपुरा घाट से नेहरू नगर होते हुए आश्रम में प्रवेश की, जहां यात्रा का भव्य रूप से स्वागत किया गया और जलपूर्ण कलशों को यज्ञ मण्डप पर स्थापित किया गया। उल्लेखनीय है कि करुणाधाम में मां महालक्ष्मी की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर वन्दे राष्ट्रमातरम प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की अध्यक्षता में बैठक

# 28 जुलाई को होगी ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे चर्चा, राजनाथ देंगे जवाब



राज्यसभा की व्यापार सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक में बुधवार को विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा की व्यापार सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक में बुधवार को विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की। विपक्ष ने कहा कि इस मुद्दे पर राज्यसभा में अगले हफ्ते से दो दिन तक 16 घंटे की चर्चा होनी चाहिए और पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। यह बैठक मानसून सत्र के दौरान हुई, जिसमें विभिन्न दलों के नेता, राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने की। यह बैठक पहले सोमवार को प्रस्तावित थी, लेकिन उसी दिन शाम को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

**पीएम मोदी भी रहेंगे मौजूद**



### विपक्ष ने की अगले हफ्ते चर्चा की मांग: तिवारी

कांग्रेस के राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने बताया कि विपक्ष ने एक सुर में मांग की कि पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा अगले हफ्ते से शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि लोकसभा में इस पर चर्चा शुरू होने के एक दिन बाद राज्यसभा में चर्चा होनी चाहिए। तिवारी ने कहा कि यह एक सामान्य बहस होनी चाहिए, कोई प्रस्ताव नहीं लाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार ने आश्वासन दिया है कि प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे। संसद के दोनों सदनों में पहलगाम हमले, बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) और अन्य मुद्दों को लेकर लगातार हंगामा हो रहा है।

वहीं, अब जानकारी सामने आई है कि ऑपरेशन सिंदूर पर 28 जुलाई से लोकसभा में चर्चा शुरू होगी। सदन में इस पर 16 घंटे तक चर्चा होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान मौजूद रहेंगे। जबकि, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस पर जवाब देंगे।

लोकसभा में हंगामे पर बिफरे बिरला ने दी चेतावनी

## संसद में सड़क जैसा व्यवहार दुनिया देख रही, अब हम निर्णायक कार्रवाई करेंगे



लोकसभा में बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष ने बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। बुधवार को जब विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया तो लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भड़क गए। उन्होंने विपक्षी सांसदों को चेतावनी देते हुए कहा कि आप सड़क का व्यवहार संसद में कर रहे हैं। ये देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि सदन में तख्तियां लेकर आने वालों पर मुझे निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी। लगातार तीन दिन से हो रहे विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा को स्थगित करना पड़ रहा है।

**आचरण, व्यवहार मर्यादित हो**

निचले सदन में प्रश्नकाल के दौरान 'बिहार में रेल परियोजनाएं' विषय पर चर्चा चल रही थी। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर हंगामा किया। सांसदों के हंगामे को लेकर बिरला भड़क गए। उन्होंने कहा संसद हमारे गौरवशाली लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था है। सांसदों से काम की अपेक्षा रहती है।

### सदन में बैठिए और मुद्दों पर चर्चा कीजिए

बिरला ने कहा कि आपका जो व्यवहार है वो सड़कों का है। यह आचरण और व्यवहार आप संसद में कर रहे हैं। ये देश देख रहा है। मैं सभी राजनीतिक दलों से कहता हूं कि देश उनके सदस्यों के आचरण को देख रहा है। मैं दोबारा कह रहा हूं कि सदन में तख्तियां लेकर आने वालों पर मुझे निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी। आप जाइए, सदन में बैठिए और मुद्दों पर चर्चा कीजिए।

---

## खबर संक्षेप

### 'अपमान' से परेशान छात्र ने की खुदकुशी



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक कॉलेज छात्र की खुदकुशी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां सहपाठियों के द्वारा अपमान से परेशान 22 वर्षीय एक छात्र ने खुदकुशी कर ली। उसने सुसाइड नोट में किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है, लेकिन माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने 3 सहपाठियों के खिलाफ उकसाने का केस दर्ज किया है। लड़के ने कोई नाम नहीं लिखा था।

### कम उम्र में इंडियन इंफ्लुएंसर की मौत



**नई दिल्ली।** अपने मजाकिया मीम्स और दिल को छू लेने वाले फोटोशॉप एडिट्स के लिए मशहूर, नास्तिक कृष्णा ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। कृष्णा के क्रिएटीव कंटेंट ने बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसी हस्तियों को हंसाया है। कृष्णा पुरानी, फटी हुई तस्वीरों को संवारने के लिए भी जाने जाते थे।

### 56 युवतियों को मानव तस्करी से बचाया



**कोलकाता।** न्यू जलपाईगुड़ी-पटना कैपिटल एक्सप्रेस में जहां रेलवे कर्मचारियों और रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता ने 56 युवतियों को मानव तस्करी का शिकार बनने से बचा लिया। ये महिलाएं पश्चिम बंगाल के दूरदराज जिलों से थीं, जिन्हें बेंगलुरु में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बिहार भेजा जा रहा था। उनके हाथ पर कोच और सीट नंबर की मुहर थी।

### आय से अधिक संपत्ति में 8 के घर पर छापा



**बेंगलुरु।** लोकायुक्त के अधिकारियों ने बुधवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में एक आईएएस अधिकारी समेत 8अधिकारियों से जुड़े परिसरों में छापेमारी की। आईएएस अधिकारी वसंती अमर बी वी रेलवे अवसंरचना विकास कंपनी, कर्नाटक (के-राइड) में विशेष उपायुक्त के रूप में तैनात थीं। भूमि अधिग्रहण अनुभाग संभाल रही थीं।

### पुराने वाहनों पर प्रतिबंध एनजीटी ने लगाया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि पुराने डीजल और पेट्रोल वाहनों के उपयोग पर प्रतिबंध सरकार ने नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाया गया है। सरकार की वाहन कबाड़ नीति (व्हीकल स्क्रैपिंग पॉलिसी) के तहत 15 साल पुराने वाहनों के चलने पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

---

राहुल के बयान पर मचा घमासान, भड़के प्रधान ने सुनाई खरी-खरी

# नेता प्रतिपक्ष उड़ा रहे लोकतंत्र का मजाक वोट बैंक के लिए ईसी को खिलौना बना रहे

धर्मेंद्र प्रधान ने 'वोट चोरी' के आरोप को कांग्रेस का एक राजनीतिक शिगूफा करार दिया उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र का मजाक उड़ाने का एक तरीका बन गया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्र सरकार और चुनाव व्यवस्था पर हमला बोलते हुए दावा किया है कि देश में चुनाव 'चोरी' किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक आरोप नहीं, बल्कि एक सच्चाई है जिसे कांग्रेस जनता के सामने लाने का काम कर रही है। इस पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पलटवार करते हुए उनके बयानों को झूठा और लोकतंत्र का अपमान करार दिया। धर्मेंद्र प्रधान ने 'वोट चोरी' के आरोप को कांग्रेस का एक राजनीतिक शिगूफा करार दिया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र का मजाक उड़ाने का एक तरीका बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एससी-एसटी और ओबीसी के नाम पर तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है और अब जब जनता उन्हें लगातार नकार रही है, तो वे जनादेश का अपमान कर रहे हैं। इस दौरान प्रधान ने कांग्रेस को जमकर सुनाया और कहा कि देश के कई राज्यों में कांग्रेस की सरकारें खुद लोगों का अधिकार छीन रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रही हैं।

**राहुल का आरोप हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी किए जा रहे**

### प्रधान बोले- 'वोट चोरी' का आरोप एक राजनीतिक शिगूफा



### कांग्रेस कर रही महान लोकतंत्र का अपमान

राहुल गांधी के इन आरोपों पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष हर दिन संसद को बाधित करने के लिए नया बहाना लेकर आता है और इस तरह देश की लोकतांत्रिक परंपरा और संसद की गरिमा को ठेस पहुंचा रहा है।

### कांग्रेस सरकारों ने एससी-एसटी और ओबीसी वर्गों का हक छीना

केंद्रीय मंत्री प्रधान ने यह भी कहा कि जिन वर्गों की बात कांग्रेस कर रही है, उनकी सरकारों ने हाल ही में तेलंगाना और कर्नाटक में उन्हीं एससी-एसटी और ओबीसी वर्गों के अधिकार छीनने का काम किया है। उन्होंने याद दिलाया कि दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने कभी भी इन वर्गों को उनका हक नहीं दिया, बल्कि हमेशा अपने खास वोटबैंक को साधने की कोशिश की।

### जाग चुकी जनता कांग्रेस को नकार रही

प्रधान ने अपने बयान के अंत में कहा कि देश की जागरूक जनता अब कांग्रेस जैसे दलों की सच्चाई को अच्छी तरह पहचान चुकी है। यही वजह है कि कांग्रेस को एक के बाद एक राज्यों में हार का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बार-बार 'वोट चोरी' की डफली बजाकर कांग्रेस सिर्फ अपने पिछड़े-विरोधी इतिहास को छिपाना चाहती है, लेकिन अब देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

### कांग्रेस चुनाव जीती तो लोकतंत्र और ईसी दोनों सही, वरना..

प्रधान ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस और उनके नेताओं को चुनाव आयोग और लोकतंत्र पर भरोसा तब तक ही रहता है, जब तक वे चुनाव जीतते हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में चुनाव जीतती है तो लोकतंत्र और चुनाव आयोग पूरी तरह सही लगते हैं, लेकिन जब वे महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में हार जाते हैं, तो चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाए जाते हैं।



### राहुल गांधी ने क्या कहा था?

राहुल ने दावा किया कि कर्नाटक की एक लोकसभा सीट की जांच की गई, जहां बड़े पैमाने पर वोट चोरी का मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द इसकी पूरी जानकारी जनता के सामने रखी जाएगी। बिहार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि सर (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट) के नाम पर एससी-एसटी और ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के वोट चुराए जा रहे हैं। राहुल गांधी ने चेताया कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन इस अन्याय के खिलाफ न तो चुप बैठेंगे और न ही पीछे हटेंगे। यह लड़ाई संसद से लेकर सड़क तक लड़ी जाएगी।

### राहुल का पीएम मोदी पर हमला- दाल में कुछ काला है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने के दावे पर राहुलने पीएम मोदी पर हमला बोला है। राहुल ने कहा कि ट्रंप ने 25वीं बार यह बयान दिया। पीएम मोदी इस पर मौन हैं। इससे लगता है दाल में कुछ काला है। राहुल ने सवाल किया कि ट्रंप युद्ध विराम कराने वाले कौन होते हैं? प्रधानमंत्री कैसे बयान दे सकते हैं? वह क्या कहेंगे, ट्रंप ने संघर्ष विराम करवाया, वह ऐसा नहीं कह सकते। लेकिन यह सच्चाई है। राहुल ने कहा कि दाल में कुछ काला है।

---

'सर' का विरोध कर रही इंडिया गठबंधन

# बिहार में भाजपा वोटों का अपहरण करना चाह रही



एजेंसी ▶▶ पटना

विधानसभा में मानसून सत्र के तीसरे दिन भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। लंच के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई लेकिन इंडिया गठबंधन के विधायक फिर से हंगामा करने लगे। वह सरकार से मतदाता पुनरीक्षण कार्य पर चर्चा कराने की मांग कर रहे थे। लेकिन, विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष के विधायकों को अपने स्थान पर बैठने के लिए कहा। लेकिन, विपक्ष ने उनकी बात नहीं मानी और वॉकआउट कर सदन के बाहर निकल गए। इसके बाद इंडिया गठबंधन के विधायकों ने प्रेस वार्ता की। विपक्ष ने कहा कि बिहार वोटरों के नाम काटने की साजिश चल रही है। करीब 57 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से कटने वाला है। सरकार चर्चा से भाग रही है। विपक्ष के विधायक संदीप आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी वोट का अपहरण करना चाहती है। लेकिन, हमलोग ऐसा होने नहीं देंगे। हमलोग गरीबों और वंचितों के लिए खड़े रहेंगे।

### डिप्टी सीएम ने जबरन बोला

कांग्रेस के विधायक शकील अहमद खान ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने जो हरकत की, उसे हम लोगों ने नोटिस किया। उन्हें नेता प्रतिपक्ष पर बोलने की कोई जरूरत नहीं थी लेकिन उन्होंने अनर्गल टिप्पणी की। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने खुद संज्ञान लिया। यह बहुत हास्यास्पद विषय है। ऐसा लग रहा था कि सरकार खुद ही सदन चलाने के पक्ष में नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने बहुत ही तार्किक बात की थी। उन्होंने सर के ऊपर बुनियादी सवाल उठाए। वह तर्कसंगत बात कर रहे थे लेकिन सरकार को उनकी बात पसंद नहीं आई और सिन्हा अनावश्यक टिप्पणी करने लगे। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष जनता की आवाज होती है।

### अब मतदाताओं को सरकार चुन रही

राजद विधायक आलोक मेहता ने कहा कि पिछले दो-तीन सप्ताह से हम लोग सड़क पर मतदाता पुनरीक्षण कार्य के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। हम लोग सरकार से इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। अब तो चुनाव आयोग ने भी घोषणा कर दी है कि 51 लाख लोगों का नाम मतदाता सूची से काटा जा रहा है। ऐसा करना गलत है। ऐसा प्रतीत होता है कि अब मतदाता सरकार को नहीं चुन रहे हैं बल्कि सरकार ही मतदाताओं को चुन रही है।

---

घरेलू हिंसा में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

# मामला दर्ज होने के दो महीने तक गिरफ्तारी न करे पुलिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



घरेलू हिंसा से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है और इलाहाबाद हाई कोर्ट के दो साल पुराने दिशा-निर्देशों को अपनाते हुए कहा है कि धारा 498ए के तहत दर्ज मामलों में पुलिस आरोपियों को दो महीने तक गिरफ्तार न करे। कोर्ट ने कहा कि जब कोई महिला ससुराल वालों के खिलाफ 498ए के तहत घरेलू हिंसा या दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराए तो पुलिस वाले उसके पति या उसके रिश्तेदारों को 2महीने तक गिरफ्तार न करे। 2 महीने की अवधि को शांति अवधि कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश एक महिला आईपीएस से जुड़े मामले के दौरान दिया। कोर्ट ने उससे अलग हुए पति, रिश्तेदारों के उत्पीड़न के लिए अखबारों में माफीनामा प्रकाशित कर माफी मांगने का आदेश दिया है।

ईडी का कंपनियों-निदेशकों पर शिकंजा

# मिंत्रा-निदेशकों के खिलाफ 1,654 करोड़ का फेमा केस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट समर्थित 'फैशन एवं लाइफस्टाइल' मंच मिंत्रा, संबंधित कंपनियों और निदेशकों के खिलाफ 1,654 करोड़ रुपये से अधिक के एफडीआई 'उल्लंघन' में फेमा के तहत मामला दर्ज किया है। वित्तीय अपराध जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईडी ने बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) की धारा 16(3) के तहत शिकायत दर्ज की गई है। एजेंसी को 'विश्वसनीय जानकारी' मिली थी कि 'मिंत्रा' ब्रांड नाम वाली मिंत्रा डिजायन्स प्राइवेट लिमिटेड और इसकी संबंधित कंपनियां 'थोक कैश एंड कैरी' की आड़ में बहु-ब्रांड खुदरा कारोबार कर रही हैं। यह व्यवस्था एफडीआई नीति का सीधा उल्लंघन है।

नकदी मिलने के मामले में शीर्ष कोर्ट में दी चुनौती

सुप्रीम कोर्ट में उठा यह मुद्दा

# जस्टिस वर्मा की याचिका पर सुनवाई के लिए जल्द गठित होगी 'सुप्रीम' पीठ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह एक बेंच गठित करेगा जो जस्टिस यशवंत वर्मा की उस याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसमें उन्होंने आंतरिक जांच समिति की उस रिपोर्ट को चुनौती दी है, जिसमें उनके खिलाफ उनके आवास पर नकदी मिलने के मामले में टिप्पणी की गई थी। यह मामला चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस जयमाल्या बागची की बेंच के समक्ष उठाया गया।

### एक उपयुक्त बेंच बनाई जाएगी



वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, मुकुल रोहतगी, राकेश द्विवेदी, सिद्धार्थ लूथरा, सिद्धार्थ अग्रवाल और वकील जॉर्ज पोटन पूथिकोटे, मनीषा सिंह समेत अन्य लोग जस्टिस वर्मा की ओर से पेश हुए। उन्होंने कहा कि हमने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज की ओर से याचिका दायर की है। इसमें कुछ सांविधानिक मुद्दे शामिल हैं। जल्द ही एक बेंच गठित की जाए। सीजेआई ने कहा कि हम इस पर विचार करेंगे और एक उपयुक्त बेंच बनाएंगे।

**मामले से हटे सीजेआई गवई**

जस्टिस यशवंत वर्मा के कैश कांड की सुनवाई से चीफ जस्टिस बीआर गवई ने खुद को अलग कर लिया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि मेरे लिए इस केस की सुनवाई में शामिल होना उचित नहीं होगा, क्योंकि मैं पहले भी इसका हिस्सा रहा हूं।

---

बाढ़-भूस्खलन ने जनजीवन किया अस्त-व्यस्त, हजारों प्रभावित

# अंधेरी सबवे बंद और समुद्र में मिला फ्लोटिंग कंटेनर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई हर तरफ पानी से सराबोर हो चुकी है। मुंबई का सबसे भीड़भाड़ वाला अंधेरी सबवे बंद हो चुका है। पिछले कई दिनों से मुंबई में हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सबवे का रास्ता झील में तब्दील हो चुका है। सबवे का रूट अब गोखले ब्रिज और ठाकरे ब्रिज की तरफ डायवर्ट कर दिया गया है। बांद्रा में भारी बारिश के कारण भरत नगर चॉल ढह गया था। सोमवार की रात हुए इस हादसे में 15 लोग गंभीर रूप से घायल थे।

### मुंबई में भारी बारिश से लोग हलाकान, मार्ग परिवर्तित




**समुद्र भी उफान पर**

मुंबई में लगातार खराब मौसम और तेज हवाओं के कारण समुद्र भी उफान पर है। इस दौरान विरार के कलंब बीच पर अचानक एक तैरता हुआ कंटेनर देखकर हड़कंप मच गया। कंटेनर में ढेर सारे वॉलपेपर भरे हैं।

राजस्थान में भी तबाही

### देखते ही देखते ढह गया पहाड़



**झुंझुनूं।** राजस्थान के झुंझुनूं जिले में बुधवार तड़के हुई मूसलाधार बारिश ने पूरे इलाके में कहर बरपा दिया। जिले के चिड़ावा, पिलानी, नवलगढ़, उदयपुरवाटी सहित कई क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। नारी गांव में एक पूरा पहाड़ ढह गया, जो काफी भयावह है। बजावा रावत का गांव में एक मकान ढहने से अंजू नाम की एक महिला की मौत हो गई।

### हिमाचल में 385 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद दो राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 385 सड़कें बंद हो गई हैं। मंडी में एनएच 70 बंद है। सिरमौर में एनएच 707 बंद हो गया है। 252 सड़कें अवरुद्ध हैं, 263 ट्रांसफॉर्मर और जलापूर्ति की 220 योजनाएं बंद हैं।

**बाढ़ और भूस्खलन से अमरनाथ यात्री रास्ते में फंसे**

**रामबन।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में भारी बारिश से मलबे के भूस्खलन ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद कर दिया। सैकड़ों वाहन फंस गए और अमरनाथ यात्रा से लौट रहे कई श्रद्धालु भी बीच रास्ते में रुक गए हैं।

---

कटड़ा से दिल्ली आने वाली ट्रेन

# वंदे भारत में पैसेंजर को दाल में मिला कीड़ा, रेलवे ने मांगी माफी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर



इंडियन रेलवे की सबसे प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत के खाने में कीड़ा निकलने का मामला सामने आया है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के खाने में कीड़े मिलने की तस्वीर को एक यात्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया है। पोस्ट की तस्वीर पोस्ट में दिख रहा है कि एल्युमीनियम के डिब्बे में परोसी गई दाल में एक काला कीड़ा मौजूद है। यह तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। पोस्ट में दावा किया गया है कि यह घटना 22 जुलाई को कटड़ा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस में हुई। सोशल मीडिया इस मामले को जिस अकाउंट से उठाया गया है। उसमें बायो में वडोदरा के निवासी होने का उल्लेख किया है। यूजर नेपहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को टैग किया है। इसके बाद भूल सुधार कर नई पोस्ट में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी टैग किया है। हालांकि रेलवे ने इसके लिए माफी मांग ली है।

तेल रिसाव होने पर मिलेगी त्वरित मदद

# दूसरा स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रचेत' लॉन्च

*'समुद्र प्रचेत' पोत की लंबाई 114.5 मीटर, चौड़ाई 16.5 मीटर है और इसका विस्थापन 4170 टन होगा। इन पोतों में अत्याधुनिक प्रतिक्रिया उपकरण लगे हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में निर्मित दूसरा स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रचेत' बुधवार को लॉन्च कर दिया गया। पहला प्रदूषण नियंत्रण पोत (जीएसएल यार्ड 1267) पिछले साल 29 अगस्त को लॉन्च किया गया था, जिसकी अब जल्द ही आपूर्ति होने वाली है। लॉन्च किया गया पोत (जीएसएल यार्ड 1268) जीएसएल में निर्मित दो प्रदूषण नियंत्रण पोत श्रेणियों में से अंतिम पोत है। दूसरे पोत की लांचिंग भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि की मौजूदगी में उनकी पत्नी प्रिया परमेश के हाथों हुई। समारोह में जीएसएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार उपाध्याय, रक्षा मंत्रालय, तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारी और जीएसएल के कर्मचारी उपस्थित थे।

*तटरक्षक बल की जरूरतें स्वदेशी रूप से पूरी हो रहीं*

*स्थानीय उद्योग को मिला बढ़ावा, रोजगार सृजन हुआ*



### अत्याधुनिक प्रतिक्रिया उपकरण से लैस

आईसीजी के कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि इन पोतों को भारतीय तटरक्षक बल की जरूरतों को पूरा करने के लिए जीएसएल ने डिजाइन और निर्मित किया है। पोत की लंबाई 114.5 मीटर, चौड़ाई 16.5 मीटर है और इसका विस्थापन 4170 टन होगा। इन पोतों में अत्याधुनिक प्रतिक्रिया उपकरण लगे हैं, इसलिए यह पोत हमारे ईईजेड में किसी भी तेल रिसाव की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने में तटरक्षक बल की मदद करेगा। इस परियोजना ने गोवा में समुद्री उत्पादन गतिविधियों में लगे स्थानीय उद्योग और एमएसएमई के लिए पर्याप्त रोजगार सृजन किया है।

### यह जहाज निर्माण क्षमता का प्रतीक

महानिदेशक शिवमणि ने समुद्र प्रचेत का शुभारंभ हमारे देश की जहाज निर्माण क्षमता का एक अनुकरणीय प्रमाण है। इन प्रदूषण नियंत्रण पोतों का डिजाइन और निर्माण स्वदेशी रूप से किया जा रहा है। स्वदेशी रूप से पूरा करने के लिए जीएसएल के प्रयासों की सराहना की। दूसरे प्रदूषण नियंत्रण पोत की लांचिंग के साथ जीएसएल और भारतीय तटरक्षक बल आत्मनिर्भरता के पथ पर निरंतर आगे बढ़कर 'आत्मनिर्भर भारत' को साकार कर रहा है।

भारतीय पासपोर्ट रैंकिंग में बड़ा सुधार

# 8 पायदान की लगाई छलांग, 59 देशों में वीजा मुक्त यात्रा संभव

» वीजा मुक्त गंतव्यों में 2 स्थान जुड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने जनवरी 2025 के बाद से अपनी पासपोर्ट रैंकिंग में बड़ा सुधार दर्ज किया है, और 85वें से 77वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत की पासपोर्ट रैंकिंग 8 स्थान ऊपर चढ़ गई है। भारत को 59 देशों के लिए वीजा पहुंच प्राप्त हो गया है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की रैंकिंग में इसकी पुष्टि हुई है। सिंगापुर ने हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, उसे दुनिया भर के 227 गंतव्यों में से 193 तक वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान की गई है। जुलाई 2025 में प्रकाशित यह रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के विशिष्ट आंकड़ों पर आधारित है और यह उन गंतव्यों की संख्या दर्शाती है जहां पासपोर्ट बिना पूर्व वीजा के प्रवेश की अनुमति देता है। एशियाई पड़ोसी देश जापान और दक्षिण कोरिया संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जहां प्रत्येक को 190 गंतव्यों तक वीजा-मुक्त पहुंच प्राप्त है।

**हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की रैंकिंग में पुष्टि हुई**



### ईयू के 7 देश संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर

*यूरोपीय संघ (ईयू) के सात देश- डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली और स्पेन- संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं, और प्रत्येक देश के पासपोर्ट पर 189 देशों में बिना वीजा के यात्रा की जा सकती है। चौथे स्थान पर ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल और स्वीडन हैं। इन देशों के पासपोर्ट पर 188 देशों की यात्रा की जा सकती है। न्यूजीलैंड, ग्रीस और स्विजरलैंड भी शीर्ष पांच देशों में शामिल है, और इनका पासपोर्ट पर 187 देशों के लिए वीजा मुक्त पहुंच प्रदान करता है।*

### ब्रिटेन और यूएस की रैंकिंग गिरी

*नई पासपोर्ट रैंकिंग में सऊदी अरब चार स्थान ऊपर चढ़कर 54वें स्थान पर पहुंच गया है। उसके वीजा मुक्त गंतव्यों में चार स्थानों का सुधार हुआ है। ब्रिटेन और अमेरिका की रैंकिंग नीचे गिरी है। यूनाइटेड किंगडम 6वें स्थान पर गिर गया है, जो 186 देशों को वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका अब 182 गंतव्यों तक पहुंच के साथ 10वें स्थान पर है। पिछले एक दशक में दोनों देशों की रैंकिंग में लगातार गिरावट आई है।*

## खबर संक्षेप

### दोहा जा रहा विमान वापस केरल लौटा

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड से कतर की राजधानी दोहा जा रहे एअर इंडिया के विमान में उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी आ गई। पायलट ने एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रण) को विमान में खराबी की जानकारी दी। इसके बाद विमान को वापस केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया गया। बोइंग बी738 मॉडल विमान को दो घंटे बाद 11:12 बजे हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंड कराया गया। विमान में चालक दल सहित 188 लोग सवार थे। विमान के केबिन एसी में कुछ तकनीकी समस्या थी। यह आपातकालीन लैंडिंग नहीं थी।



### यूएनजीसीएनआई की अध्यक्ष बनीं वैशाली

**नई दिल्ली।** रिन्यू की सह-संस्थापक वैशाली निगम सिन्हा को संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया का अध्यक्ष चुना गया है। वह इस पद पर पहुंचने वाली निजी क्षेत्र की पहली विशेषज्ञ बन गई हैं। ग्लोबल कॉम्पैक्ट के भारतीय नेटवर्क ने 2025-27 कार्यकाल के लिए अपनी नई गवर्निंग काउंसिल के गठन की घोषणा की है। नव-निर्वाचित 12 सदस्यीय परिषद में कॉरपोरेट सेक्टर, गैर-लाभकारी संगठनों, परामर्श संस्थानों और देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है।



पीएम मोदी ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा पर लंदन पहुंचे

*पीएम मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में होंगे मुख्य अतिथि*

# ब्रिटिश पीएम संग एफटीए को देंगे अंतिम रूप, द्विपक्षीय बैठकें करेंगे

*पीएम मोदी ने कहा कि वह पीएम स्टारमर के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे, जिनमें भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को गति देने और आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी, ताकि दोनों देशों में समृद्धि, विकास और रोजगार सृजन को प्रोत्साहन मिले*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को ब्रिटेन और मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए। उन्होंने इस यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और ठोस परिणाम हासिल करने की उम्मीद जताई, जो भारत की वैश्विक और क्षेत्रीय साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

हमारा सहयोग व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा, शिक्षा, स्थिरता, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संबंधों तक फैला हुआ है। ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर के निमंत्रण पर हो रही यह पीएम मोदी की ब्रिटेन की चौथी यात्रा है। वे ब्रिटेन में बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप दिए जाने के साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों खालिस्तानी चरमपंथियों की मौजूदगी पर भी चर्चा करेंगे। इसके अलावा में ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर और किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी गुरुवार तक लंदन में रहेंगे।

**व्यापार निवेश प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा**

◆ मालदीव यात्रा भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति के तहत हो रही



### समुद्री सुरक्षा बढ़ाएंगे

पीएम मोदी ने कहा कि मैं राष्ट्रपति मुइज्जू और मालदीव के अन्य नेताओं के साथ बैठकों के लिए उत्सुक हूँ, ताकि अक्टूबर 2024 में अपनाए गए 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया जा सके। यह यात्रा भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और 'विज़न महासागर' के तहत हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए सहयोग को मजबूत करेगी।

### दूसरे चरण में मालदीव जाएंगे पीएम मोदी

यात्रा के दूसरे चरण में, पीएम मोदी मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर 25-26 जुलाई को मालदीव की राजकीय यात्रा करेंगे। यह उनकी तीसरी मालदीव यात्रा है और राष्ट्रपति मुइज्जू के कार्यकाल में किसी राष्ट्राध्यक्ष की पहली यात्रा है। विशेष रूप से, पीएम मोदी 26 जुलाई को मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस वर्ष भारत और मालदीव के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ भी है।

### किंग चार्ल्स तृतीय से करेंगे मुलाकात

पीएम मोदी ने कहा कि वह पीएम स्टारमर के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे, जिनमें भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को गति देने और आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी, दोनों देशों में समृद्धि, विकास और रोजगार सृजन को प्रोत्साहन मिले। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि वह इस दौरान किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के लिए उत्सुक हैं।

### भारत की क्षेत्रीय नीति मजबूत होगी

विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों देशों के साथ चर्चा में बुनियादी ढांचे, रक्षा, आर्थिक संपर्क और समुद्री सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल होंगे। पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि यह यात्रा ठोस परिणाम लाएगी, जो दोनों देशों के लोगों को लाभ पहुंचाएगी और भारत की क्षेत्रीय नीतियों को मजबूती देगी। यह उच्च-स्तरीय यात्रा भारत की वैश्विक पहुंच को और मजबूत करने के साथ-साथ हिंद महासागर क्षेत्र और उससे परे रणनीतिक हितों को रेखांकित करती है।

**5 साल बाद भारत ने फिर खोले दरवाजे**

# आज से चीनी नागरिकों को मिलेगा टूरिस्ट वीजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पांच साल के लंबे अंतराल के बाद भारत ने चीनी नागरिकों को पर्यटक वीजा देना दोबारा शुरू कर दिया है। यह कदम दोनों देशों के बीच रिश्तों को सामान्य करने की दिशा में एक बड़ा संकेत माना जा रहा है। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि चीनी नागरिक गुरुवार से पर्यटक वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि यह एक सकारात्मक कदम है। सीमा पार यात्रा को सुगम बनाना सभी पक्षों के हितों में है। चीन दोनों देशों के लोगों के बीच आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत के साथ संचार और समन्वय बनाए रखने के लिए तैयार है।



### राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले थे जयशंकर

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 14-15 जुलाई को बीजिंग में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उपराष्ट्रपति हान झेंग से भी मुलाकात की थी। वे वहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से विस्तार से बातचीत की थी। इन मुलाकातों के दौरान भारत की ओर से द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य करने पर जोर दिया।

अहमदाबाद विमान हादसा मामला

# भारत ने कहा- पेशेवर तरीके से सौंपे गए शव, गरिमा का रखा पूरा ध्यान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने ब्रिटिश मीडिया की उस खबर को बुधवार को खारिज किया जिसमें दावा किया गया है कि ब्रिटेन में शोक संतप्त दो परिवारों को अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले उनके प्रियजनों के गलत शव मिले थे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सभी शवों को बहुत ही पेशेवर तरीके से उनके परिजनों को सौंपा गया था और उनकी गरिमा का पूरा ध्यान रखा गया था। लंदन जाने वाला एअर इंडिया का एक विमान 12 जून को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड के भीतर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिससे विमान में सवार 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में से 241 की मौत हो गई थी। इस हादसे में जमीन पर मौजूद 19 अन्य लोग भी मारे गये थे। मारे गये लोगों में 53 ब्रिटिश नागरिक शामिल थे।



रणधीर जायसवाल ने कहा कि सभी शवों को बहुत ही पेशेवर तरीके से उनके परिजनों को सौंपा गया और उनकी गरिमा का पूरा ध्यान रखा गया। हम इस मुद्दे से जुड़ी किसी भी चिंता का समाधान करने के लिए ब्रिटिश अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। ब्रिटिश मीडिया ने दो परिवारों के हवाले से अपनी खबर में दावा किया कि दुर्घटना में मारे गए ब्रिटिश नागरिकों के शव सौंपने में भयानक रूप से गड़बड़ी की गई।

*द्विपक्षीय नौसैनिक संबंधों पर हुई चर्चा*

# नौसेना के चार जहाजों ने पूरी की सिंगापुर यात्रा, सहयोग बढ़ाएंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्व एशिया में तैनाती के दौरान पूर्वी बेड़े के जहाजों दिल्ली, शक्ति, सतपुड़ा और किल्टन ने सिंगापुर बंदरगाह पर अपनी यात्रा पूरी कर ली है। पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल सुशील मेनन के नेतृत्व ने इन जहाजों की 16 से 19 जुलाई तक परिचालन तैनाती की गई थी। यात्रा के दौरान सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त और सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के फ्लीट कमांडर से मुलाकात हिंद-प्रशांत क्षेत्र में द्विपक्षीय नौसैनिक संबंधों और समुद्री सहयोग को बढ़ाने के अवसरों और संभावनाओं पर चर्चा की गई।

मेनन ने समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय विकास पर चर्चा की। पूर्वी बेड़े के जहाजों के कमांडिंग अधिकारियों ने क्रांजी युद्ध स्मारक पर भव्य पुष्पांजलि समारोह में भाग लिया और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नौसेनाओं के बीच व्यावसायिक बातचीत हुई।

गुजरात से दो दिल्ली और नोएडा से एक-एक अरेस्ट

गुजरात एटीएस की बड़ी कार्रवाई

# अल-कायदा के मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, 4 आतंकी किए गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ता यानी एटीएस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अल-कायदा के मॉड्यूल एक्यूआईएस (अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट) का भंडाफोड़ किया है। एटीएस ने इस कार्रवाई में चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां गुजरात से दो, दिल्ली और नोएडा से एक-एक की गई हैं। गिरफ्तार किए गए ये चारों आतंकी 20 से 25 साल की उम्र के हैं।



### बड़े हमला का था लक्ष्य

एटीएस ने कहा कि इन आतंकियों को भारत में बड़े टारगेट और बड़ी लोकेशन पर हमला करने की जिम्मेदारी मिलने वाली थी। ये चारों आतंकी सोशल मीडिया एप्स के जरिए एक-दूसरे से कनेक्टेड थे।

### बस स्टैंड पर विस्फोटक जब्त

कर्नाटक के बेंगलुरु के कलासीपाल्यम बस स्टैंड पर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए हैं। वेस्ट बेंगलुरु के डीसीपी एस गिरीश ने बताया कि बस स्टैंड के टॉयलेट के बाहर एक प्लास्टिक बैग में छह जिलेटिन की छड़ें और कुछ डेटोनेटर मिले।

यूएनएससी में भारत की दो टूक

# आतंकवाद व अंतरराष्ट्रीय शांति के मुद्दे पर पाकिस्तान का दोहरा चरित्र निंदनीय

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। उन्होंने पाकिस्तान को दो टूक जवाब दिया और कहा कि देश की संप्रभुता पर सवाल उठाने के किसी भी प्रयास को भारत कभी स्वीकार नहीं करेगा। कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीय करण और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) का जिक्र करने के पाकिस्तान के दुस्साहस का कड़ा विरोध भी पी. हरीश ने किया।

### दूसरे देशों को उपदेश न दे पाकिस्तान



पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए पी. हरीश ने कहा कि परिषद का कोई सदस्य अगर दूसरों को उपदेश दे, लेकिन खुद ऐसे काम करे जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए अस्वीकार्य हों तो उसे उचित नहीं कहा जा सकता। भारत हमेशा की तरह बहुपक्षवाद और शांतिपूर्ण तरीकों से विवादों के समाधान के जरिए अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### समाधान के लिए आपसी सहमति जरूरी

पी हरीश ने कहा कि किसी भी विवाद को सबसे पहले उसी में शामिल पक्षों को आपसी बातचीत और अपने चुने हुए शांतिपूर्ण तरीकों से सुलझाना चाहिए। किसी भी संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान तभी संभव है, जब उसमें शामिल देशों की सहमति और उनका सक्रिय योगदान हो। अगर कोई देश अच्छे पड़ोसी संबंधों और अंतरराष्ट्रीय नियमों की भावना का उल्लंघन करता है, तो उसे इसकी गंभीर कीमत चुकानी चाहिए।

भारत ने अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाने का किया आह्वान

आयरिश राष्ट्रीय पुलिस ने घटना की जांच शुरू की

# आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया में भारतीय पर नस्लभेदी हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयरलैंड की राजधानी डबलिन में और ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड शहर में भारतीयों के साथ नस्लभेदी हमला और मारपीट की गई है। आयरलैंड की राजधानी डबलिन में शनिवार शाम (19 जुलाई) को टैलाट इलाके की पार्कहिल रोड पर 40 वर्षीय भारतीय व्यक्ति पर नस्लभेदी हमला किया गया है। उन्होंने पीड़ित को बुरी तरह पीटा, उसके कपड़े उतारे और घायल अवस्था में सड़क पर छोड़ दिया। उसके चेहरे, हाथों और पैरों में गहरी चोटें आई हैं।




### भारतीय राजदूत ने की निंदा

*आयरलैंड में भारत के राजदूत अखिलेश मिश्रा ने इस घटना पर सवाल उठाये हैं और इसकी निंदा की है। एक हमले से इतनी भयानक चोट और ब्लीडिंग कैसे हो सकती है? उन्होंने पीड़ित के प्रति सहानुभूति और समर्थन के लिए आयरिश जनता और गार्डाई का धन्यवाद किया। साथ ही अपराधी को न्याय के कठघरे में लाने की अपील की है। टैलाट साउथ के फाइन गेल पार्षद बेबी पेरेप्पाडन ने पीड़ित से मुलाकात की और कहा कि वह 'सदमे' में है।*

**विदेशी नागरिकों को फंसा रहे**

*वहीं आयरलैंड के न्याय मंत्री जिम ओ'कैलाघन ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश में एक नकारात्मक प्रवृत्ति उभर रही है, जिसमें विदेशी नागरिकों को झूठे आरोपों में फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराधों को लेकर प्रवासियों पर लगाए जा रहे आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं हैं।*

### ऑस्ट्रेलिया में पार्किंग विवाद पर हमला

*ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड शहर में कथित नस्लीय हमले में घायल हुए भारतीय छात्र चरणप्रीत सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 23 वर्षीय सिंह पर शनिवार को किंटोर एवेन्यू स्थित एक पार्किंग स्थल में पार्किंग विवाद को लेकर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ लोग उनके वाहन के पास आए और नस्लीय गालियां दीं तथा उनके साथ मारपीट की जिससे वह बेहोश हो गये। चरणप्रीत सिंह ने बताया कि मेरे सिर में चोट लगी है, मेरी बाईं आंख के आसपास चोट है और जबड़े में भी सूजन है। मेरे सिर की सूजन अब भी कम नहीं हुई है। घटना के बाद एनफील्ड निवासी 20 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया और उस पर हमला कर नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने फरार अन्य हमलावरों के बारे में जानकारी देने की जनता से अपील की है।*

# रसेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा, कॅरियर के आखिरी मैच में खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| जमैका

वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल क्रिकेट से रिटायर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी20 उनके करियर का आखिरी मैच रहा, जिसमें उन्होंने ताबड़तोड़ अंदाज में बैटिंग की और गेंदबाजी भी की। रसेल ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज का दूसरा टी20 मैच उनके करियर का आखिरी मुकाबला होगा।

रसेल ने दूसरे टी20 में 240 के तूफानी स्ट्राइक रेट से 36 रनों की कैमियो पारी खेली, लेकिन रसेल अपने आखिरी मैच में वेस्टइंडीज की जीत नहीं देख पाए। आंद्रे रसेल इस मैच में तब बैटिंग करने आए जब वेस्टइंडीज का स्कोर 98/5 हो चुका था। उन्होंने आते ही तूफानी अंदाज में शॉट्स लगाने शुरू किए और अपनी 36 रनों की ताबड़तोड़ पारी में उन्होंने 2 चौके और चार छक्के लगाए। उनकी इस तूफानी पारी ने वेस्टइंडीज को 170 का स्कोर पार करने में मदद की।

## रसेल ने टी20 में 240 के स्ट्राइक रेट से बनाए 36 रन

### रसेल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

आंद्रे रसेल ने अपनी रिटायरमेंट स्पीच में कहा, मैं सबीना पार्क में मौजूद लोग और वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड से मिले अवसरों का धन्यवाद करना चाहता हूं। मैं अपने घरेलू फैंस के सामने संन्यास लेकर बहुत खुश हूं, लेकिन मैच का परिणाम हमारी तरफ नहीं गया। मैं खुश हूं कि अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए इतने सारे मैच खेल पाया, सपोर्ट के लिए सभी का धन्यवाद।"



### अब आगे बढ़ने का समय

रसेल ने कहा, "मुझे याद है कि हमने दो विश्व कप जीते, लेकिन लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया था। हमारी टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं। रोमारियो शेफर्ड, शेरफेन रदरफोर्ड, अल्जारी जोसेफ और जेसन होल्डर जैसे खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सबीना पार्क में अपना करियर खत्म करना अद्भुत है। नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा, लेकिन यही क्रिकेट का खेल है। आपने हमारा बहुत समर्थन किया है और आगे भी करते रहिएगा।"वेस्टइंडीज का यह ऑलराउंडर जब आखिरी बार मैरून रंग की जर्सी में मैदान पर उतरा, तो उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

### मैच नहीं जीत पाया वेस्टइंडीज

वेस्टइंडीज की टीम एक जीत के साथ आंद्रे रसेल को विदा नहीं कर पाई। इस मैच में कैरेबियाई टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 172 रन बनाए थे। रसेल की 36 रनों की तूफानी पारी के अलावा ब्रेंडन किंग ने 51 रनों की पारी खेली थी। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 28 गेंद शेष रहते 8 विकेट की आसान जीत अपने नाम की। सलामी बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल मार्श कुछ खास कमाल नहीं कर पाए, लेकिन जोश इंग्लिश 78 रन और कैमरन ग्रीन 56 रन बनाकर नाबाद लौटे।

### ऐसा रहा आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल कॅरियर

आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल करियर देखा जाए तो उसमें उन्होंने वेस्टइंडीज टीम के लिए तीनों फॉर्मेट मिलाकर कुल 143 मुकाबले खेले, जिसमें वह 23.97 के औसत से 2158 रन बनाने में कामयाब रहे। रसेल अपने इंटरनेशनल करियर में एक भी शतकीय पारी खेलने में कामयाब नहीं हो सके, जिसमें उनके बल्ले से 7 अर्धशतकीय पारी देखने को मिली और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 92 रन था। वहीं रसेल का गेंदबाजी में रिकॉर्ड देखा जाए तो वह 32.21 के औसत से 132 विकेट लेने में कामयाब रहे। रसेल ने कुल 9 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड के अलावा एक बार प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी जीता है। इसके अलावा 2 बार आंद्रे रसेल वेस्टइंडीज टी20 वर्ल्ड कप विजेता टीम का भी हिस्सा रहे हैं, जिसमें उन्होंने विंडीज टीम को ट्रॉफी जितवाने में अहम भूमिका अदा की।


## खबर संक्षेप



### भारतीय महिला क्रिकेट ने रचा इतिहास, वनडे सीरीज पर किया कब्जा

**चेस्टर ली स्ट्रीट।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड दौरे पर इतिहास रच दिया है। इस दौरान उन्होंने पहले 5 मैचों की टी20 सीरीज को 3-2 से जीता तो वहीं अब तीन मैचों की वनडे सीरीज को भी 2-1 से जीतने में कामयाब रही। इस वनडे सीरीज का आखिरी मैच 22 जुला को चेस्टर ली स्ट्रीट के मैदान पर खेला गया, जिसमें टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर की बेहतरीन शतकीय पारी के दम पर 50 ओवर्स में 5 विकेट के नुकसान पर 318 रनों का स्कोर बनाया था। जबकि टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 305 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम पहली बार इंग्लैंड को उसके घर में वनडे सीरीज में मात देने में कामयाब हुई है। इंग्लैंड महिला टीम के लिए तीसरे वनडे में टीम इंडिया की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरी। क्रांति ने इस मैच में अपने 9.5 ओवर्स में 52 रन देने के साथ 6 विकेट हासिल किए।

### महिला पेशेवर गोल्फ टूर नेहा ने बनाई बढ़त



**कोलार** (कर्नाटक)। नेहा त्रिपाठी ने पहले दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से बुधवार को महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 10वें चरण में एक शॉट की बढ़त बना ली। पिछले हफ्ते नौवें चरण में उप विजेता रही नेहा ने पांच बर्डी की लेकिन वह दो बोगी भी कर गईं, जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। नेहा ने दुर्गा निट्टूर (70) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है। नेहा और दुर्गा के अलावा सिर्फ रिद्धिमा दिलावरी ही पार या इससे बेहतर का स्कोर बना सकीं। वह अंतिम चार होल में दो बर्डी की मदद से पार 72 का स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर हैं।

### डीसी ओपन : एम्मा ने मार्टा को हराया, किया अगले दौर में प्रवेश



**वाशिंगटन।** एम्मा रादुकानू ने सातवीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक को 7-6 (4), 6-4 से हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। कोस्त्युक को इस तरह से लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। उनकी हार का सिलसिला दो महीने से भी अधिक समय से चल रहा है। यह लगातार पांचवा टूर्नामेंट है, जिसमें वह पहले दौर में बाहर हो गईं। उन्होंने 11 मई के बाद से कोई मैच नहीं जीता है। अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन और वर्तमान में विश्व में 46वीं रैंकिंग की खिलाड़ी रादुकानू का अगला मुकाबला चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा।

## बतौर ओपनर 1974 में सुनील गावस्कर ने मारी थी फिफ्टी

# मैनचेस्टर में 51 साल बाद किसी भारतीय ओपनर का अर्धशतक, ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने यशस्वी

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने लॉर्ड्स टेस्ट मैच में खराब प्रदर्शन के बाद मैनचेस्टर में अच्छी वापसी की और पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया। यशस्वी जायसवाल पहली पारी में काफी संभलकर खेलते नजर आए और किसी भी तरह की जल्दबाजी उन्होंने नहीं दिखाई और आखिरकार अपना अर्धशतक पूरा किया।

### यशस्वी ने कर दिया कमाल

यशस्वी ने पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 96 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और खबर लिखे जाने तक वो मैदान पर मौजूद थे। यशस्वी ने अपनी 50 रन की पारी के दौरान एक शानदार छक्का और 9 चौके भी जड़े। इस अर्धशतकीय पारी के साथ ही वो मैनचेस्टर में 1974 के बाद इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाने वाले पहले भारतीय ओपनर बल्लेबाज बने।<

यशस्वी जायसवाल से पहले इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में 1974 में बतौर भारतीय ओपनर अर्धशतक लगाने का कमाल सुनील गावस्कर ने किया था। अब 51 साल के बाद किसी भारतीय बल्लेबाज ने इस मैदान पर बतौर ओपनर अर्धशतक लगाने का कमाल कर दिया। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीता था और फिर गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम की तरफ से पारी की शुरुआत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने की। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 94 रन की अच्छी साझेदारी हुई। केएल राहुल पहली पारी में 46 रन के स्कोर पर आउट हो गए और अपने अर्धशतक से चूक गए। राहुल ने अपना विकेट क्रिस वोक्स की गेंद पर गंवाया।



### राहुल ने छुआ नया मुकाम

भारत के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने इस मैच में 11 रन बनाकर एक खास उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने इंग्लैंड में 1000 टेस्ट रन पूरे कर लिए हैं और ऐसा करने वाले वह पांचवें भारतीय खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर-विराट कोहली जैसे दिग्गजों की लिस्ट में अपना नाम शामिल कर लिया है।

### सचिन के नाम है सबसे ज्यादा रन

इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की बात करें तो वहां सचिन तेंदुलकर का नाम टॉप पर है। तेंदुलकर ने अपने करियर में इंग्लैंड में 17 मैचों में 54.31 के औसत से 1575 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर राहुल द्रविड़ का नाम है। द्रविड़ ने इंग्लैंड में 13 मैचों में 68.80 के औसत से 1376 रन बनाए थे। तीसरे नंबर पर पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का नाम है। इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट में उनके बल्ले से 16 मैचों में 1152 रन आए थे। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली का नाम इस लिस्ट में चौथे नंबर पर है। उन्होंने इंग्लैंड में 17 मैचों में 33.21 के औसत से 1096 रन बनाए थे। वहीं मैनचेस्टर में खेले जा रहे टेस्ट मैच में 11 रन बनाकर अब केएल राहुल ने भी इंग्लैंड में 1000 रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने इंग्लैंड में अब तक 13 मैचों में 1008 रन बनाए हैं।

### इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय

| | |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | : 1575 रन |
| राहुल द्रविड़ | : 1376 रन |
| सुनील गावस्कर | : 1152 रन |
| विराट कोहली | : 1096 रन |
| केएल राहुल | : 1008* रन |

## चाइना ओपन

# सिंधू ने 62 मिनट चले कड़े मुकाबले में जापान की मियाजाकी को हराया

- सिंधू ने मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में किया प्रवेश
- सात्विक-चिराग की जोड़ी की दमदार शुरुआत, जापान को हराया



एजेंसी ▶▶| चांग्झू

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू ने बुधवार को जापान की छठी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में प्रवेश किया।

सिंधू ने शानदार शुरुआत की और लगातार सात अंक लेकर पहले गेम में 13-5 की बढ़त बना ली और फिर आसानी से यह गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में मियाजाकी ने शानदार वापसी की और लगातार नौ अंक लेकर 12-8 की बढ़त बना ली। जापान की खिलाड़ी ने यह गेम जीत कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। सिंधू ने तीसरे और निर्णायक गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार बढ़त बनाए रखकर 62 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू का सामना दूसरी बार मियाजाकी से हो रहा था। पिछले साल स्विस ओपन में वह जापानी खिलाड़ी से हार गई थीं।

### सात्विक और चिराग की जोड़ी का शानदार प्रदर्शन

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व की 15वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को केवल 31 मिनट में 21-13, 21-9 से हराकर दमदार शुरुआत की। रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की महिला युगल जोड़ी हालांकि हांगकांग की नगा टिंग येउंग येउंग और पुई लाम येउंग से 31 मिनट में 12-21, 13-21 से हार गईं।

## महिला यूरो टूर्नामेंट

# इंग्लैंड ने इटली को हराकर फाइनल में किया प्रवेश



एजेंसी ▶▶| जिनेवा

गत विजेता इंग्लैंड ने हार की कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करते हुए इटली को 2-1 से पराजित करके महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के फाइनल में प्रवेश किया।

जब इटली की जीत सुनिश्चित लग रही थी तब मैच का पासा एकदम से पलट गया और इंग्लैंड फाइनल में पहुंचने में सफल रहा, जहां उसका सामना जर्मनी और स्पेन के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। इटली ने बारबरा बोनसी के 33वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त हासिल की, जिसे उसने निर्धारित समय के खेल के अंतिम क्षणों तक बरकरार रखा था। इटली जब जीत का जश्न मनाने की तैयारी कर रहा था तब दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के छठे मिनट में मिशेल अग्येमंग ने गोल करके इंग्लैंड को बराबरी दिला दी। इससे मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया। इसके बाद जब लग रहा था कि मैच का फैसला पेनाल्टी शूट आउट में होगा तब इंग्लैंड ने 119वें मिनट में क्लो केली के गोल से जीत हासिल कर ली। इटली के खिलाड़ी इस हार के बाद अपनी भावनाओं को काबू में नहीं रख सकी और उनके आंसू निकल आए।

### आईओए को मिलेगा नया सीईओ, अय्यर की हो सकती है नियुक्ति

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के भीतर लंबे समय से चल रहा विवाद अब खत्म होने की ओर बढ़ता दिख रहा है क्योंकि कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों के रघुराम अय्यर की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्ति को मंजूरी देने की उम्मीद है। विरोध कर रहे कार्यकारी परिषद के इन सदस्यों ने जनवरी 2024 में आईओए अध्यक्ष पीटी उषा की ओर से की गई अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था, जिसका मुख्य कारण सीईओ के लिए 20 लाख रुपए प्रति माह का वेतन और अन्य भत्ते थे। कार्यकारी परिषद की सितंबर 2024 में हुई बैठक में भी इसका हल नहीं निकला, जिसमें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एक अधिकारी ने वर्चुअल रूप से भाग लिया था। पता चला है कि खेल मंत्रालय के आग्रह पर सुलह होने वाली है।

## एआईयू ने संयुक्त सचिव सेखों को किया सस्पेंड जांच के लिए बनाई पैनल

**नई दिल्ली।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने अपने संयुक्त सचिव बलजीत सिंह सेखों को निलंबित कर दिया है और जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के लिए चुने गए खिलाड़ियों के प्रतियोगिता में भाग लेने से चूकने के कुप्रबंधन की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच पैनल का गठन किया है। जांच समिति की अध्यक्षता बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति अनिल कुमार कलकल करेंगे। इससे पहले, खेल मंत्रालय ने भी इस घटनाक्रम पर संज्ञान लिया था।



### छह खिलाड़ियों को भाग लेने से रोका

भारतीय बैडमिंटन टीम ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था लेकिन उस समय विवाद पैदा हो गया जब यह बात सामने आई कि 16 जुलाई को टीम मैनेजरों की बैठक के दौरान भारतीय अधिकारियों ने सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत न कर पाने के कारण चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को भाग लेने से रोक दिया गया था।

# यूएस किड्स वर्ल्ड टीन गोल्फ चैंपियनशिप महरीन और अर्शवंत करेंगे नेतृत्व

एजेंसी ▶▶| पाइनहर्स्ट

भारत के दो किशोर गोल्फ खिलाड़ी महरीन भाटिया और अर्शवंत श्रीवास्तव इस सप्ताह उत्तरी कैरोलिना के प्रतिष्ठित पाइनहर्स्ट में होने वाली 'यूएस किड्स वर्ल्ड टीन चैंपियनशिप' में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। इस साल टूर्नामेंट में भारत के छह खिलाड़ी हैं। लड़कों की 15-18 आयु वर्ग में दो और लड़कियों की 15-18 आयु वर्ग में चार गोल्फर हैं।

महरीन 2024 चरण में तीसरे स्थान और 2023 में उपविजेता रही थीं। पिछले साल उन्होंने 2024 शुभंकर शर्मा आमंत्रण टूर्नामेंट में जीत दर्ज थी और वह 2024 में टॉमी फ्लीटवुड इंटरनेशनल पाथवे सीरीज में दूसरे स्थान पर रहीं। पिछले साल जुलाई में उन्होंने अमेरिका में एफसीजी कॉलवे वर्ल्ड जूनियर्स भी जीता। वह फाल्डो सीरीज एशिया ग्रैंड फाइनल के शीर्ष-5 में रहीं। अर्शवंत को पिछले कुछ वर्षों में इस टूर्नामेंट का काफी अनुभव है। 2024 में उन्होंने एनसीआर कप जूनियर्स और ग्रीन्स टू ग्लोरी टूर्नामेंट में घरेलू सर्किट पर दो जीत हासिल की। वह यूएस किड्स इंडियन चैंपियनशिप में उपविजेता रहे थे। अर्शवंत के अलावा विहान जैन लड़कों के वर्ग में चुनौती पेश करेंगे जबकि लड़कियों के वर्ग में महरीन के अलावा आयशा गुप्ता, अनुष्का गुप्ता और असारा स्वाहने शामिल हैं।



## नवरातिलोवा के बाद एकल मैच जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला बनीं वीनस

# वीनस ने 45 की उम्र में रचा इतिहास, बनीं टेनिस की 'आयरन लेडी'

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने अपने करियर में 45 साल की उम्र में एक और बड़ी उपलब्धि को हासिल की है। अब वह प्रोफेशनल सिंगल्स मैच जीतने के मामले में दूसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई हैं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस ने 45 साल की उम्र में अपने कुछ चिर परिचित सर्व और ग्राउंडस्ट्रोक का शानदार नजारा पेश किया।

वीनस ने डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने से 22 वर्ष छोटी पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया। वीनस से अधिक उम्र में महिला एकल का मैच केवल मार्टिना नवरातिलोवा ने जीता है। नवरातिलोवा ने आखिरी बार 2004 में 47 वर्ष की उम्र में एकल मैच में जीत हासिल की थी।



### मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत

उन्होंने मैच के बाद कहा, 'जब मैं अभ्यास कर रही थी तो सोच रही थी कि हे भगवान, मुझे नहीं पता कि मैं अब भी अच्छी खिलाड़ी हूं या नहीं। फिर कुछ ऐसे मौके भी आते थे जब मुझे खुद पर भरोसा होता था। यहां तक कि पिछले सप्ताह भी मैं सोच रही थी कि मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। इसलिए यह पूरा दिमाग का खेल है।' वीनस एक साल से भी अधिक समय बाद किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही है। इससे पहले उन्होंने युगल मैच जीतकर शानदार वापसी की थी। अब उन्होंने दो वर्षों में पहली बार एकल मैच जीता है।

### मार्टिना नवरातिलोवा पहले नंबर पर काबिज

महिला टेनिस में सबसे अधिक उम्र में सिंगल्स मैच जीतने के मामले में मार्टिना नवरातिलोवा के नाम अभी रिकॉर्ड दर्ज है, जिसमें उन्होंने साल 2004 में 47 साल की उम्र में ये कारनामा किया था जब उन्होंने साल 2004 के विंबलडन में कैटालिना कास्टानो को मात दी थी। वीनस विलियम्स ने इस मुकाबले में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद दिए बयान में कहा कि यह पहला कदम है। पहला मैच हमेशा बेहद मुश्किल होता है। लंबे ब्रेक के बाद वापसी करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। इसे बयां करना मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा कि मैच में उतरते समय मुझे पता था कि मेरे पास जीतने की क्षमता है, लेकिन मुझे इसे साबित करने के लिए जीतकर दिखाना था। इसलिए अच्छा खेलना और जीतना सबसे बेहतरीन है।



## बेटियों के लिए बनाएं बेहतर दुनिया...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने मसान, गैंग्स ऑफ वासेपुर और फुकरे जैसी आइकॉनिक फिल्में की हैं। ऋचा हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखने के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह छोटी थीं तो उन्हें अपने ही घर में लिंग के आधार पर भेदभाव झेलना पड़ा था। ऋचा चड्ढा ने बताया कि कैसे उनकी नानी ने बचपन में उनसे ऐसी बातें कहीं जो तब उन्हें समझ में नहीं आई थीं। ऋचा चड्ढा ने बताया कि कैसे हम लड़कियों के लिए इस दुनिया को बेहतर बना सकते हैं और बुनियादी बदलाव करके समाज में बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। ऋचा चड्ढा ने एक बातचीत में बताया, मैं एक बच्ची थी जो अपने बेड पर कूद रही थी, मेरी नानी जो हमारे घर आई हुई थीं।



## सड़कों पर बेचता था पानी की बोतल

**मुंबई।** लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती... यह कहावत इस लड़के पर एकदम फिट बैठती है, जिसे 13 साल पहले तक कोई नहीं जानता था, और स्ट्रगल भरी एक आम जिंदगी जी रहा था। और आज यह साउथ फिल्म इंडस्ट्री के टॉप स्टार्स में शुमार है। इसने 16 करोड़ में एक ऐसी फिल्म बनाई, जिसने दुनियाभर में बजट से 25 गुना अधिक कमाई की, और रिकॉर्ड बना दिया था। कोई सोच भी नहीं सकता कि जो लड़का कभी गुजारे के लिए पानी की बोतलें बेचता था, वह आज देश के टॉप एक्टर्स में शुमार हो जाएगा। यहां बात हो रही है कांतारा के एक्टर, राइटर और डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी की।

















**अधिकृत डीलरः** भोपाल: साँईं हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स् क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, **एसोशिएट डीलरः** आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियाराली: भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, साजन नगर: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 9039593901, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342


हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930